www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 228 ■ जबलपुर सोमवार 09 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




# राज्य सरकार की पहचान...सच्चा वादा-पक्का काम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मिनी ओलंपिक मापदंड पर आधारित स्विमिंग पूल का किया शुभारंभ

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चा वादा-पक्का काम ही राज्य सरकार की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय भाई-बहनों के सर्वांगीण विकास में जुटी है। जनजातीय भाई-बहनों का राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शहडोल जिले के धनपुरी में नगर पालिका द्वारा 20 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का साफा तथा गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीता भवन निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इसके बन जाने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाइब्रेरी और कोचिंग जैसी शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल सिंचाई काम्पलेक्स निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत सोन नदी पर 4 माइक्रो सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। लगभग 2300 करोड़ रुपए की इस योजना से 50 हजार हैक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, जिससे 122 गांव को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैतपुर को नगर पंचायत बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल मेडिकल कॉलेज में सीट वृद्धि के संबंध में विभाग से प्रस्ताव प्राप्त होने पर सीट वृद्धि की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल जिले में 160 करोड रुपए लागत से 45 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा जैतपुर महाविद्यालय में कला और विज्ञान संकाय के भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन महाविद्यालय आरंभ करने की भी घोषणा की। उन्होंने 3 किलोमीटर लंबे मॉडल रोड निर्माण पर भी सहमति प्रदान की।




### मुख्यमंत्री की घोषणाएं

- शहडोल सिंचाई काम्प्लेक्स की घोषणा
- जैतपुर बनेगी नगर पंचायत
- शहडोल में बनेगा गीता भवन
- मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी सीटें
- नए महाविद्यालय की दी सौगात
- 3 किलोमीटर लंबा मॉडल रोड बनेगा

### आने वाला समय माता-बहनों का

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता बहनों के कल्याण के लिए पूरी सरकार समर्पित है इसीलिए लाड़ली बहना योजना सहित महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लखपति दीदी योजना, लखपति ड्रोन दीदी योजना, रजिस्ट्री में माता-बहनों को 2 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। लोकसभा-विधानसभा में भी बहनों को आरक्षण मिलने वाला है। आने वाला समय माता-बहनों का है, हमारी संस्कृति बहनों के आधार पर ही पुष्पित पल्लवित होती रही है।

### प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा- भारत वैश्विक मंच पर प्रमुख आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अमेरिका से हुए समझौते में किसानों के हितों को सबसे ऊपर रखा है। केंद्र हो या राज्य सरकार युवा, गरीब, किसान और महिलाओं का कल्याण सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि हो या उद्योग सभी क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 44 लाख हेक्टेयर हुआ है। युवाओं को भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

### विकास की बह रही गंगा: हिमाद्री

सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में देश-प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। इसी का परिणाम है कि धनपुरी को मिनी ओलंपिक के मापदंड पर आधारित स्विमिंग पूल की सौगात मिली है। नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा ने स्वागत भाषण दिया तथा नगर पालिका द्वारा निर्मित वॉटर पार्क और अन्य संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर नगरीय निकाय तथा पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे।

## ओमान में भारतीय लड़कियों की अदला-बदली

**कपूरथला।** ओमान में भारतीय लड़कियों की रिप्लेसमेंट का चलन बढ़ने लगा है। ऐसा एक सच सामने आया है, जहां पर एक युवती ने अपनी चचेरी बहन को ओमान बुलाया और खुद भारत आ गई। पीड़ित युवती के परिवार ने राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल से मुलाकात की और बेटी की घर वापसी की गुहार लगाई। बाद में संत सीचेवाल के प्रयासों से ओमान में फंसी 4 भारतीय लड़कियों की सुरक्षित भारत वापसी संभव हो सकी। इनमें 3 लड़कियां पंजाब और एक केरल की है। शनिवार को निर्मल कुटिया सुल्तानपुर लोधी में संत सीचेवाल से मिलने पहुंची कपूरथला की पीड़िता ने आपबीती सुनाई।

## पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा गया

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, बीएसएफ के जवान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास निगरानी कर रहे थे, तभी संदिग्ध हरकत नजर आई। इसके बाद जवानों ने मौके पर पहुंचकर घुसपैठिए को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह सीमा पार क्यों आया और उसका मकसद क्या था।




## मोदी बोले- तमिल भाषा ने भारत और मलेशिया के दिल को जोड़ा

कुआलालंपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और मलेशिया तमिल भाषा के प्रति साझा स्नेह से जुड़े हुए हैं। मोदी ने देश में शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में इस भाषा की मजबूत उपस्थिति को रेखांकित किया। मलेशिया में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में दूसरा सबसे बड़ा जनसंख्या समूह है। इनमें से अधिकांश तमिल मूल के हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, भारत और मलेशिया तमिल भाषा के प्रति साझा स्नेह से भी जुड़े हुए हैं। मलेशिया में शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में तमिल की मजबूत व जीवंत उपस्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आज का यह ऑडियो-विजुअल समझौता फिल्मों और संगीत, विशेषकर तमिल सिनेमा के माध्यम से हमारे दिलों को और भी करीब लाएगा। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम भारत में हममें से कई लोगों की तरह, एमजीआर (अभिनेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन) के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में आयोजित दोपहर के भोजन के दौरान तमिल अभिनेता की फिल्म नालाई नमाधे का एक गीत प्रस्तुत किया गया। एमजी रामचन्द्रन, एक लोकप्रिय भारतीय अभिनेता, निर्देशक और निर्माता थे। उन्होंने तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) पार्टी की स्थापना की और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। रामचन्द्रन का निधन 1987 में हुआ था।

## जल्द शुरू होगी नारियल संवर्धन योजना: शिवराज

**बेंगलूर (वार्ता)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नारियल के बागानों के विकास और दलहन की पैदावार को बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने रविवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नारियल कर्नाटक की विशेष पहचान है। लेकिन बीते समय में नारियल बागानों पर रोग और वायरस का असर बढ़ा है। कई पेड़ और बागान बहुत पुराने हो चुके हैं, जिससे उनकी पैदावार कम हो गई है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार नारियल संवर्धन योजना प्रारंभ करने जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पुराने और कम उपज देने वाले नारियल के पेड़ों की जगह बेहतर उपज देने वाले नए पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में दलहन पैदावार बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार पल्स मिशन के अंतर्गत 25 बीज गांव विकसित करने के लिए पूरा सहयोग देगी। यही नहीं दलहन पैदावार वाले क्षेत्रों में 35 दाल मिलें स्थापित करने के लिए प्रति दाल मिल 25 लाख रूपये की सब्सिडी दी जाएगी। दलहन मिशन के अंतर्गत कर्नाटक को 191 करोड़ रूपये जारी कर दिए गए हैं और जल्द ही 154 करोड़ रूपये की राशि भी जल्द भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा, हमारे लिए किसान राजनीति से ऊपर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम कर्नाटक के किसानों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने यहां एक इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 का भी अवलोकन किया और विभिन्न कृषि उत्पादों और श्रीअन्न पर केंद्रित प्रदर्शनी को देखा। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मंच किसानों को बाजार से जोड़ते हैं, नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करते हैं।



## खेत में क्रैश हुआ प्राइवेट ट्रेनी प्लेन

**वियजवाड़ा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे।

## सरकार की बड़ी योजनाओं पर खर्च में सुस्ती

नई दिल्ली।

सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में अपनी सबसे बड़ी परियोजनाओं में बजट की रकम का 40 फीसदी से थोड़ा ज्यादा खर्च किया है। उम्मीद है कि साल के आखिर तक ये खर्च 75 प्रतिशत से कम होगा। जानकारी उन 53 चुनी हुई योजनाओं के बारे में हैं, जिनका 2025-26 में बजट अनुमान 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक था। राज्यों द्वारा लागू की जाने वाली इन योजनाओं को मंजूर शेयरिंग पैटर्न के अनुसार केंद्र और राज्य दोनों फंड देते हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर रखरखाव योजनाएं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेशन योजना तथा एससी और अन्य लोगों के लिए प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप ही ऐसी तीन योजनाएं थीं जिनमें संशोधित अनुमान बजट की रकम के बराबर था। तीन अन्य योजनाओं, जिनमें- मनरेगा, एसटी के लिए प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन के लिए बजट अनुमान 100 प्रतिशत से ज्यादा था। बाकी 47 योजनाओं के लिए, आरई अलग-अलग मात्रा में बीई से कम है। सबसे बड़ी गिरावट पीएम कृषि सिंचाई योजना में देखी गई, जहां 150 करोड़ रुपये की रिवाइज्ड स्टीमेट (आरई) 850 करोड़ रुपये के बजट स्टीमेट (बीई) का मुश्किल से छठा हिस्सा है। कुल मिलाकर, इन 53 योजनाओं के लिए बीई 5 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा ज़्यादा था, जिसे संशोधित करके 3.8 लाख करोड़ रुपये से कम, या बजटीय आवंटन का 74.4 प्रतिशत कर दिया गया। 31 दिसंबर को खत्म होने वाले नौ महीनों में जारी किया गया फंड कुल 2 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा ज्यादा था, जो बजट आवंटन का 41.2 प्रतिशत और आरई का 55.4 प्रतिशत था।


9 महीने में सिर्फ 41 प्रतिशत बजट का उपयोग

# सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी से उबाल

## कांग्रेस ने एनडीए सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

पटना।

पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ यादव की गिरफ्तारी के बाद प्रदेश की राजनीति में विरोध का दौर निरंतर जारी है। इसी कड़ी में बिहार कांग्रेस के नेता रविवार को सड़कों पर उतरे और सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला भी फूंका। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के बाहर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य की सरकार और उसकी प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य में बैठी संघी मानसिकता से पोषित सरकार के द्वारा बिहार की बेटियों के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को कांग्रेस कभी सहन नहीं करेगी। बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की हर लड़ाई का नेतृत्व कांग्रेस ने किया है और आगे भी करती रहेगी। नेताओं ने कहा कि पूर्णिया के सांसद जो लगातार नीट छात्रा के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य की सरकार पर हमलावर हैं, उनकी गिरफ्तारी निंदनीय है।

पप्पू यादव को सरकार ने नीट छात्रा कांड को दबाने के लिए गिरफ्तार किया है। कांग्रेस नेताओं ने एनडीए सरकार को निरंकुश बताते हुए कहा कि हम मांग करते हैं कि छात्रा और उसके परिवार को अविलंब न्याय मिले और ससम्मान उन्हें न्याय की लड़ाई लड़ने दिया जाए।



## नकली लिव-52 फैक्ट्री का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र में नकली दवाइयों के अवैध कारोबार का बड़ा मामला सामने आया है। स्वॉट टीम ग्रामीण जोन और मुरादनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लिव-52 नाम की दवा की भारी मात्रा में नकली टैबलेट बरामद की गई हैं। यह दवा लिवर से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल की जाती है, ऐसे में इस फर्जीवाड़े ने जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डाल दिया था। पुलिस ने इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से नकली लिव-52 टैबलेट बनाकर बाजार में सप्लाई कर रहे थे। बरामदगी और गिरफ्तारियों के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

## 114 राफेल विमानों की बड़ी डील पर अहम बैठक

### मैक्रों के भारत दौरे से पहले लग सकती है मुहर

नई दिल्ली।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 18 से 20 फरवरी के भारत दौरे से पहले रक्षा क्षेत्र में एक बड़ा फैसला लिया जा सकता है। वे इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट में हिस्सा लेने भारत आ रहे हैं। इसी बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक फरवरी के दूसरे हफ्ते में होने की संभावना है। इस बैठक में सबसे अहम प्रस्ताव 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़ा होगा। सूत्रों के मुताबिक, इस सौदे को आवश्यकता की मंजूरी दी जा सकती है। इस पूरी डील की अनुमानित लागत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस डील के तहत भारतीय वायुसेना को 88 सिंगल-सीटर और 26 ट्विन-सीटर राफेल विमान मिलेंगे। इस परियोजना में फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारतीय निजी कंपनियों के बीच साझेदारी होगी। यह प्रस्ताव पिछले महीने रक्षा खरीद बोर्ड से पहले ही मंजूरी पा चुका है। अब डीएसी से हरी झंडी मिलने के बाद तकनीकी और व्यावसायिक बातचीत शुरू होगी। वहीं माना जा रहा है कि मैक्रों के भारत दौरे के दौरान ही इस सौदे को अंतिम रूपदिया जा सकता है।

### क्यों जरूरी है यह डील?

इस समय भारतीय वायुसेना (आईएएफ)के पास सिर्फ करीब 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं, जबकि स्वीकृत संख्या 42 स्क्वाड्रन की है। दूसरी ओर पाकिस्तान और चीन से खतरे बढ़ रहे हैं, पाकिस्तान-बांग्लादेश और पाकिस्तान-चीन की रणनीतिक नजदीकियां भी चिंता का कारण हैं।

## सरकार किसी पर गोली चलाना नहीं चाहती, नक्सली हथियार डाल दें: शाह

**रायपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद को लेकर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसके साथ ही राज्य में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार की सुरक्षा-केंद्रित रणनीति, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर कड़ा प्रहार और प्रभावी आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 31 मार्च 2026 से पहले देश पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार किसी पर गोली चलाना नहीं चाहती, नक्सली हथियार डाल दें, रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करेंगे। गृहमंत्री ने कहा कि कभी नक्सली हिंसा का गढ़ रहा छत्तीसगढ़, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार के चलते विकास का पर्याय बन चुका है। गृह मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ के युवा अब खेल, फॉरेंसिक और तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ रहे हैं और अपनी संस्कृति व परंपराओं को भी सहेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद ने देश की कई पीढ़ियों को गरीबी और अशिक्षा के अंधकार में धकेला, लेकिन अब देश इस अभिशाप से मुक्ति के बेहद करीब है। मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि माओवाद के खिलाफ लड़ाई बिखरी हुई नहीं होनी चाहिए और केन्द्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।



# संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा: भागवत

### कहा- कोई भी हिंदू बन सकता है आरएसएस प्रमुख

मुंबई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि समान नागरिक संहिता सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। घुसपैठ के मुद्दे पर आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा। आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है। प्रचार बारिश की तरह होना चाहिए। सही समय पर और सीमित मात्रा में।




### अंग्रेजी कभी मुख्य भाषा नहीं बनेगी

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है। आरएसएस के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो। भागवत ने कहा कि संघ की कार्यप्रणाली में अंग्रेजी कभी मुख्य भाषा नहीं बनेगी, क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। जहां जरूरत होती है, वहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाता है। हमें अंग्रेजी सीखनी चाहिए, लेकिन मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए।

### संघ नहीं चलाता सरकार

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने साफ किया कि संघ सरकार नहीं चलाता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी अलग हैं। प्रोपेगेंडा खत्म, स्वयंसेवक कहीं भी हों पर संगठन का राजनीति से सीधा वास्ता नहीं है। संघ ने पहले से तय किया हुआ कि समाज के अलावा कोई और दूसरा काम नहीं करना है। संघ के पास केवल एक ही काम है वह समाज को एक करना है। मोहन भागवत ने कहा कि परिस्थितियों का विचार करने से फायदा नहीं है, बल्कि हमें उन परिस्थितियों में कैसे काम करना है, इसका विचार करना चाहिए।

# ब्यौहारी क्षेत्र को मिली विकास की सौगात

### गंधिया में मुख्यमंत्री ने माता शबरी की प्रतिमा का किया अनावरण, 767 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब माता शबरी के भक्ति के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाएंगे। विंध्य की पावन भूमि में चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने वनवास के 11 वर्ष से अधिक का समय बिताया। गंधिया ग्राम में भी भगवान के पावन चरण पड़े और उन्होंने माता शबरी को दर्शन दिए। हमारी सरकार सनातन परंपरा का सम्मान करती है। हम विरासत से विकास की राह प्रसस्त कर रहे हैं। एक हजार साल तक प्रतीक्षा के बाद सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण तब के राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और सरदार पटेल की पहल पर हुआ। आयोध्या, सोमनाथ और उज्जैन हमारी विरासत है। मुख्यमंत्री ने समारोह में 767 करोड़ रूपए की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्याश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शबरी माता की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान राम ने उन्हें दर्शन दिए और प्रेम के साथ जूठे बेर खाए। भगवान राम ने भीलनी शबरी माता को कौशल्या माता के समान आदर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने शहडोल, ब्यौहारी और जयसिंहनगर क्षेत्र को अनुपम प्राकृतिक सौदर्य का उपहार दिया है। यह क्षेत्र मॉ नर्मदा का घर है।










इस क्षेत्र की विकास के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। बुढ़ार, गोहपारू और जयसिंहनगर माईक्रो सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2300 करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं। इस सिंचाई परियोजना से क्षेत्र का किसान समृद्ध होगा। रीवा शहडोल मार्ग में जयसिंहनगर में बाईपास का निर्माण कराया जाएगा। ब्यौहारी और जयसिंहनगर के बीच औद्योगिक विकास केन्द्र का निर्माण किया जाएगा इससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बुड़वा स्वास्थ्य केन्द्र का 30 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनता की करतल ध्वनि के बीच गंधिया ग्राम और सीतामढ़ी को धार्मिक, आस्था तथा पर्यटन का केन्द्र बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा की संजय टाईगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ब्यौहारी की ओर नया गेट खोला जाएगा। परीक्षण के बाद आमडीह उप तहसील का तहसील में उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं लाडली बहना हितग्राहियो को हर महीने 1500 रूपए दिए जा रहे है। प्रधानमंत्री जी किसानों को किसान सम्मान निधि देकर सम्मानित कर रहे हैं। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार तेजी से प्रदेश के विकास के कार्य कर रहे हैं इसके लिए हम प्रधानमंत्री का अभिनन्दन करते हैं। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमारी सरकार ने केवल दो साल में ही 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा दी है। शहडोल को मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गई है। आदिवासी वीरों और शहीदों के सम्मान में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

हमारे आदिवासी वीरो ने अंग्रेजों से जमकर संघर्ष किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी मदिर में भगवान राम के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना की। समारोह स्थल में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का परंपरागत आदिवासी शैला नृत्य और करमा नृत्य से स्वागत किया गया तथा परंपरागत आदिवासी पगड़ी पहनाई गई। मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल पर लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा, उपाध्यक्ष फूलवती सिंह, जनपद अध्यक्ष जयसिंहनगर मालती सिंह, जनपद अध्यक्ष ब्यौहारी आकांक्षी सिंह, सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी सख्या में आम जन उपस्थित रहे।

#### सांसद ने रखी कई मांगें

समारोह में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि त्रेतायुग मे इस भूमि पर भगवान राम के पावन चरण पड़े थे। मुख्यमंत्री ने शबरी माता की मूर्ति का अनावरण करके तथा विकास की सौगातें देकर क्षेत्र को धन्य कर दिया है।

सांसद ने कटनी से ब्यौहारी होते हुए सिंगरौली तक फोरलेन सड़क निर्माण, औद्योगिक केन्द्र की स्थापना, सहित विभिन्न मांगे रखी। समारोह मे विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विकास की विभिन्न सोगातों के लिए धन्यवाद दिया। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए विधायक ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल ने कहा कि 70 साल की प्रतीक्षा के बाद यहां मुख्यमंत्री पधारे हैं। सिंचाई सुविधा मिलने ने खेती मे तेजी से विकास होगा विधायक ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई मांगे रखी।

#### मुख्यमंत्री ने की घोषणा

- ब्यौहारी में बनेगा 30 बिस्तरीय अस्पताल
- सीतामढ़ी धाम बनेगा धार्मिक पर्यटन का केंद्र
- ब्यौहारी क्षेत्र में औद्योगिक विकास केंद्र खोला जाएगा
- जयसिंहनगर में बनाया जाएगा बायपास
- आमाडीह उप तहसील को परीक्षण उपरांत मिलेगा तहसील का दर्जा
- शहडोल जिले को 139 विकास कार्यों की सौगात



## पानी टंकी में मिली अज्ञात महिला की लाश पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुरङ्कअमरकंटक नेशनल हाईवे किनारे स्थित जोगी टिकरिया गांव के सिद्ध टेकरी में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब निर्माणाधीन बाल हनुमान मंदिर की अस्थाई पानी टंकी में एक अज्ञात अधेड़ महिला का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया गया है। पुलिस मृतिका की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिद्ध टेकरी में जन सहयोग से बाल हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान पानी की व्यवस्था के लिए एक अस्थाई पानी टंकी बनाई गई थी। पिछले तीन-चार दिनों से निर्माण कार्य बंद था। रविवार सुबह करीब छह बजे मंदिर के पुजारी पवन दास त्यागी जब पानी लेने के लिए टंकी के पास पहुंचे, तो उन्होंने टंकी के भीतर महिला का शव देखा।

पुजारी पवन दास त्यागी ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने ओमकारनाथ के साथ शाहपुर थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

शाहपुर थाने के सब इंस्पेक्टर निरंजन सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर पंचनामा तैयार कर लिया गया है तथा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। फिलहाल मृतिका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। महिला की उम्र अधेड़ प्रतीत हो रही है।

आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है और पहचान के लिए प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## जांच रिपोर्ट ने खोली मनरेगा घोटाले की परतें पंचायत सचिव पर लटकी कार्रवाई की तलवार

### कलेक्टर ने जारी किया पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग की राशि के दुरुपयोग के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर कार्यालय, डिण्डौरी द्वारा पंचायत सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में तीन दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कंचनपुर के ग्रामीणों ने दिनांक 02 अगस्त 2025 को 9 बिंदुओं पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के लिए गठित समिति ने जब प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, तो पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

जांच में पाया गया कि ज्वाप नाला एवं स्टॉप डैम के निर्माण कार्य के दौरान संबंधित अभिलेख, माप पुस्तिका, भुगतान एमबी एवं आवश्यक ड्राइंग उपलब्ध नहीं कराई गई। डैम की गुणवत्ता भी निम्न स्तर की पाई गई और तकनीकी मानकों के विपरीत निर्माण किया गया। इसी प्रकार ग्राम कंचनपुर में निर्मित गेबियन संरचना तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, जिससे शासकीय धन के अपव्यय की स्थिति निर्मित हुई।

ग्राम डुंडीसई में निर्मित पुलिया निर्माण के संबंध में भी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। वहीं फर्जी हाजिरी के कारण मेट पद से पृथक किए गए व्यक्ति को पृथककरण के बाद भी मजदूरी भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है।

इसके अलावा जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निर्मित तालाब के मध्य श्मशान शेड पाया गया, जबकि स्थल चयन से संबंधित ग्राम पंचायत प्रस्ताव पर किसी के हस्ताक्षर दर्ज नहीं हैं। तालाब की स्वीकृत ड्राइंग उपलब्ध न होने और बंध-वाल से लगातार रिसाव के कारण जल संरक्षण पर भी सवाल खड़े हुए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम सभा का आयोजन लंबे समय से नियमित रूप से नहीं किया गया।

जांच प्रतिवेदन में निर्माण कार्यों को लापरवाहीपूर्वक एवं मनमाने तरीके से कराए जाने का उल्लेख किया गया है। अभिलेख प्रस्तुत न किया जाना संभावित भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। कलेक्टर कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने या उत्तर असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में संबंधित सचिव के विरुद्ध म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 एवं पंचायतराज अधिनियम 1993 के तहत एकतरफा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीराम-जानकी वाटिका करौंदी में युवाओं ने किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के युवाओं ने श्री राम जानकी वाटिका करौंदी में लगातार 187वें रविवार पौधारोपण किया। यह पौधारोपण महाअभियान बीते लगभग चार वर्षों से निरंतर बिना किसी व्यवधान के चल रहा है, जो अपने आप में एक मिसाल बन चुका है।

चार वर्षों से नहीं टूटा संकल्प समिति के युवाओं द्वारा शुरू किया गया यह अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाला परिवर्तन है। लगातार पौधारोपण, पौधों की देखरेख और संरक्षण के चलते आज क्षेत्र में हरियाली का विस्तार स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। पांच बगीचों का हुआ निर्माण युवाओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम यह है कि अब तक लगभग पाँच बगीचों का निर्माण किया जा चुका है। पहले जहां बंजर भूमि दिखाई देती थी, वहां आज पेड़-पौधे लहलहा रहे हैं और वातावरण शुद्ध हो रहा है।





समाज के प्रबुद्ध जन रहे मौजूद इस अवसर पर ग्राम पंचायत बरगांव के पूर्व सरपंच नाथू लाल बनवासी, धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के सचिव एडवोकेट निर्मल कुमार साहू, सामाजिक कार्यकर्ता अनीश कुमार साहू, आदर्श तिवारी एवं पत्रकार भीमशंकर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर युवाओं के इस सतत प्रयास की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।विभिन्न संगठनों का भी मिल रहा सहयोग इस महाअभियान में समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी सहभागिता निभाई है। समिति के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हरियाली की चादर बिछती जा रही है।

आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश यह पौधारोपण महाअभियान केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने का संकल्प है। समिति के युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

## मेहंदवानी में अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई, जेसीबी जब्त



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज शनिवार को उप तहसील मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम सारस में अवैध मुरूम खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

खनिज अधिकारी श्री अशोक नंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से मुरूम खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी-52-डीए-0252 को मौके से जप्त किया गया। जप्त की गई जेसीबी मशीन के मालिक अनिल साहू, निवासी सारस ढोही बताए गए हैं, जबकि मशीन का संचालन चालक विनोद उईके द्वारा किया जा रहा था।

खनिज विभाग की टीम द्वारा जप्त जेसीबी को पुलिस थाना मेहंदवानी परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## वन अधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों का समय पर परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि नैनपुर के अतिरिक्त अन्य संबंधित खण्ड स्तरीय समितियां प्रकरणों को समय पर जिला टीम को उपलब्ध कराएं। नैनपुर से प्राप्त 12 प्रकरणों की प्रकरणवार जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि समिति द्वारा मान्य किए गए प्रकरणों में उपवन मंडलाधिकारी की टीम सहित प्रकरणों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी प्रीता एसएम, उपसंचालक बफर केटीआर अनीता केबी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता, नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## नोहलेश्वर महोत्सव आने वाले समय में और भी प्रतिष्ठा हासिल करेगा: राज्यमंत्री लोधी

दमोह (स्वतंत्र मत)।

नोहटा में आयोजित 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम नोहटा में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के दूसरे दिन संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दीप प्रज्जवलन कर एवं भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के दंडी स्वामी महाराज, विधायक हटा उमादेवी खटीक, पूर्व विधायक बंडा प्रदुम्नसिंह लोधी, सत्येन्द्र सिंह लोधी, अमित बजाज, ब्रज गर्ग, रूपेश सेन सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री लोधी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया।

संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा सौभाग्य का विषय है कि आज नोहलेश्वर महोत्सव के शुभारंभ दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और यह नोहलेश्वर महोत्सव आने वाले समय में अपनी और भी प्रतिष्ठा हासिल करेगा। इस दृष्टि से बहुत सारे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। बहुत सारे स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी हैं।

अब मुख्य प्रस्तुति का समय आया है। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने कहा आज जबेरा विधानसभा में नोहलेश्वर महोत्सव का यह कार्यक्रम बहुत ही हर्ष का और गरिमामयी हैए सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे क्षेत्र की ग्रामीण प्रतिभायें हैं, उनको उभरने का मौका मिला है और मंच मिला । हमारे जिले को यह कार्यक्रम गौरांवित कर रहा है। इस अवसर पर नोहटा महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों द्वारा बहुत की शानदार रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसे दर्शकों द्वारा बहुत ही सराहा गया। मेले में शासकीय योजनाओं से संबंधी स्टाल भी लगाये गये है।

## शिकायतों के निराकरण पर करें फोकस


मण्डला(स्वतंत्र मत)।

जिला योजना भवन में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि रैंकिंग माह के साथ-साथ 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों को भी गंभीरता से लें। निराकरण में संतुष्टि का प्रतिशत बेहतर करने के लिए शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें।

जिला अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जो शिकायतें एल-3 स्तर पर लंबित हैं उन्हें उच्चाधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र बंद कराएं। अपर कलेक्टर ने कहा कि जनजातीय कार्य जनपद पंचायतें, नगरीय निकाय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभाग जिनकी शिकायतों की संख्या अधिक है वह सभी दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करते हुए फॉलोअप करें। जिले की रैंकिंग जारी होने में दो सप्ताह का समय बचा है।

# चांदी के तीन रथों और 122 पालकियों में सवार होकर निकले भगवान जिनेन्द्र देव

## सिद्धचक्र महामंडल विधान के चल समारोह में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रविवार को टेलीग्राफ ग्राउंड में बने विशाल पंडाल में सूर्योदय के साथ ही बहुत चहल पहल नजर आ रही थी। उक्त उद्गार कहते हुए गुणायतन मध्यभारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार मंत्री सुवोध जैन कामरेड ने बताया कि प्रात: 6 बजे से मंगलाष्टक के साथ भगवान का अभिषेक एवं शांति मंत्रों के साथ शांतीधारा प्रारंभ हो हुई। इस शांतीधारा की सभी बोलियां जीवदया के लिये निर्धारित थी अत: सभी श्रद्धालुओं ने खूब बढ़ चढ़कर भाग लिया तत्पश्चात विधान के समापन पर हवन किया गया एवं तीन चांदी के रथों एवं 122 पालकियों में शुद्ध बस्त्रधारिओं ने भगवान जिनेन्द्र देव को अपने कांधे पर ले जाकर विराजमान किया। इस चल समारोह में तीन ऐरावत हाथी भी चल रहे थे। मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज एवं मुनि श्री संधानसागर महाराज संघ के साथ विशाल जुलूस प्रारंभ हुआ जो कि गढ़ाफाटक बड़ा फुहारा लार्डगंज थाना सुपर मार्केट, गोलबाजार श्याम टाकीज से डीएन जैन कालेज मार्ग पर पहुंची तो स्थानीय विधायक अभिलाष पांडे एवं भाजापा के जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने मुनिसंध का स्वागत किया। ज्ञातव्य रहे उपरोक्त मार्ग का नया नाम संत प्रमाणसागर महाराज मार्ग घोषित किया जा चुका है। श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज एवं मुनिवर प्रमाणसागर महाराज की जयजयकार करते हुये गगनभेदी नारे लगाये जब तक सूरज चांद रहेगा गुरुदेव आपका नाम रहेगा और विशाल जुलूस रानीताल से होते हुये लगभग पांच किलोमीटर लंबे ग्राऊंड में लगभग 25 से तीस हजार लोगों ने दर्शन किये। स्थान स्थान पर भगवान जिनेन्द्र देव एवं मुनि श्री की मंगल आरती उतारी गई। प्रात:9 बजे से प्रारंभ यह जुलूस तीन घंटे में 12 बजे टेलीग्राफ ग्राउंड के विशाल पंडाल में पहुंचा एवं सभी प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया।

### संस्कारधानी वासियों ने किया सिद्ध

इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर वासियों ने सिद्ध कर दिया कि उनके हृदय में गुरुभक्ति का सागर उमड़ पड़ा है। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान हमारे जीवन की श्रेष्ठतम आराधना होती है, लेकिन जबलपुर की यह आराधना आराधना न होकर महाआराधना वन गयी। उन्होंने कहा कि 122 महामंडल की संरचना के साथ सिद्धों की यह आराधना अब तक की पूरे देश में पहली आराधना है,और यह इवारत लिखने का श्रैय संस्कारधानी के युवाओं को जाता है। मुनि श्री ने कहा कि इस बार का जबलपुर का यह प्रवास में आप लोगों ने जो उमंग उल्लास और उत्साह दिखाया है वह बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की यह महा आराधना आप लोगों ने खूब उमंग उत्साह के साथ पूर्ण की है। विधानाचार्य अभय भैया, आदित्य एवं वाल ब्र. अशोक भैया ने सभी मांगलिक क्रियायें संपन्न कराई।

इस अवसर पर मुनि श्री ने नगर निगम तथा सभी प्रशासनिक अधिकारियों तथा सभी युवा कार्यकर्ताओं, राष्ट्रीय युवा महासंघ, दि. जैन पंचायत महासभा एवं धर्मप्रभावना समिति एवं भोजन व्यवस्था से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं सभी मंडल पुण्यार्जकों को परिवार सहित आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया। सांयकाल शंका समाधान कार्यक्रम में प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध जैन कामरेड ने सभी स्थानीय पत्रकार बंधुओं का आभार प्रकट किया।



# 3 नकबजनी और 2 वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा

## पुलिस ने पकड़े 6 आरोपी, चोरी किया हुआ सामान बरामद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 नकबजनी एवं 2 चोरी का खुलासा कर सोने चांदी के जेवर एवं 1 एक्सिस, 1 ईरिक्शा कीमती 8 लाख रुपये के जप्त किये गये है। इस मामले में गोहलपुर थाने में विगत 6 फरवरी की रात्रि परवेज आलम उम्र 36 वर्ष निवासी सिरसा तले ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि वह और पत्नी पूरे परिवार के साथ नानी के यहा श्याम सिहं का घडा गए थे। घर आए तो देखे कि घर का ताला टूटा है। जानकारी मिलने पर घर वापस आया देखा अलमारी मे रखी सोने के झुमकी 01 जोडी, अंगूठी 01 नग, लौग 01 नग, पत्ती लाकेट 01 नग एवं चांदी के पाय जेब 01 जोडी, पायल 01 जोडी, बिछिया एक जोडी, बच्चे की पायल एक जोडी, मेहदी पंजा एक जोडी, चोटी वाल की 01 नग गायब थे।

पुलिस ने इस मामले में अमन नगर मे दबिश देते हुये आरोपी मोहम्मद अहफाज पिता महबूब अहमद उम्र 30 साल नि. मदीना मस्जिद के पीछे बड़ा मैदान सिरसा तले थाना गोहलपुर को पकड़ा। जिसने चोरी करना स्वीकार किया। इसी प्रकार गोहलपुर थाने में सागर केवट उम्र 26 वर्ष निवासी गंगामैया बड़ा पत्थर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह रूद्राक्ष बार के सामने अपनी एक्सिस खड़ी करके अपने परिचितों के साथ अंदर चला गया था बाहर देखा उसकी एक्सिस कीमती लगभग 70 हजार रूपये की नहीं थी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी मनु सिंह पिता स्व. रामचरण सिंह उम्र 55 साल नि. ग्राम मुर्रई थाना कटंगी वर्तमान पता मझोली को एक्सिस सहित पकड़ा गया।

**इन जगहों पर भी हुई वारदात**

इसी प्रकार गोहलपुर थाने में शेख तौसीब उम्र 40 वर्ष निवासी अमखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अपने ई रिक्शा को शासकीय अस्पताल मनमोहन नगर के सामाने खड़ी कर इलाज कराने चला गया था। वापस आकर देखा उसका ई रिक्शा कीमती लगभग 90 हजार रूपये का नहीं था। पुलिस ने इस मामले में लेमा गार्डन से आरोपी आरिफ़ अली पिता अकबर आली उम्र 35 वर्ष निवासी आयसा नगर मस्जिद के पास थाना आधारताल एवं सुल्तान खान पिता रिजबान खान उम्र 21 वर्ष निवासी अक्सा मस्जिद रोड थाना हनुमानताल को ई रिक्शा सहित पकड़ा गया दोनों ने ई रिक्शा चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों के कब्जे से ई रिक्शा जब्त किया गया। इसी प्रकार गोहलपुर थाने में अलका जगवानी निवासी राजुल ड्रीम सिटी ने सूने मकान का ताला तोडकर जेवर चोरी होने की रिपोर्ट की थी।

इसी प्रकार गोहलपुर में सतीश सिंह निवासी अमखेरा ने सूने मकान का ताला तोडकर सोने की चेन, टाप्स, लौंग तथा चांदी की बिछिया पायल एवं नगदी रूपये चोरी जाने की रिपोर्ट की थी। इन मामलों में टांडा जिला धार में दबिश देते हुये आरोपी कालू अलावा पिता मिट्ठू अलावा उम्र 37 साल नि. पिपरानी थाना टांडा जिला धार एवं संतोष अनारे उर्फ भाया पिता सोभया अनारे उम्र 35 साल को गिरफ्तार किया गया।

## भक्तों ने सुना भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** ग्राम ककरेहटा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन की कथा व्यास पं. ब्रह्मानंद तिवारी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पंडित ब्रह्मानंद तिवारी जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की इसके बाद यजमान शिव प्रसाद, सुशीला परौहा, नरेश परौहा आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर बेहोश हालत में मिली वृद्धा की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने में लक्ष्मण कोरी उम्र 34 वर्ष निवासी बालाजी सिटी पनागर ने सूचना देकर बताया कि उसकी मां मुन्नी बाई कोरी उम्र 54 वर्ष निवासी बालाजी सिटी पनागर लाईफ सिटी अस्पताल में काम करती थीं। विगत शाम लगभग 6 बजे डियूटी के लिये निकली थी। शाम लगभग 7 बजे एम्बुलेंस वालों ने सूचना दी कि उसकी मां मुन्नी बाई छत्तरपुर रेल्वे फाटक के पास बहोशी हालत मे पड़ी हैं। जिन्हें सीएचसी पनागर ले जा रहे हैं। वह सीएचसी पनागर आकर देखा उसकी मां मुन्नी बाई कोरी को डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम मामले को जांच में लिया है।

## 20 को आयोजित होगा अरुणोदय पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार समारोह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

अरुण शुक्ला पत्रकारिता पुरस्कार पत्रकारों के सम्मान व युवा पत्रकारों की हौंसला अफजाई के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिया जाता है। इस वर्ष चयन समिति ने पत्रकारों का चयन किया है। जिसमें वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान के लिए वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट को देने का निर्णय लिया है।

चैतन्य भट्ट लगभग चार दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। वर्तमान में युवा पत्रकारों की हौंसला अफजाई के लिए माया स्मृति महिला पत्रकारिता पुरस्कार एक ऐसी महिला पत्रकार दृष्टि जैन को दिया जा रहा है। जो जबलपुर की निवासी है और नई दिल्ली में इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादकीय विभाग में कार्यरत है। यशभारत कार्यालय में आयोजित चयन समिति बैठक में वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र बाजपेई, डॉ पंकज शुक्ला, शुभम सिंह बघेल, उज्जवल शुक्ला, सच्चिदानंद शेकटकर, पवन पांडे, प्रवीण अग्रहरि ने नगर के श्रेष्ठ पत्रकारों का चयन किया।

श्री अरुण शुक्ल स्मृति वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान से चैतन्य भट्ट, राजकुमार रैकवार, आलोक बैनर्जी, लाली कोष्टा, आशीष रैकवार, राजेन्द्र पांडे, माया देवी, दृष्टि जैन, शिव चौबे को सम्मानित किया जाएगा। यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने बताया कि पुरस्कार समारोह पं. अरुण शुक्ला के जन्मदिन एवं निर्वाण तिथि 20 फरवरी को अरुणोदय यशभारत कार्यालय परिसर शताब्दिपुरम उखरी में गरिमामय माहौल में आयोजित किया जाएगा।

समारोह में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्मान निधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर टेलीफोन डायेक्टरी अरूणोदय 2026 का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।

## जगतगुरू डॉ. श्याम देवाचार्य महाराज को किया स्मरण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को नरसिंह मंदिर प्रांगण में गोलोकवासी जगतगुरू परमपूज्य डॉ. श्याम देवाचार्यजी महाराज के जन्मोत्सव पर आयोजित धर्मसभा में महाराज का पुण्य स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूज्य जगतगुरू नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि महाराजजी सभी की चिंत्ता करते थे। उनमें सनातन, संत समाज व धर्म के लिये अदभुत निष्ठा थी। आज जब वे हमारे बीच नहीं है तब भी उनके दिखाये मार्ग से उनके प्रत्यक्ष होने की प्रेरणा हम सबको मिलती है। उन्होंने कहा महाराजजी सभी को सत्मार्ग पर चलने की शक्ति और आशीर्वाद प्रदान करें।

## मारपीट कर चाकू से किया हमला

**जबलपुर ।** हनुमानताल थाने में चाकू बाजी में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल से मेडिकल कॉलेज में रेफर किये जाने पर मेडिकल कॉलेज पहुंची पुलिस को मोह. आसिफ उम्र 20 वर्ष निवासी बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल ने बताया कि वह कसाई मंडी के पास अर्शफी बिरयानी सेंटर मे वेटर का काम करता है। उसके पड़ौस में रहने वाला मुसाहिद अपनी एक्टिवा से मदार छल्ला मुच्छड़ हौटल गया था। जो सूचना मिली कि मुच्छड़ होटल के पास मुसाहिद की एक्टिवा से मुच्छड़ होटल के पास रहने वाले केसर आलम उर्फ छोटू गोल्डन एवं अल्ताफ अंसारी को धक्का लग जाने से मुसाहिद के साथ मारपीट कर रहे हैं। वह मुसाहिद के भाई मोहसिन के साथ मुच्छड़ होटल रात में पहुंचा जहां पर मुसाहिद को केसर आलम एवं अल्ताफ मारपीट कर रहे थे।



## पूर्व सीएम कमलनाथ से की भेंट

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।**

युवा कांग्रेस पाटन-मझौली विधानसभा के नेता आभाष दुबे ने राजधानी भोपाल में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ से भेंट की। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं युवा नेता नकुलनाथ, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा जी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, युवाओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर सकारात्मक और सार्थक चर्चा की गई। युवा कांग्रेस नेता आभाष दुबे ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलना उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

## के. हरि स्वामी नायडू का निधन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बीटी रोड, गुलौआ चौक गढ़ा निवासी के. हरि स्वामी नायडू का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे आलोक नायडू के पिता हैं। अंतिम यात्रा आज सोमवार को प्रात: उनके निवास स्थान से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

## तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने युवक को रौंदा, मौत

**जबलपुर।**

ज्योति टॉकीज तिराहे पर रविवार रात एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक सवार युवक को बुरी तरह रौंद दिया। इस हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी विजय रजक ने बताया कि एक सफेद फॉर्च्यूनर कार जिसमे एक युवक और युवती सवार थे। कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक लगभग 18 वर्षीय बाईक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# शहर में पेयजल समस्या का संकट गहराया, कचरा प्रबंधन की स्थिति बदहाल

### विभिन्न आरोपों को लेकर कांग्रेस ने आयोजित की समानांतर सभा की बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

शहीद अब्दुल हमीद चौराहे पर कांग्रेस ने रविवार को एक समानांतर सभा का आयोजन किया। इस दौरान प्रतीकात्मक रूप से अध्यक्ष, महापौर, कमिश्नर, एमआईसी सदस्य और विपक्ष के लोग मौजूद रहे। कांग्रेस नेता अमरीश मिश्रा ने बताया कि यह सभा नगर सरकार की विफलताओं के विरोध में आयोजित की गई थी। सभा में महापौर को दूषित पानी की आपूर्ति, खराब कचरा प्रबंधन व्यवस्था और सदन की कार्यवाही टालने जैसे मुद्दों पर घेरा गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर में पेयजल संकट गहरा रहा है और कचरा प्रबंधन की स्थिति बदहाल है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा की नगर सरकार, जो खुद को डिफेंड इंडिया की सरकार बताती है, आम जनता की सेवा में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम के महापौर जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब देने में सक्षम नहीं हैं, जिसके कारण वे लगातार सदन की कार्यवाही टालने का प्रयास कर रहे हैं।

वक्ताओं ने बताया कि पिछले 18 से 30 दिनों में नगर निगम को आधा दर्जन से अधिक पत्र सौंपे गए हैं, लेकिन किसी भी समस्या का ठोस समाधान नहीं हुआ। शहर की जनता लगभग 25 दिनों से दूषित पानी की समस्या से जूझ रही है। कई क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आ रहा है, और कुछ जगहों पर पाइपलाइन होने के बावजूद नालियों का पानी नलों में मिल रहा है। नगर निगम ने इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कोई विशेष योजना तैयार नहीं की है। समाधान सदन के माध्यम से नगर सरकार को चेतावनी दी गई कि यदि जनता की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में शहर के विभिन्न चौराहों पर इसी प्रकार खुले समाधान सदन आयोजित कर नगर निगम की असफलताओं को जनता के बीच उजागर किया जाएगा।

### आगामी परीक्षाओं के लिए गठित की गई फ्लाइंग स्क्वाड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अनुभाग स्तर, जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया है। अनुभाग स्तर पर गठित फ्लाइंग स्क्वाड की कमान संबंधित अनुभाग के एसडीएम को सौंपी गई है। वहीं, जिले में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया है। इसके अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दल (फ्लाइंग स्क्वाड) भी गठित किये गये हैं। अनुभाग स्तर पर एसडीएम के नेतृत्व में गठित फ्लाइंग स्क्वाड अपने अनुभाग में स्थित परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेगी।

# कम दामों में रसायन मुक्त सब्जियां खरीदने उमड़ रही लोगों की भीड़

### कृषि उपज मंडी में लग रहे जैविक हॉट बाजार की बढ़ रही लोकप्रियता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

विगत दो माह से प्रत्येक रविवार को जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी जबलपुर में जैविक हॉट में खरीददारों की संख्या में सप्ताह दर सप्ताह बढ़ती जा रही है। रविवार को लगाये गये जैविक हाट में भी बड़ी संख्या में खरीदार पहुँचे और अपनी पसंद के जैविक उत्पादों की खरीदारी की। जिले के विभिन्न विकासखंडों से लगभग 35 जैविक किसानों ने जैविक हाट में सहभागिता की। जैविक हाट में किसानों द्वारा जैविक अनाज, दलहन, खपली गेहूं का आटा, गिर गाय का दूध, बिलौना घी, फ्लेवर्ड गुड़, चुकंदर, ब्रोकली, लेट्यूस, पिंक मूली, गोभी, मटर आदि जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया गया।



गिर गाय का दूध, गिर गाय के दूध से बनी चाय, मसालेदार मही भी जैविक हाट का आकर्षण रहे। इस बार जैविक हाट में जैविक कीटनाशक एवं जैविक खाद भी विक्रय के लिये उपलब्ध रहे। जैविक हाट को उपभोक्ताओं से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई और उन्होंने जैविक उत्पादों को खरीदने में खासी रुचि दिखाई।

इस रविवार को लगाये गये जैविक हाट के संचालन की जिम्मेदारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में पाटन विकासखण्ड के कृषि अधिकारियों ने संभाली। संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम एवं उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम भी जैविक हाट पर निगरानी के लिये मौजूद थे।

### सब्जियों में मिल रहा अलग स्वाद

संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद की सही तरीके से पैकिंग एवं ब्रांडिंग कर मार्केटिंग करने की सलाह दी ताकि उन्हें अधिक लाभ मिल सके। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने भी जैविक हाट में उत्पादों की विक्री करने आये किसानों का उत्साहवर्धन किया। इन अधिकारियों ने जैविक हाट में आये उपभोक्ताओं से चर्चा भी की। चर्चा के दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि वे प्रत्येक रविवार को जैविक हॉट में आकर पूरे सप्ताह के लिए सब्जियां और जैविक उत्पाद खरीदकर ले जाते हैं। खरीदारों ने बताया कि आमधारणा के विपरीत इनकी कीमत भी ज्यादा नहीं होती। रसायन मुक्त होने के कारण जैविक हाट की सब्जियों का स्वाद भी अलग होता है और दो तीन दिन फ्रिज में नहीं रखने पर भी ये खराब नहीं होती।

# हैण्डपंप में मोटर डालकर सीसी सड़क का गुणवत्ताहीन निर्माण

### रेशम केन्द्र से खण्डवा पीडब्लूडी की सीसी रोड का मामला

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

करोड़ रूपए खर्च कर सरकार के द्वारा ग्रामीण अंचल को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैं, किन्तु ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य कर सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहीं नहीं ग्रामीणों को शुद्ध पानी के लिए हैण्डपंप खनन किया गया हैं ग्रामीणों को शुद्ध पानी नसीब नहीं हो रहा हैं लेकिन अब ठेकेदार के द्वारा सड़क के निर्माण कार्य में मोटर लगाकर शुद्ध पानी से गुणवत्ताहिन सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जानकारी अनुसार, रीवा की निविदाकर फर्म के द्वारा वारासिवनी तहसील अंतर्गत मेन रोड़ रेशम केन्द्र बासी से खण्डवा के मध्य करीब 3 किमी सड़क की लागत करीब 2 करोड़ रूपये से सीसी सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के अधिन कराया जा रहा है। रीवा फर्म के द्वारा गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, वर्तमान में डीएलसी का कार्य किया जा रहा हैं, जिसकी जमीनी हकिगत देखी जा सकती हैं। निर्माण कार्य को लेकर जागरूक ग्रामीणों ने बताया कि सही तरह से निर्माण नहीं किया जा रहा हैं और ना ही तराई सही की जा रही हैं।



***हैण्डपंप का दुरूपयोग कर रहा ठेकेदार-*** पीएचई विभाग के द्वारा निर्मित ग्रामीणों को पानी सुगमता और शुद्ध उपलब्ध हो सके लेकिन खापा में पीएचई के द्वारा निर्मित हैण्डपंप का दुरूपयोग रीवा फर्म के द्वारा किया जा रहा हैं, और उक्त हैण्डपंप में मोटर डालकर उस हैण्डपंप के पानी से सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों ने बताया कि पीने के पानी की संकट उत्पन्न हो गई है। जहां रोजाना उक्त हैण्डपंप से पानी भरते थे आज वह हैण्डपंप में मोटर लगने के कारण पानी निकालने में परेशानी हो रहीं है।

***सागौन के पेड़ को पहुंचाया नुकसान-*** रेशम केन्द्र बासी में दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र वारासिवनी के अंतर्गत सागौन नसरी लगाई गई हैं, सागौन के पेड़ भी १० से १५ फुट से अधिक के बड़े पेड़ हैं, जहां रीवा फर्म के ठेकेदार के द्वारा पुल निर्माण कार्य के दौरान कुछ सागौन के पेड़ को उखाड़ दिया गया और कई पेड़ को नुकसान पहुंचाया गया है। जिसका आज भी मौके पर देखा जा सकता हैं कि सागौन के पेड़ की जड़ो को जेसीबी मशीन से कैसा उखाड़ दिया गया है। नाम न लिखने की सर्त में ग्रामीणों ने बताया कि उक्त ठेकेदार के द्वारा सागौन के पेड़ को खुदाई के दौरान उक्त स्थान से कहीं दूर फेक दिया गया हैं या कहें कि मौके पर केवल दूसरे सागौन के पेड़ों की जड़े ही दिखाई देगी।

***डीएलसी निर्माण में सवाल-*** सीसी सड़क की डीएलसी का निर्माण कार्य अभी किया जा रहा हैं जो करीब 600 से अधिक बनाई गई हैं, जिसमें स्टीमेंट के आधार पर निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा हैं। उक्त सीसी सड़क की डीएलसी निर्माण के बाद बेलन सही नहीं चलाया जा रहा हैं और ना ही सही तरह से तराई की जा रही है। अब देखना होगा कि क्या अधिकारीगण उक्त निर्माण कार्य की जांच कर फर्म पर कार्यवाही करते हैं या नहीं।

### इनका कहना है

मैं अभी ट्रेनिंग में हूं, रेशम केन्द्र से खण्डवा के मध्य 3 किमी की सीसी सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, जिसमें ठेकेदार रीवा की फर्म के द्वारा किया जा रहा हैं। जिसकी लागत करीब 2 करोड़ रूपए हैं, अभी करीब 600 मीटर डीएलसी कार्य किया गया हैं, जिसमें बेलन चलाकर निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, जिसकी विडियो भी पहुंचाई जा रहीं है। लेकिन पुल के निर्माण में सागौन के पेड़ को काटने की जानकारी नहीं हैं, और पीएचई के हैण्डपंप में मोटर लगाकर कार्य किया जा रहा हैं इसकी भी कोई जानकारी मुझे नहीं है, अगर ऐसा हैं तो कार्यवाही की जायेगी।

**सिद्धार्थ जैन, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग वारासिवनी**

# मुख्यमंत्री का आज बालाघाट आगमन

### नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस दिखाने वाले 60 जवानों को देंगे क्रम से पूर्व पदोन्नति

### कई विकास कार्यो का करेंगे लोकार्पण एवं भूमिपूजन



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 09 फरवरी को बालाघाट जिले में आगमन प्रस्तावित हैं। इस दौरान वे जिले में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हॉक फोर्स के 60 जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 100 करोड़ 90 लाख रुपये के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया जाएगा।

उल्लेखनीय हैं कि 14 जून 2025 को बालाघाट जिले के रूपझर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचामादादर-कटेझिरिया पहाड़ी जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स के जवानों ने अद्वितीय साहस और वीरता का प्रदर्शन किया था। इस मुठभेड़ में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के जीआरबी डिवीजन के मलाजखंड दलम के 04 एरिया कमेटी सदस्यों में रीता उर्फ तुब्बी, श्रीरांगु हिड़ामी उर्फ देवचंद, सुमन, ईमला उर्फ तुलसी एवं रवि मड़ावी उर्फ बदरे को मार गिराने में जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस साहसिक अभियान में शामिल जवानों का सम्मानित करते हुए उन्हें क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की जाएगी। पदोन्नति पाने वाले जवानों में विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विद्रुरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रक्षेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव, मुनेन्द्र सिंह, रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेन्द्र धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेन्द्र सिंह पटेल, वीर सिंह, शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छोटु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 09 फरवरी को पुलिस लाइन बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में 100 करोड़ 90 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। इसमें 31 करोड़ 07 लाख रुपये के 07 कार्यों का भूमिपूजन एवं 69 करोड़ 83 लाख रुपये के 20 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं।

इस कार्यक्रम को जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री के दौरे से न केवल जवानों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि जिले में विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है।

# श्रमोदय, मॉडल और एक्सीलेंस स्कूल के लिए प्रवेश परीक्षा

### बालाघाट में 7 केंद्रों पर 1966 बच्चे हुए शामिल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट में रविवार को नए शैक्षणिक सत्र में श्रमोदय, मॉडल स्कूल और एक्सीलेंस स्कूल में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा मुख्यालय के 7 केंद्रों पर हुई, जिसमें कुल 1966 परीक्षार्थी शामिल हुए। बालाघाट मुख्यालय में उत्कृष्ट विद्यालय, रानी वीरांगना दुर्गावती स्कूल, एमएलबी स्कूल और शासकीय कन्या स्कूल में परीक्षा आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, जिले के एक्सीलेंस स्कूल बिरसा, एक्सीलेंस स्कूल बैहर और एक्सीलेंस स्कूल परसवाड़ा भी परीक्षा केंद्र थे।

परीक्षा समन्वयक प्राचार्य डॉ. मनोज जैन ने बताया कि यह परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल तथा श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर में प्रवेश के लिए थी। जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर कुल 2159 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 1966 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 193 अनुपस्थित थे। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। डॉ. जैन ने बताया कि जिले में संचालित उत्कृष्ट विद्यालय और मॉडल स्कूल के साथ ही जबलपुर में संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए जिले से 35 बच्चों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 34 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और एक अनुपस्थित था।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बालाघाट में एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच अभियान का आयोजन

### उद्यमियों को मिली लगभग 6 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय मुंबई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में, क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा के तत्वावधान में आज सेंट आरसेटी (आरएसईटीआई) बालाघाट में एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक की राष्ट्रव्यापी एमएसएमई महोत्सव एवं क्रेडिट आउटरीच पहल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसायिक विकास को गति देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं राइस मिल संघ के पदाधिकारी अंकित अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्र म की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उत्कर्ष ने की। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) संजीव कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बालाघाट शाखा के प्रबंधक माधव झा, आरसेटी निदेशक एस. भोंडेकर, अंकित लिल्हारे सहित बैंक अधिकारी, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत बैंक द्वारा उद्यमियों को कम ब्याज दरों पर विभिन्न प्रकार के ऋण उत्पादों की जानकारी दी गई। सेंट होटल, सेंट जीएसटी, सेंट संजीवनी, सेंट इंजीनियरिंग, सेंट सीए, सेंट बिजनेस लोन सहित अनेक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे स्थानीय उद्यमियों को अपने कारोबार को बढ़ाने के नए अवसर प्राप्त हो सके। क्षेत्रीय प्रमुख कुमार उत्कर्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उद्यमियों की हर वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों को बैंक परिवार का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि बैंक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। एलडीएम संजीव कुमार ने बालाघाट जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2023 से जिला वित्त विभाग को सीएम हेल्पलाइन में लगातार 'ए' ग्रेड प्राप्त हो रहा है, जो बैंकिंग कार्यों की कुशलता और सकारात्मक कार्यशैली को दर्शाता है। उन्होंने आरसेटी मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल वर्ष 2009 से देशभर में उद्यमिता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 10 फरवरी से

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने बताया कि हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होगी जो 7 मार्च तक चलेगी। परीक्षा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को अंग्रेजी, 13 फरवरी को भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बैण्ड्री मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग, एंड फिसरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, 14 फरवरी को बायोटेक्नोलाजी, गायन वादन, तबला पखावज, 16 फरवरी को संस्कृत, 17 फरवरी को ड्राइंग एंड डिजाइन, 18 फरवरी को रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एली आफ साइंस एण्ड मेथेमेटिक्स यूजफूल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एंड पेंटिंग, गृह प्रबंध पोशण एवं वस्त्र विज्ञान की परीक्षा संचालित होगी। इसी तरह 19 फरवरी को मनोविज्ञान, 20 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालीफिकेशन फ्रेम वर्क, शारीरिक शिक्षा, एआई, 21 फरवरी को कृषि,होम साइंस, एकाउंटेंसी, 23 फरवरी को बायोलाजी, 25 फरवरी को गणित, 26 फरवरी को राजनीतिक शास्त्र, 27 फरवरी को इनफार्मेटिक्स प्रेक्टिसेस, 2 मार्च को समाज शास्त्र, 5 मार्च को भूगोल, क्राप प्रोडेक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य, 6 मार्च को उर्दू, मराठी तथा 7 मार्च को हिंदी की परीक्षा संचालित होगी। उन्होंने कहा है कि समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रात: 8 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व के पश्चात् किसी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षाकाल में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षायें यथावत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी। नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें उनके विद्यालय में एवं स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षायें उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र पर 10 फरवरी से 10 मार्च के मध्य संचालित की जाएगी। इनकी तिथियां तथा समय ज्ञात करने के लिये प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष से संपर्क स्थापित रखा जावे। आवश्यकता पड़ने पर प्रायोगिक परीक्षायें अवकाश के दिनों में भी आयोजित की जा सकेगी। समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रात. 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रात: 8.45 बजे के पश्चात किसी भी छात्र को प्रवेश नही दिया जावेगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनिट के (प्रात: 8.50 बजे से) पूर्व छात्रों को उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनिट के (प्रात: 8.55 बजे से) पूर्व प्रश्न-पत्र दिये जायें। मण्डल, आवश्यकता होने पर तिथि एवं समय में कभी बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन कर सकता है, किन्तु संचार माध्यमों से संसूचित करेगा।

### विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पैरालीगल वॉलेंटियर सोनम सोनी द्वारा विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज एंड साइंस, उमरिया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया माननीय श्री मोहन डावर जी एवं तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय श्री रामसहारे राज जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज संस्था के संचालक श्री जय नारायण पांडे जी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। शिविर के दौरान माननीय न्यायाधीशों द्वारा विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, बाल अपराध, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में जानकारी दी गई तथा कानून के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु डीईसी की गोली का सेवन पात्र व्यक्ति निश्चित रूप से करें: सीएमएचओ

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि उमरिया जिले के पाली विकासखंड में 10 से 24 फरवरी 2026 तक एमडीए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमें घर-घर जाकर लक्षित जनसंख्या को निर्धारित मात्रा में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएंगी। उन्होंने बताया कि डी.ई.सी. एल्बेंडाजोल आइवरमेक्टिन की गोली का सेवन करने से मनुष्य के शरीर में स्थित फाइलेरिया के कृमि नष्ट हो जाते हैं जिससे यह बीमारी एक से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। दवा खाने से कृमि के मरने पर बुखार, उल्टी, सिर दर्द या चक्कर आ सकते हैं, जो कि दवा का प्रतिकूल प्रभाव है और ये लक्षण कुछ समय के बाद स्वयं समाप्त हो जाते हैं। फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए डी.ई.सी. की गोली की सालाना खुराक सभी पात्र व्यक्तियों को लेना आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए वे स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। रवि साहू, जिला मलेरिया सलाहकार ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर,लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है, जिसके उन्मूलन के लिए सभी पात्र व्यक्तियों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। कुछ व्यक्तियों में दवा सेवन के बाद सिर दर्द, बदन दर्द, पेट दर्द, उल्टी जैसे अस्थायी लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। ये लक्षण दवा के प्रभाव के कारण अस्थायी होते हैं।

### नगर परिषद मानपुर अध्यक्ष एवं नगर टीम द्वारा निर्माण कार्यो का किया गया निरीक्षण



मानपुर (स्वतंत्रमत)

नवीन नगर परिषद मानपुर में बड़े तेजी से विकास हो रहा है, जिसमें मप्र सरकार के साथ मानपुर विधान सभा के लोक प्रिय विधायक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री मीना सिंह जी का मुख्य पहल है। मानपुर नगर में कई कार्य निर्माणधीन हैं, क्षेत्र में निर्मित और निर्माणाधीन कार्यों का सघन निरीक्षण चलता रहता है, इसी दरम्यान शुक्रवार 06 फरवरी 2026 को मानपुर नगर के अध्यक्ष द्वारा नवीन सड़क का निरीक्षण किया गया। इस सड़क को तकरीबन 72 लाख के लागत से बन रहा है, जो वार्ड नम्बर 15 बैगांव मोहल्ले में निर्माणाधीन है। निरीक्षण कार्य में नगर परिषद मानपुर के अध्यक्ष श्रीमती भारती सतीश सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल, अतुल तिवारी, शिवराम शुक्ला के साथ कई पारसद एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### आरोपियों पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने धारा 457, 380 भादावि के आरोपी कुलदीप सिंह पिता स्व0 धीरज सिंह उम्र 26 साल ग्राम बिजौरी थाना मानपुर, मनोज द्विवेदी पिता मुनी महेश द्विवेदी उम्र 38 साल ग्राम बिजौरी थाना मानपुर पर पांच हजार रूपये तथा धारा 363, 70 (क)भादावि एवं 3 (2) (व्ही) एससीएसटी एक्ट के आरोपी ऋषि सिंह पिता बरफ सिंह निवासी दयालपुर वल्लभगढ जिला फरीदाबाद हरियाणा पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। ईनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक का अंतिम निर्णय मान्य होगा।

### एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला 26 फरवरी को

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 26 फरवरी को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में किया गया है। मेले में विभिन्न कंपनियों व्दारा भाग लेकर युवाओ, युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा ।

### 10 फरवरी को मनाया जाएगा सेफ इंटरनेट दिवस

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि सेफ इंटरनेट दिवस 10 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसकी थीम स्मार्ट टीच, सेफ च्वाईस,एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पानसिबल यूज आफ एआई निर्धारित है। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं कालेज स्टाफ को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल इंटरनेट, साइबर हाइजीन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध मे जागरूक किए जाने हेतु महाविद्यालय मे डीआईओ एनआईसी उमरिया व्दारा जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा।

# सावधानी हटी-दुर्घटना घटी, क्रेसर संचालक हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार...!

उमरिया (स्वतंत्रमत)




जिले के चंदिया थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने ऑनलाइन खरीदारी और गूगल सर्च पर आंख मूंदकर भरोसा करने वालों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। सीमेंट की जरूरत, गूगल पर खोज, भरोसे भरी बातचीत और फिर कुछ ही पलों में बैंक खाते से 1 लाख 47 हजार 200 रुपये गायब। जब हकीकत सामने आई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मामले के फरियादी राजकुमार यादव पिता मीरसिंह यादव, उम्र 51 वर्ष हैं, जो वर्तमान में बी-718 सुशांत लोक, गुरुग्राम (हरियाणा) के निवासी हैं। उनका दयाल स्टोन क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड उमरिया जिले के ग्राम राघोपुर ददरा, चंदिया में संचालित है। क्रेशर के संचालन के लिए उन्हें बड़ी मात्रा में सीमेंट की आवश्यकता थी। सीमेंट की जरूरत पूरी करने के लिए फरियादी ने गूगल पर अंबुजा सीमेंट का डीलर सर्च किया। सर्च के दौरान मिले एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को अधिकृत सप्लायर बताया और भरोसे के साथ सीमेंट उपलब्ध कराने की बात कही। बातचीत इतनी सहज और पेशेवर थी कि किसी तरह का शक होने की गुंजाइश ही नहीं दिखी। कुछ ही देर में कथित डीलर की ओर से एक बिल भेजा गया। बिल देखने में पूरी तरह असली और व्यवस्थित था, जिससे फरियादी का भरोसा और पक्का हो गया। बिना ज्यादा संदेह किए, फरियादी ने बैंक के माध्यम से 1,47,200 रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। भुगतान के बाद फरियादी को उम्मीद थी कि जल्द ही सीमेंट की सप्लाई शुरू पर पहुंच जाएगी। लेकिन एक दिन बीता, फिर दूसरा, फिर कई दिन गुजर गए। न सीमेंट आई और न ही सप्लायर की तरफ से कोई ठोस जवाब मिला। फोन करने पर कभी नेटवर्क की बात कही गई तो कभी डिलिवरी में देरी का बहाना बनाया गया। जब इंतजार हद से ज्यादा बढ़ गया तो फरियादी ने दोबारा संपर्क करना चाहा, लेकिन इस बार फोन या तो बंद आने लगा या कोई जवाब नहीं मिला। तभी उन्हें एहसास हुआ कि वे किसी बड़े जाल में फंस चुके हैं। इसके बाद राजकुमार यादव ने चंदिया थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी जे.एस. परस्ती ने जानकारी दी कि शिकायत के आधार पर अपराध क्रमांक 37/26 दर्ज किया गया है। प्रकरण भारतीय न्याय संहिता की धारा 319(2) और 318(4) के तहत कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब संबंधित बैंक खाते, मोबाइल नंबर और डिजिटल लेन-देन की जांच कर रही है। यह मामला न सिर्फ एक व्यक्ति की ठगी की कहानी है, बल्कि उन सभी के लिए चेतावनी है जो गूगल पर मिले नंबरों को बिना जांचे-परखे भरोसे का आधार बना लेते हैं। एक छोटी सी लापरवाही कब बड़ी कीमत वसूल ले, इसका अंदाजा इस घटना से साफ लगाया जा सकता है।

# खौफ के साये में नगरवासी: मंडला में सांड़ों का आतंक

## कार्यवाही के नाम पर चल रही नगर पालिका की फोटोबाजी

मण्डला(स्वतंत्र मत)

लंबे समय से नागरिक शिकायत दर्ज करा रहे है कि उन्हें आवारा जानवर परेशान कर रहे हैं। लेकिन ठोस कार्यवाही करने में नगर पालिका लापरवाही बरत रही है। नगर मुख्यालय के अधिकांश वार्डो में गाय और सांडो का आतंक मचा हुआ है। वहीं मुख्य बाजार में भी सांडो का आतंक हर दिन दिखाई दे रहा है। कभी बच्चें घायल होते है तो कभी बुजुर्ग तो कभी कभी वाहन चालक भी चपेट में आ जाते है जैसे तैसे लोग जान बचाकर भागते हैं। लोगों का कहना है कि नगर के अंदर इतनी अधिक मात्रा में गाय बैल और सांड कैसे आ गए और अगर कहीं से आ भी गए तो इन्हें वापस क्यो नही भेजा रहा है वहीं पशु पालकों की सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है। पशु पालकों पर आरोप है कि वे अपने जानवरों का दूध आदि निकालकर दिनभर के लिए शहर में हकाल देते हैं। जो आम जनता का नुकसान के अलावा कुछ नही करते हैं। शहर में इन दिनों एक नया और खौफनाक संकट सिर उठा चुका है। यह संकट किसी अपराधी गिरोह या प्राकृतिक आपदा का नहीं बल्कि आवारा सांडों के बढ़ते आतंक का है। शहर की सड़कों बाजारों और रिहायशी इलाकों में सांड अब सिर्फ घूमते नजर नहीं आते बल्कि लड़ते-भिड़ते, तोडफ़ोड़ करते और लोगों को गंभीर रूप से घायल करते हुए मौत का खतरा बन चुके हैं। सुबह से लेकर देर रात तक नगर के कई हिस्सों में सांडों का उत्पात आम हो गया है। कहीं दो सांडों की लड़ाई में दुकानों के शटर उखड़ रहे हैं तो कहीं राह चलते लोग सींगों की चपेट में आकर लहूलुहान हो रहे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग बच्चों को स्कूल भेजने और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं।





***सांडों की लड़ाई से अफरा-तफरी-*** मंडला के प्रमुख बाजार क्षेत्रों जैसे बस स्टैंड इलाका सब्जी मंडी, मुख्य चौक और कॉलोनियों के अंदर दिन के उजाले में ही सांडों की लड़ाइयां देखने को मिल रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो या तीन सांड जब आपस में भिड़ते हैं तो सड़क मानो अखाड़ा बन जाती है। सींगों की टकराहट, उछलते हुए सांड, भागते लोग, पलटती ठेलियां और टूटता सामान यह दृश्य अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुका है। सब्जी बेचने वाले दुकानदार बताते हैं कि कई बार तो मिनटों में हजारों का नुकसान हो जाता है। सब्जियों की टोकरियां उलट जाती हैं तराजू टूट जाते हैं और ग्राहक जान बचाकर भागते हैं। दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन से कई बार शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

***इंसानों पर सीधा हमला कई घायल-*** यह समस्या अब केवल तोडफ़ोड़ तक सीमित नहीं रही। सांडों के हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। हाल ही में शहर के एक रिहायशी इलाके में सुबह टहलने निकले एक बुजुर्ग पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। सींग लगने से वे सड़क पर गिर पड़े और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसी तरह एक महिला सब्जी खरीदते समय सांडों की लड़ाई के बीच फंस गई और गंभीर चोटें आईं। डॉक्टरों के अनुसार सांड के हमले में लगने वाली चोटें बेहद खतरनाक होती हैं। सींग से अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंच सकता है और कई मामलों में जान जाने का भी खतरा रहता है।

***बच्चों बुजुर्गों के लिए खतरा-*** मंडला में स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और भी भयावह हैं। कई अभिभावक अब बच्चों को अकेले बाहर भेजने से डरने लगे हैं। सुबह-शाम की सैर पर निकलने वाले बुजुर्गों ने भी रास्ते बदल दिए हैं। कुछ कॉलोनियों में लोग लाठी या डंडा लेकर बाहर निकलने को मजबूर हैं ताकि सांडों से खुद को बचा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी भी सभ्य शहर के लिए शर्मनाक है जहां इंसान नहीं बल्कि आवारा पशु सड़कों के मालिक बन बैठे हैं।

***लापरवाही या सिस्टम की विफलता -*** सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर यह स्थिति बनी कैसे? नगरपालिका और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला या सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। लेकिन मंडला में यह व्यवस्था कागजों तक ही सीमित नजर आती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई कर दी जाती है लेकिन कुछ दिनों बाद वही सांड फिर सड़कों पर लौट आते हैं। न तो पर्याप्त गौशालाएं हैं न ही पशुओं को पकडने के लिए स्थायी टीम और संसाधन।

***हादसे के बाद भी नहीं सुधरे हालात -*** शहरवासियों में यह गुस्सा भी है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है लोग पूछ रहे हैं अगर किसी बच्चे या महिला की जान चली गई तो जिम्मेदार कौन होगा क्या तब सिर्फ जांच और मुआवजे की औपचारिकताएं निभाई जाएंगी यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि आवारा पशुओं के कारण जानलेवा हादसे हो चुके हैं। बीते एक सप्ताह में अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

***धार्मिक आस्था बनाम जनसुरक्षा-*** गाय और गोवंश से जुड़ी धार्मिक आस्था एक संवेदनशील विषय है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आस्था के नाम पर जनसुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। आवारा सांड न खुद सुरक्षित हैं न आम जनता। सडकों पर घूमते सांड दुर्घटनाओं का शिकार भी होते हैं और दूसरों को भी घायल करते हैं। समाधान यह नहीं कि आंखें मूंद ली जाएं बल्कि यह है कि व्यवस्थित गौशालाएं पशु चिकित्सा और नियंत्रण व्यवस्था मजबूत की जाए।

## सांकेतिक धरना प्रदर्शन आज

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के आव्हान पर जिले में रेल संबंधी सुविधाओं की मांग को लेकर आज एक सांकेतिक धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह धरना मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन के सामने प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इस संबंध में समिति की ओर से अनुविभागीय अधिकारी मंडला एवं थाना प्रभारी थाना महाराजपुर को विधिवत सूचना प्रेषित की गई है। राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि जिले को लंबे समय से उपेक्षित रेल सुविधाओं को लेकर आम जनता में रोष है समिति द्वारा रेल विस्तार ट्रेनों के ठहराव नई रेल सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं में सुधार जैसी मांगों को लेकर यह प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया जा रहा है, ताकि शासन-प्रशासन और रेल प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा सके।

## प्रमुख सचिव ने दिए निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने कहा है कि राजस्व अधिकारी विभागीय कार्यों को प्राथमिकता दें। राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में वित्त वर्ष के दस माह बीत जाने के बाद भी निराशाजनक स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह विभाग का कोर वर्क है इसलिए 15 मार्च तक राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करें। प्रमुख सचिव सभी जिलों के कलेक्टर्स और राजस्व अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे प्रमुख सचिव ने कहा कि आगामी समय में विधानसभा का सत्र आयोजित होना है इसलिए विधानसभा प्रश्नों के उत्तर सावधानीपूर्वक तैयार कर 11 फरवरी तक संबंधित शाखाओं को समय पर प्रेषित करें। लंबित आश्वासनों पर विशेष ध्यान दें।

## अवैध परिवहन पर 6 वाहन जप्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कामता माल क्षेत्र में प्रशासन द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 6 वाहन, जिसमें ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 1174, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 जीडी 6792, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51एए 8789, ट्रेक्टर का महिन्द्रा कंपनी, एलपी पावर ट्रेक कंपनी एवं ट्रेक्टर आइशर कंपनी को राजस्व विभाग द्वारा जप्त किया गया।

## डीजे संचालक का कटा चालान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण एवं नियम उल्लंघन के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कमला पैलेस गार्डन बिंझिया में रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे संचालित पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक को थाना कोतवाली बुलाकर सख्त समझाइश दी गई। साथ ही मोटर व्हीकल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करते हुए 3 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया इससे पहले बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पुलिस प्रशासन द्वारा मैरिज गार्डन संचालकों एवं डीजे ऑपरेटर संघ की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

## मनोरंजन कक्ष का हुआ उद्घाटन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक ने सेनानी 35वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल वाहिनी परिसर ग्राम ग्वारा में जवानों एवं उनके परिवारजनों के मनोरंजन के लिए मनोरंजन कक्ष का उद्घाटन किया। मनोरंजन कक्ष में 75 इंच टीव्ही, कराओके सिस्टम, कैरमबोर्ड, शतरंज की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर श्री सकलेचा द्वारा जवानों को नशा मुक्त जीवन एवं स्वस्थ्य जीवन के लिये प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि कार्य के साथ-साथ मनोरंजन भी स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्य है। सुरक्षा बल या पुलिस का काम चुनौतीपूर्ण होता है ऐसे में अपने काम के बाद कुछ समय परिवार के साथ बिताने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

## किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन द्वारा संचालित जिले में 36 पंजीयन केन्द्र बनाए जा चुके हैं। किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक निर्धारित है। समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने के लिये किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक करा सकेंगे। किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के पंजीयन कराने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा।

# पुलिस की विशेष टीम ने पकड़ा लाखों का जुआ



मण्डला/बिछिया

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुए के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार मध्य रात्रि में मंडला पुलिस की गठित विशेष टीम द्वारा एक बड़ी कार्यवाही की गई पुलिस को विश्वसनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम फोंक सिझौरा में कुछ लोग अवैध रूप से पैसा लगाकर खेल रहे हैं सूचना की तस्दीक उपरांत उप पुलिस अधीक्षक सतीष चतुर्वेदी महिला सुरक्षा प्रभारी एसडीओपी बिछिया के नेतृत्व में 4 अलग-अलग पुलिस पार्टियां गठित की गई योजनाबद्ध तरीके से की गई रेड कार्यवाही के दौरान फोंक सिझौरा स्थित उमेश राय उर्फ मुनिया के घर से जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपीगण वैभव मिश्रा निवासी बिछिया संजय चौकसे निवासी बरगी, आनंद बंदेवार निवासी बम्हनी, राजेश खम्परिया निवासी बरगी, फरीद अली निवासी परसवाड़ा, सचिन उद्दे निवासी बम्हनी बंजर, राजकुमार उर्फ राजा निवासी अंजनिया पकड़े गये हैं। जांच एवं आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर यह भी सामने आया कि महेश बंजारा निवासी बम्हनी जुंआ खिलाने व नाल काटने वाले अलाल कसार निवासी बिछिया एवं उमेश राय उर्फ मुनिया निवासी फोंक सिझौरा अंधेरे का फायदा उठाकर घटना स्थल से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है जप्त सामग्री नगद राशि 3,21,200/ मोबाइल फोन 8 नग, चार पहिया वाहन जप्त नगदी, वाहन व मोबाइल की अनुमानित मूल्य सहित कुल राशि लगभग 19,01,200 उक्त प्रकरण में गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। पुलिस टीम सतीष चतुर्वेदी डीएसपी, निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम, निरीक्षक ममता परस्ते, निरीक्षक गिरीश करवेती, निरीक्षक जयसिंह यादव, सउनि. बालमुकुन्द चौरसिया, सउनि. सुरेश विजयवार, सउनि. भूमेश्वर, सउनि. जगदीश सैयाम, प्र.आर महेन्द्र कुशराम, प्र.आर. भभूत, आर. अमृत मरावी, आर. वैभव, आर.मनीष, आर.संदीप, आर. दिनेश वरकडे, आर. हेमेन्द्र, आर.सुरेश पंचेश्वर, आर.चन्द्रभान, आर.काशी, आर. संजय, आर. सुधीर, आर. राजेश, आर. सुन्दर, आर. रमेश एवं आर. शिवा नाविक की भूमिका रही।

## दिव्य ज्योति की कलश यात्रा आज

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नर्मदा तट की पावनधरा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक जागृति का एक अनूठा संगम होने जा रहा है। विश्व विख्यात आध्यात्मिक संस्था दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आगामी 10 फरवरी से 14 फरवरी तक भगवान शिव आराधन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है शवत्व से शिवत्व की ओर थीम पर आधारित यह पंच-दिवसीय सत्संग समागम नर्मदा कॉलोनी पार्क डॉ शैलेन्द्र गुप्ता जल छानन के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है मुख्य कार्यक्रम से पूर्व 9 फरवरी को प्रातः 9 बजे सिंहवाहिनी मंदिर नावघाट से एक मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें सैकड़ों की संख्या में सौभाग्यवती महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी जो भक्ति और भारतीय संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा संस्थान ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इस आध्यात्मिक उत्सव में सम्मिलित होने अपील की है।

# ओबीसी जिलाध्यक्ष बने सीबी पटैल



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के ओबीसी समुदाय से संबंधित समस्त जातियों के प्रतिनिधियों की बैठक में जिला ओबीसी प्रगति मोर्चा के जिला अध्यक्ष का दायित्व एड. सीबी पटैल को सर्वसम्मति से सौंपा गया है। बिंझिया स्थित सरदार पटेल मंगल भवन में ओबीसी समुदाय की सभी जातियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी एड. सीबी पटैल को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। उपस्थित सभी समाजसेवी प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाईयां भी दीं। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के द्वारा हाल ही में जारी यूजीसी बिल को जल्द ही लागू कराने के अलावा जातिगत जनगणना फार्म में एसटीएससी और सामान्य वर्गों के कॉलम के साथ साथ ओबीसी का कॉलम भी जोड़े जाने शासन का ध्यानाकर्षण कराने देश भर में संघर्ष को तेज किया रहा है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मोहगांव के ग्राम पंचायत मुंगवानी में जिला समन्वय राजेन्द्र चौधरी एवं ब्लाक समन्वय नेमलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम एवं नवांकुर संस्था बुढ़नेर नर्मदा महिला संघ का सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में ग्राम के विकास को लेकर ग्रामोदय से अभ्युदय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियां जन जन तक शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना स्वैच्छिकता सामूहिकता से किए जाने वाले कार्य नशा मुक्ति, स्वच्छता, साफ-सफाई, जल संरक्षण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जन-धन योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा के बारे में बताया गया और शपथ दिलाया गया।

# योजना से बदली महिला की आर्थिक स्थिति

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली कड़कनाथ कुकुट पालन योजना अब कई परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। जनपद पंचायत मोहगांव के ग्राम सुड़गांव की श्रीमती उर्मिला मार्को इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आई हैं जिन्होंने इस योजना से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। वर्ष 2023-24 में उनका चयन कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत हुआ। योजना की कुल लागत 4 हजार 400 रुपये थी जिसमें से 75 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया गया। योजना के तहत उन्हें 28 दिवसीय 40 कड़कनाथ चूजे, गुणवत्तापूर्ण आहार, आवश्यक दवाइयां तथा कुकुट इकाई उपलब्ध कराई गई। पशुपालन विभाग ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से पालन-पोषण का प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया श्रीमती उर्मिला मार्को बताती हैं कि कड़कनाथ मुर्गी अपनी उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता कम कोलेस्ट्रॉल और अधिक प्रोटीन के कारण बाजार में विशेष मांग रखती है।

# कमलेश फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नियुक्त

मण्डला(स्वतंत्र मत)

पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर एवं निष्पक्ष सेवाएं दे रहे पत्रकार कमलेश मिश्रा को पत्रकार फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष तारा चंद्र पटेल द्वारा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विदित हो कि श्री मिश्रा विगत 26 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने हमेशा निर्भीक, निष्पक्ष एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उनकी सेवाओं को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के उपलक्ष्य में स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमलेश मिश्रा एवं पत्रकार फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन चौधरी का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नितिन चौधरी, संतोष बैरागी, सुदामा पटैल, हनुमान तिवारी, राजेंद्र श्रीवास, शाहबुद्दीन, सुनील सोनकेशरी, आलोक जैन, राहुल चौरसिया, राजेश यादव, शंभू शुक्ला, हेमंत नायक, अमित सेन, भूपेंद्र दोहरे, चंद प्रकाश दुबे, संजय ताम्रकार सहित अनेक पत्रकार गण उपस्थित रहे।



# वन विभाग ने पकड़ी साजा चिरान लकड़ी



मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)

वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी के परिवहन व भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पूर्व सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र जगमण्डल अंतर्गत ग्राम घोंट में सर्च वॉरंट के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध लकड़ी जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने शिवचरन साहू के आवास पर सर्च वॉरंट के अंतर्गत तलाशी ली तलाशी के दौरान मौके से अवैध रूप से संग्रहित 37 नग साजा चिरान लकड़ी, जिसकी मात्रा 0.261 घन मीटर आंकी गई है जब्त की गई लकड़ी का मावजा महसूल सहित मूल्य 8,850 रुपये बताया गया है इस मामले में वन विभाग द्वारा वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3537/09 दर्ज कर विधिसंगत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जब्त की गई लकड़ी को वन अभिरक्षा में ले लिया गया है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है संपूर्ण कार्यवाही उप वनमंडल अधिकारी जगमण्डल माधवराव उइके के निर्देशन में तथा परिक्षेत्र अधिकारी जगमण्डल श्रीमती लतिका तिवारी उपाध्याय के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही के दौरान परिक्षेत्र सहायक ब्रजभान सिंह कुल्हिया कार्यवाहक वनपाल, वनरक्षक अभिषेक शुक्ला, बालसिंह ठाकुर, पहल सिंह मार्को, प्रदीप भांडे, रामलाल हरदहा, कौशल कोकडि़या, टीकाराम उइके, मिलसिंह तेकाम, प्रिया गौतम, अनिता उइके, सुमन मार्को, धनवती परते सहित सुरक्षा श्रमिक सुखराम, हेमलाल एवं राजकुमार शामिल रहे।

## एमएसजी एकेडमी में विदाई समारोह

**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** जिले के विकासखंड घुघरी मुख्यालय स्थित एमएसजी एकेडमी घुघरी में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें संस्था के मैनेजर डॉक्टर कृष्ण और संस्था के डायरेक्टर बीपी सिंह ज्ञान स्थली एकेडमी मोहगांव के प्रधानाचार्य डीके, एमएसजी सक्षा जिला डिंडोरी के प्रधानाचार्य संदीप श्रीवास्तव ज्ञान स्थली एकेडमी रामनगर के प्रधानाचार्य अतुल कुमार एवं पालक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी गण व एमएसजी एकेडमी घुघरी के प्रधानाचार्य अनुज कुमार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने सबसे पहले मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माला अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया वहीं समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत वंदन किया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 10 को

मण्डला(स्वतंत्र मत)

अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक गोंडी पब्लिक ट्रस्ट कलादीर्घा के बाजू से स्वस्थ्य परामर्श शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सभी तरह की बीमारियों का नि:शुल्क जांच एवं दवाईयां दी जायेंगी। यहां पर अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवा देंगे। जो मरीजों को परामर्श के साथ उपचार करेंगे। यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ नाक, कान, गला स्किन महिला चिकित्सक के साथ हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ अन्य रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।



संपादकीय

## अभी बात बाकी है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय संबोधन में खुलासा किया है कि भारत 9 देशों के साथ व्यापार समझौते कर चुका है और 24 देशों के साथ वार्ताएं जारी हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी खुलासा किया है कि भारत-अमरीका का साझा बयान 4-5 दिन में सार्वजनिक हो जाएगा, जबकि मार्च मध्य में समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। जाहिर है कि अभी बहुत कुछ तय होना है। दोनों देश सिर्फ सैद्धांतिक तौर पर सहमत हुए हैं। इस संदर्भ में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां तक कह दिया कि समझौते से भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। किसी ने कहा कि रात के अंधेरे में किसानों के साथ विश्वासघात किया गया है। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान स्पष्ट कर चुके हैं कि कृषि और डेयरी क्षेत्रों को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया है? किसान और पशुपालक पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित हैं। यथार्थ यह भी है कि कृषि के कई उत्पादों का भारत को आयात करना पड़ता है, क्योंकि यहां के किसान उतना उत्पादन नहीं कर सकते, जितनी खपत है। भारत दालें, सूखे मेवे, खाद्य तेल, फल और सब्जियों का 26 अरब डॉलर का आयात करता है। यानी विदेशी कंपनियां भारतीय बाजार में मौजूद हैं और अरबों डॉलर का व्यापार कर रही हैं। बेशक अमरीका से इन कृषि उत्पादों का आयात कम किया जाता है। यदि अमरीका से यह आयात सस्ता पड़ेगा, तो क्या हम समझौते से चिपके रहेंगे और अमरीका से ये उत्पाद नहीं खरीदेंगे? बेहद संवेदनशील सवाल है। चूंकि देश में इन उत्पादों की खपत है, जरूरत है, लिहाजा आयात करना 'राष्ट्रीय मजबूरी' है। भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट सामने आई है कि यदि अमरीका से डेयरी उत्पाद भारत में आए, तो यहां के दुग्ध उत्पादक किसानों को करीब 1,03,000 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। यह भी दलील दी जा रही है कि अमरीका में गायों को मांस और चर्बी आदि खिलाते हैं, लिहाजा उनके दूध में उसके प्रभाव भी शामिल होंगे और इस तरह असंख्य भारतीयों का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होता है मानो कृषि और डेयरी क्षेत्र आज भी अपंग-अधूरे हैं। हालांकि भारत में दुग्ध कारोबार 7.5-9 लाख करोड़ रुपए का है। हम विश्व में सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक देश होने का भी दावा करते रहे हैं। हमने दूध की कमी और संकट के दौर भी देखे और झेले हैं। भारत में 13 जनवरी 1970 को जब 'ऑपरेशन फ्लड' का आगाज किया गया था, तो उसे दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी विकास कार्यक्रम करार दिया गया था। उसे 'श्वेत क्रांति' का नाम भी दिया गया था, लेकिन उससे पहले भारत दूध की कमी वाला देश था। इस 'श्वेत क्रांति' के सूत्रधार थे- डॉ. वर्गीज कुरियन। लगभग ऐसा ही हाल कृषि का है। आजादी के 78 सालों के बाद भी सहस्त्र वर्षों पुरानी कृषि इस स्थिति में नहीं है कि विदेशी प्रतिस्पर्द्धा का मुकाबला कर सके। किसान भी गरीब है और सरकारी मदद के भरोसे रहता है, लिहाजा भारत को आज भी कृषि और किसान को संरक्षण देना पड़ रहा है। व्यापार समझौतों पर बातचीत के दौरान भारत को इन दो मुद्दों पर अड़े रहना पड़ता है। अलबत्ता यूरोपीय संघ और अमरीका के साथ व्यापार समझौते कभी के तय हो गए होते! किसान भारत की राजनीतिक बाध्यता भी हैं। इस वोट बैंक के दबाव के आगे सभी को झुकना पड़ता है।

# ट्रेड डील पर अमेरिकी किसान लॉबी का दबाव

दिसंबर, 2025 के पहले हफ्ते की खबर जिन्हें याद नहीं, वो दोबारा से उसका स्मरण कर लें, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका-चीन व्यापार तनाव में फंसे किसानों की सहायता के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित 12 अरब अमेरिकी डॉलर के कृषि सहायता पैकेज की घोषणा की थी। इलिनोइस के सोयाबीन किसान जॉन बार्टमैन ने कहा था, कि यह सहायता 'ऊंट के मुंह में जीरा' के समान है। लेकिन, अब अमेरिकी किसान भारत में हुए टैरिफ डील से थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं।



इस साल अमेरिका में मध्यावधि चुनाव है, किसानों का गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो सारे किये-कराये पर पानी फिर जायेगा। यह महत्वपूर्ण चुनाव अभी 10 महीने दूर है, और असली प्रचार अभियान अगले महीने शुरू होगा, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपना संबोधन देंगे। मिडटर्म चुनाव नवंबर में राष्ट्रपति के कार्यकाल के बीच में होते हैं, और इनका नतीजा आमतौर पर यह होता है कि राष्ट्रपति की पार्टी अमेरिकी कांग्रेस में अपनी पकड़ खो देती है। पिछले 23 मिडटर्म चुनावों में, राष्ट्रपति की पार्टी ने हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में औसतन 27 सीटें और सीनेट में तीन सीटें गंवाई हैं। सिर्फ़ दो बार ही राष्ट्रपति की पार्टी दोनों सदनों में सीटें जीत पाई है।

इसके दो कारण होते हैं। पहला, जो पार्टी सत्ता में नहीं होती इस मामले में, डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके समर्थक आमतौर पर ज़्यादा वोटिंग करवाने के लिए मोटिवेटेड होते हैं। दूसरा, राष्ट्रपति की अप्रूवल रेटिंग आमतौर पर ओवल ऑफिस के पहले दो वर्षों में कम हो जाती है, जैसा कि ट्रंप के साथ हुआ है, जो स्विंग वोटर्स और निराश वोटर्स को प्रभावित कर सकता है। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल ग्रुप के पोलिटिकल इकोनॉमिस्ट, मैट मिलर बताते हैं, 'रिपब्लिकन अभी सीनेट और हाउस दोनों पर बहुत कम अंतर से कंट्रोल रखते हैं। किसी भी सदन को खोने से अगले दो सालों में रिपब्लिकन द्वारा लाए गए किसी भी बड़े कानून को पास करने का कोई भी मौका खत्म हो जाएगा, और यह ट्रंप को उनके बाकी कार्यकाल के लिए डिफेंसिव मोड में डाल देगा।' 'कैपिटल ग्रुप' का काम वित्तीय परामर्श सेवाएं प्रदान करना है। उसके पास विगत 90 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। भारत और चीन की तरह, अमेरिका भी कृषि प्रधान देश है। इस वजह से कृषि पैदावारों के निर्यात ने एक ताक़तवर किसान लॉबी खड़ी कर दी है।



पुष्परंजन

वरिष्ठ पत्रकार

पिछले तीन दशकों में संयुक्त राज्य अमेरिका में कृषि भूमि के उपयोग में विविधता आई है, लेकिन मक्का, सोयाबीन, घास, गेहूं, कपास, ज्वार, जौ और चावल का दबदबा बाज़ार में बरक़रार है। सोयाबीन, अमेरिका का नंबर वन कृषि उत्पाद है, जिसकी पैदावार 119.05 मिलियन मीट्रिक टन बताते हैं। लेकिन हाल ही में ब्राजील ने लगभग 123.6 मिलियन टन उत्पादन के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। उसकी वजह ट्रम्प की नीतियां रही हैं। अमेरिका, 53.85 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन करता है, जो दुनिया भर में चौथे स्थान पर है। संयुक्त राज्य अमेरिका एक ग्लोबल एग्रीकल्चरल पावरहाउस है, जो बड़ी मात्रा में फसलें और पशुधन पैदा करने के लिए एडवांस्ड मशीनीकृत खेती का इस्तेमाल करता है। अमेरिकी कृषि क्षेत्र की खासियत ज़्यादा पैदावार है, जिसमें कई तरह के फल और सब्जियां भी शामिल हैं।

मक्का और सोयाबीन अमेरिका की दो सबसे बड़ी फसलें, और खेती की रीढ़ हैं। विगत डेढ़ वर्षों से इन दो फसलों को उगाने वाले किसानों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में बदलाव, बढ़ते ऑपरेटिंग खर्च और कम अंतरराष्ट्रीय मांग, जो काफी हद तक टैरिफ के रूप में सरकारी नीति के कारण हैं, ने एक मुश्किल हालात पैदा कर दिए हैं। ट्रम्प प्रशासन संख्या नहीं बताता, मगर स्वीकार करता है, कि अमेरिकी किसानों में आत्महत्या की दर राष्ट्रीय स्तर से 3.5 गुना बढ़ी है। वर्ष 2023-24 में, चीन ने 13.2 अरब डॉलर के 24.9 मिलियन मीट्रिक टन सोयाबीन अमेरिका से खरीदा था, जिनका इस्तेमाल मुख्य रूप से अपने 427 मिलियन सूअरों के झुंड को खिलाने के लिए किया गया। अमेरिकी किसानों का दूसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय सोयाबीन बाज़ार, मेक्सिको है।

2017 में ट्रम्प ने पहली बार टैरिफ लगाए थे, तब से फसल किसान सोयाबीन और मक्का निर्यात के लिए महत्वपूर्ण चीनी बाज़ार में गिरावट से जूझ रहे हैं। एग्रो इकोनॉमिक्स की समझ रखने वाले ब्रायन हार्बेज बोलते हैं, 'पिछले महीने रिपोर्ट आई कि सोयाबीन का निर्यात 20 साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। यह अमेरिकी किसानों के लिए बहुत बुरा है। अगर हम निर्यात नहीं कर सकते, तो स्टोरेज एक बड़ी समस्या है, हमारी फसल भी खराब होती है। यह दोहरी मार है। वित्तीय चुनौतियों के बावजूद, कई लोग अमेरिकी राष्ट्रवाद के नाम पर अभी भी ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं।' हालांकि, चीन ने 2034 तक अपने घरेलू सोयाबीन उत्पादन को 38 प्रतिशत बढ़ाने का वादा किया है। यह सूचना अमेरिकी सोयाबीन उत्पादकों के लिए सुखद नहीं है। इसलिए, भारत जैसे वैकल्पिक बाज़ार की तलाश में ट्रम्प प्रशासन लग चुका है। भारत में लगभग 13.05 मिलियन टन सोयाबीन का उत्पादन होता है, जिसमें से आधे से ज़्यादा उत्पादन अकेले मध्य प्रदेश में होता है। भारत में मक्के का उत्पादन लगभग 42 मिलियन टन है, जिसका 20 प्रतिशत फ्यूल-ग्रेड इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल होता है। देश मक्के के उत्पादन में आत्मनिर्भर है, लेकिन खाने के तेल के लिए प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के कारण खाना पकाने के लिए सोया तेल आयात करता है। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार, 'मौजूदा ऑयल ईयर 2025 -26 के लिए कुल सोयाबीन की उपलब्धता 110.02 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि 2024-25 में 134.76 लाख टन थी।' चुनांचे, कोई 6 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन के आयात की ज़रूरत भारत को पड़ेगी। भारत मुख्य रूप से अर्जेंटीना और ब्राजील से सोयाबीन तेल इंपोर्ट करता है। इसके अलावा रशियन फेडरेशन, पैराग्वे और यूक्रेन से भी सोया आयल इंपोर्ट किया जाता है। भारत सोयाबीन के बीज इथियोपिया, बेनिन, टोगो, मोज़ाम्बिक और जिबूती से आयात करता है। तो क्या अब सोया आयात का बड़ा हिस्सा अमेरिका से हुआ करेगा? सब्सिडी के मामले में हमारे किसान कहीं से अमेरिकी व यूरोपीय किसानों का मुकाबला नहीं कर सकते। उन्हें डर है कि कुछ ही वर्षों में ये पूरा कृषि बाज़ार हथिया लेंगे। भारत में एक किसान आमतौर पर 1 एकड़ ज़मीन में लगभग 1 मीट्रिक टन सोयाबीन पैदा करता है। लेकिन उतनी ही ज़मीन पर जीएम सोयाबीन की पैदावार 3 मीट्रिक टन तक हो सकती है। भारतीय किसानों के लिए जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) फसलें एक अलग चिंता का सबब है।


# 'पॉकेट गवाह' से 'डिजिटल गवाह' तक



डीसी सागर (एडवोकेट)

लेखक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं।

अदालत का कक्ष अक्सर विरोधाभासों का मंच होता है। यहाँ न्याय की तराजू इस बात पर टिकी होती है कि गवाह के शब्द कितने वजनदार हैं। लेकिन कानूनी गलियारों में एक शब्द अक्सर चर्चा में रहता है- 'पॉकेट गवाह'। यह वह गवाह है जिसे जांच एजेंसियां अपनी सुविधा के अनुसार 'जेब' में रखती हैं, सिखाती हैं और जरूरत पड़ने पर कमजोर केस को सहारा देने के लिए पेश कर देती हैं।




एक वकील के तौर पर मैंने देखा है कि कैसे गढ़ी हुई गवाहियां न्याय की प्रक्रिया को दूषित करती हैं। लेकिन 'डिजिटल इंडिया' के इस दौर में अब खेल बदल रहा है। अब हमारी अदालतों में इंसान से ज्यादा तकनीक बोल रही है।

### न्यायपालिका का कड़ा रुख: गवाह या कठपुतली?

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दशकों से पॉकेट गवाहों की संस्कृति पर प्रहार किया है। सतपाल बनाम दिल्ली प्रशासन (1976) से लेकर कर्नाटक राज्य बनाम यारप्पा रेड्डी (1999) तक, अदालतों ने बार-बार चेतावनी दी है कि पुलिस के 'स्टॉक गवाहों' पर आँख मूंदकर भरोसा नहीं किया जा सकता। महेंद्र चावला (2019) के मामले में तो कोर्ट ने यहाँ तक कहा कि गवाह का निष्पक्ष होना अनुच्छेद 21 के तहत उसका मौलिक अधिकार है। अदालतों का स्पष्ट संदेश है- न्याय सुविधा का मोहताज नहीं हो सकता।

### भारतीय साक्ष्य अधिनियम

### 2023: डिजिटल गवाह को नई शक्ति

नए कानून (BSA2023) ने साक्ष्य की परिभाषा को 21वीं सदी के अनुरूप ढाल दिया है। अब डिजिटल गवाह- जैसे सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप चैट और जीपीएस रिकॉर्ड्स- महज सहायक दस्तावेज नहीं, बल्कि मुकदमों की धुरी हैं।

**धारा 63:-** इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स की स्वीकार्यता को सरल और विश्वसनीय बनाया गया है।

**धारा 134:-** यह कानून का पुराना सिद्धांत है जिसे अब और मजबूती मिली है- गवाहों को तोला जाना चाहिए, गिना नहीं। यानी 10 सिखाए हुए पॉकेट गवाहों पर एक अकेला डिजिटल रिकॉर्ड भारी है।

**फॉरेंसिक विस्तार:-** धारा 45-51 के तहत अब डिजिटल विशेषज्ञों की भूमिका को कानूनी मान्यता देकर जांच में इंसानी दखल (Manual Manipulation) की गुंजाइश कम कर दी गई है।

**तुलना: विश्वसनीयता की कसौटी:-** जहाँ एक पॉकेट गवाह भय, लालच या दबाव में अपना बयान बदल सकता है (Hostile Witness), वहीं एक डिजिटल गवाह निष्पक्ष होता है। वह उस समय की स्थिति की सत्य छाप (Impartial Impression) होता है। तकनीक पक्षपाती नहीं होती, वह केवल तथ्यों को प्रस्तुत करती है।

### सत्य अब बंधक नहीं रहेगा

पॉकेट गवाह से डिजिटल गवाह तक का यह सफर भारतीय न्याय प्रणाली में पारदर्शिता की एक नई सुबह है। जब साक्ष्य डिजिटल और अकाट्य होंगे, तो जांच एजेंसियों की 'गढ़ने' की शक्ति स्वत: समाप्त हो जाएगी।

मेरा मानना है कि न्याय एक ऐसी ढाल होनी चाहिए जो निर्दोष की रक्षा करे, न कि ऐसा हथियार जो किसी के इशारे पर चले। सत्य को सूरज की तरह चमकना चाहिए, उसे किसी की जेब में दफन होने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# लो अब आ ही गया नया स्वर्णिम काल



व्यंग

सहीराम

वैसे स्वर्णिम तो हमेशा अतीत काल ही रहता आया है जी! अतीत के स्वर्णिम होने के फायदे धर्म से लेकर राजनीति तक फैले हुए हैं। उधर अगर कथावाचक उससे चांदी कूटते हैं तो इधर नेता लोग अतीत को स्वर्णिम बताकर अपनी कुर्सी पक्की करते हैं। भविष्य के हिस्से तो हमेशा उज्जल रहने की कामना ही आती है बस, जबकि वर्तमान को नून, तेल, लकड़ी के फेर में ही खर्च होना होता है। लेकिन अच्छी बात यह हुई है जी कि अब सिर्फ अतीत ही स्वर्णिम नहीं रहा, वर्तमान भी स्वर्णिम हुआ जा रहा है और कामना की जा रही है कि भविष्य भी स्वर्णिम ही होगा।

ऐसे में भूख, गरीबी, बेकारी को अपने आसपास भी न फटकने दें। न उनका जिक्र करें और न ही उन्हें याद करें और जैसे भूत-प्रेत की छाया से बचने के लिए यज्ञ-हवन किए जाते हैं, वैसे ही भूख, गरीबी, बेकारी की छाया से बचने के लिए यज्ञ-हवन टाइप कुछ पूजा-पाठ करा लेना चाहिए। वैसे भी अब ट्रंप के लिए तो इसकी जरूरत बची नहीं, सो अब आहुति इनके लिए दीजिए। खैर जी, हुआ यह है कि सोने की जो चिड़िया अतीत में भी कहीं खो गयी थी, वह अचानक उड़कर हमारे वर्तमान में आ बैठी है और जमकर चहचहा रही है।

सोना एकदम सोना हो गया है और चांदी एकदम चांदी हो गयी है। अब जिनके पास सोना है, उन्हें लगता है कि उनके छूते ही सब सोना हो जाएगा और चांदी वाले तो खैर चांदी कूट ही रहे हैं। वरना कल तक यह माना जाता था कि शेयर-सट्टा बाजार वाले ही चांदी कूट रहे हैं। या फिर यह माना जाता था कि रीयल एस्टेट वाले चांदी कूट रहे हैं। बिल्डरों की बन आयी थी और प्रॉपर्टी डीलर मालामाल हो रहे थे। जमीन पर खेती करने वाले किसान बेशक मिट्टी के साथ मिट्टी हो रहे थे, लेकिन रीयल एस्टेट के धंधे में जमीन सोना थी। फिर किसानों से चाहे उसे मिट्टी के मोल ही क्यों न खरीदा गया हो। शेयर-सट्टे का धंधा तो बेशक उतार-चढ़ावों से भरा हुआ था। फिर वह सभी की समझ में भी तो नहीं आता न। लेकिन रीयल एस्टेट का धंधा तो एकदम चकाचक था। यहां सिर्फ बिल्डरों और प्रॉपर्टी डीलरों के लिए माल नहीं था बल्कि दलालों, बाहुबलियों, पहलवानों, ठेकेदारों, बिचौलियों नेताओं, ठगों सबके लिए काफी माल था।

लेकिन फिर सोने-चांदी की चमक के समक्ष सब कुछ फीका पड़ गया। शेयर-सट्टे का धंधा भी और रीयल एस्टेट- प्रापर्टी का धंधा भी। जिस सोने-चांदी की खरीद को पहले सिर्फ धनतेरस तथा दिवाली जैसे त्योहारों से जोड़कर देखा जाता था, उन्होंने अचानक अर्थव्यवस्था को ऐसे हिला डाला जैसे भूकंप में धरती हिल जाती है। अब हर कोई सोना-चांदी ही खरीदना चाहता है और बस चांदी कूटना चाहता है। नहीं?

# तंग नजरिये से छोटा न हो भारतीयता का आंगन

अखबार में उस दिन दो खबरें एक साथ दिखीं। पहली खबर उत्तराखंड के कोटद्वार की है। वहां एक दुकान है, स्कूली ड्रेस बिकती हैं वहां। नाम है 'बाबा स्कूल ड्रेस और मैचिंग सेंटर'। पिछले 30 साल से चल रही इस दुकान के 75 वर्षीय मुस्लिम मालिक को कुछ लोग धमका रहे हैं कि वह दुकान का नाम बदले बाबा शब्द को हटा दें। भले ही आप अपने पिता को बाबा कहते हैं पर इस दुकान का नाम बदलवाने की मांग करने वालों का कहना है कि कोटद्वार में बाबा सिद्धबली का मंदिर है। उन्हें लगता है कि इस 'बाबा' नाम पर हिंदुओं का एकाधिकार है और किसी मुसलमान को अपनी दुकान का नाम हिंदुओं के देवता के नाम पर रखने का अधिकार नहीं है। अपने आप को हिंदू धर्म का रक्षक मानने वालों की उस भीड़ ने कुछ दिन पहले भी इस नाम को बदलने की मांग की थी, और अब फिर इस बात का जवाब मांग रहे थे कि 'अब तक नाम बदला क्यों नहीं गया'। यह जानना ज़रूरी है कि उस भीड़ के लोग आग्रह नहीं कर रहे थे, धमका रहे थे। उनकी धमकियों का शोर सुनकर पास के जिम का युवा मालिक वहां पहुंचा। जब उसने शोर मचाने वालों को रोकने की कोशिश की और बाबा स्कूल ड्रेस के उम्रदराज मुसलमान मालिक का पक्ष लिया तो उन उपद्रवियों ने उसे युवक का नाम पूछा। युवक ने बुलंद आवाज़ में अपना नाम बताया मोहम्मद दीपक। उसका नाम दीपक कुमार ही था, पर उपद्रवियों के सामने तनकर खड़ा होते हुए उसने स्वयं को मोहम्मद कहा था। एक मुसलमान पड़ोसी के हितों की रक्षा के लिए किसी हिंदू का सामने आना इस देश के लिए नई बात नहीं है, पर दीपक कुमार का स्वयं को मोहम्मद बताना और वह भी सांप्रदायिकता का ज़हर फैलाने वालों के सामने, साहस की मांग करता है। दीपक कुमार ने यह साहस दिखाया और इस साहस के लिए देश के विवेकशील नागरिक उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। विवेकशील लोगों की कमी नहीं है देश में, पर अन्याय के खिलाफ खड़े होकर न्याय के लिए खतरा मोल लेना भी कोई आसान काम नहीं है। दीपक कुमार ने यह साहस दिखाया है। ऐसे हर दीपक का हौसला बढ़ाने की आवश्यकता है।

जिस दिन अखबार में 'मोहम्मद दीपक कुमार' की यह खबर छपी थी, उसी दिन एक खबर देश की पूर्वी सीमा से भी आयी थी। असम की बात है यह। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का एक बयान छपा था अखबारों में। वह कह रहे थे कि मुसलमान रिक्शा चालक को हिंदुओं से कम मेहनताना देना चाहिए। कोई भी यदि इस तरह के भेदभाव वाली बात कहे तो उसे ग़लत ही कहा जायेगा। पर यदि कोई मुख्यमंत्री ऐसी बात करता है तो उसकी सोच पर गुस्सा ही नहीं आता, तरस भी आता है। मुख्यमंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठा कोई व्यक्ति यदि इस तरह की घटिया सोच का प्रदर्शन करता है तो बात और भी गंभीर हो जाती है। यह दुर्भाग्य ही है कि आज़ादी अर्जित करने के इतने साल बाद इस तरह की सोच के उदाहरण सामने आ रहे हैं। जब हमारे पूर्वजों ने देश के संविधान में पंथ-निरपेक्ष भारत की व्यवस्था की थी तो यह निर्णय बहुत सोच-विचार कर लिया गया था। यह



सही है कि देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हुआ था, पर हमारे तत्कालीन नेताओं ने कभी यह नहीं स्वीकारा कि हमारा भारत किसी एक धर्म को मानने वालों का देश बन जाये। दुनिया में शायद ही कोई और देश होगा जहां इतने धर्मों को मानने वाले लोग हों जितने हमारे देश में हैं। भारत ने हर धर्म का स्वागत किया है। हमारी बहुधर्मिता हमारी ताकत है। यह सही है कि भारत में लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी हिंदू है, लेकिन यहां हर धर्म को मानने वालों को अपनी आस्था के अनुसार जीने का अधिकार हमारा संविधान देता है। ऐसे में जब धर्म के आधार पर भेदभाव करने का कोई उदाहरण सामने आता है, और यदि उदाहरण मुख्यमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति प्रस्तुत करता है तो हैरानी भी होती है, और पीड़ा भी। कुछ ऐसा ही एक उदाहरण पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रस्तुत किया है। 'सबका साथ, सबका विकास' हमारे प्रधानमंत्री जी का प्रिय नारा है। वे और उनकी पार्टी के अन्य नेता इस बात का दावा भी करते हैं कि भाजपा की सरकारें बिना किसी भेद-भाव के हर धर्म को मानने वाले के विकास की चिंता करती हैं। होना भी यही चाहिए। प्रधानमंत्री सिर्फ अपने दल का ही नेता नहीं होता, सारे देश का प्रधानमंत्री होता है वह। इसलिए, जब सबके साथ और सबके विकास की बात होती है तो उसका स्वागत ही होना चाहिए। पर पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु खुलेआम यह कह रहे हैं कि इस नीति को बदला जाना चाहिए। हाल ही में उन्होंने यह कहा है कि 'अब' यह नीति नहीं चलेगी। उन्होंने घोषणा की है कि 'जो हमारे साथ हैं, हम उसके साथ हैं'। स्पष्ट है, वे अपने राजनीतिक विरोधियों की ही नहीं, गैर हिंदुओं की भी बात कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि कुछ अर्सा बाद पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं। उसके कुछ बाद असम में चुनाव की बारी है। ऐसी स्थिति में इन दोनों राज्यों में धर्म के आधार पर भेदभाव की आशंकाएं मंडरा रही हैं। सवाल सिर्फ चुनाव में हार-जीत का नहीं है, सवाल उस बीमार सोच का है जिसके चलते देश की जनता को धर्म के आधार पर बांटा जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही किसी भी सोच के अंतर्गत 'बटेंगे तो कटेंगे' की चेतावनी दी हो, पर यह चेतावनी सारे देश के लिए है हमने अपने संविधान में हर भारतीय को समता, न्याय और बंधुता के आधार पर समान अधिकार देने की व्यवस्था की थी। ऐसे में जब कोई शुभेंदु अधिकारी चुनावी सभा में श्रोताओं को इस आशय की धमकी देता है कि 'सड़क तब मिलेगी जब तुम धर्म बदलोगे', तो हैरानी भी होती है और गुस्सा भी आता है। ऐसा ही गुस्सा कोटद्वार के दीपक को आया होगा जब उसने यह देखा कि 75 साल के एक मुसलमान व्यापारी को इसलिए परेशान किया जा रहा है कि उसकी दुकान के नाम में 'बाबा' जुड़ा हुआ है। तीस साल से चल रही है यह दुकान। तीस साल तक किसी को इस पर कोई आपत्ति नहीं हुई। तो, आज यह विवाद किसलिए? यह सवाल सिर्फ 'मोहम्मद दीपक' नाम वाले युवक का नहीं है। देश के हर विवेकशील नागरिक के मन में यह सवाल उठना चाहिए। भारतीयता के आंगन में धर्म की दीवारें खड़ी करने वालों को यह बात क्यों समझ नहीं आ रही कि ऐसी हर दीवार आंगन को छोटा ही करती है। आज अपने आंगन को बांटना नहीं है, पूरे आंगन में धूप की ऊष्मा और रोशनी पहुंचाना हमारी आवश्यकता है। जिस साहस और समझदारी के साथ 'मोहम्मद दीपक कुमार' ने धर्म के नाम पर विद्वेष फैलाने वालों का सामना किया है, आज देश के हर युवा में उस साहस और समझदारी की आवश्यकता है।

कोटद्वार में जो कुछ हुआ उसका एक हिस्सा यह भी है कि यह घटना इसी 26 जनवरी को, अर्थात्‌ जब सारा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था, तब घटी थी। यह वह दिन है जब हमने धर्म-निरपेक्ष भारत के लिए एक संविधान को अंगीकृत किया था। हर 26 जनवरी को हम उस संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेते हैं। हमारे नेता समता और न्याय के पक्ष में खड़े होना क्यों ज़रूरी नहीं समझते? मोहम्मद दीपक ने यह बात समझी है। अब हर सच्चे भारतीय को यह बात समझनी है।

- विश्वनाथ सचदेव

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 आकलन में क्या बदलाव करने की सिफारिश करती है

## केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में पूछा गया सवाल



मेरठ

केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी सीटेट रविवार को कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच हुई। पहली पारी की परीक्षा संपन्न हो चुकी है, जबकि दूसरी पाली का समय दोपहर ढाई बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा के दूसरे दिन सुबह की पाली में सेकेंड प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई। परीक्षा में कई चर्चित सवाल पूछे गए। इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर भी सवाल पूछा गया। यह सवाल था राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी (एनईपी) 2020 आकलन में क्या बदलाव करने की सिफारिश करती है। विकल्प के रूप में आकलन के योगात्मक रूप को क्रियान्वित करने की, स्वयं मूल्यांकन और सहकर्मी मूल्यांकन को शामिल करने की, बुद्धि की एकात्मक धारणा को लागू करने की और चौथा विकल्प छात्रों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ का अवमूल्यन करने की शामिल रहा। अभ्यर्थियों को इनमें से किसी एक का चुनाव करना था। रविवार को सुबह की पाली की परीक्षा का समय सुबह 9.30 से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया था। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की डेढ़ घंटे पहले एंट्री शुरू कर दी गई थी। प्रवेश पत्र पर बायोमेट्रिक के दौरान लगाए गए विशेष होलोग्राम की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। इससे पूर्व परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर भी सघन तलाशी की गई।

**परीक्षा में हल करने के लिए आए 150 सवाल**- द्वितीय पेपर ईजी टू माडरेट रहा। सुबह की पाली में हुई परीक्षा में कुल 150 सवाल आए। इनमें बाल विकास व शिक्षा शास्त्र के 30, गणित-विज्ञान के 60, सामाजिक अध्ययन व सामाजिक विज्ञान के 30, अंग्रेजी व हिंदी के 30-30 सवाल हल करने के लिए आए। हालांकि कुछ अभ्यर्थियों ने सवालों की संख्या 150 और उत्तर बड़े होने के कारण कम समय रहने व कुछ सवाल छूटने की बात भी कही।

**परीक्षा में इस तरह के आए सवाल**- एक-एक घंटे वाला पृथ्वी का एक समय क्षेत्र कितना देशांतरण विस्तार गिरता है। पर्वतों यानी पहाड़ों में बहते समय नदी जल प्रपात बनती है। जल प्रपात्र के लिए दो मुख्य कारणों का चुनाव कीजिए। इसी तरह के कई अन्य सवाल भी परीक्षा में पूछे गए थे।

**अभ्यर्थी बोले ईजी टू माडरेट रहा पेपर**

बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डी ब्लाक शास्त्रीनगर मेरठ से परीक्षा देकर निकली अभ्यर्थी मीनाक्षी प्राची व सान्या का कहना था कि पेपर इजी टू माडरेट था। संस्कृत विषय में पैराग्राफ लंबा था, जिसे हल करने में ज्यादा समय लगा। उनका यह भी कहना था कि निगेटिव मार्किंग न होने के कारण परीक्षा में सभी 150 सवालों को हल किया। उधर अभ्यर्थियों का यह भी कहना था कि वह मुजफ्फरनगर और आसपास के जनपदों से आए हैं। परीक्षा के लिए सुबह जल्दी निकलना पड़ा। इस कारण थोड़ा परेशानी हुई।

# बसपा में बदलावः मायावती ने खत्म किए अहम पद



लखनऊ

विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा प्रमुख मायावती ने बूथ व सेक्टर स्तर तक के पार्टी संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का निर्णय किया है। संगठन के विधानसभा अध्यक्ष, महासचिव व प्रभारियों को जल्द से जल्द बूथ व सेक्टर को गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए सिरे से गठित संगठन में 50 प्रतिशत युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बसपा प्रमुख ने पार्टी के दो-दो जिला प्रभारियों के पद समाप्त कर दिया है। इन्हें विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा 1500 के बजाय 1200 मतदाताओं पर बूथ बनाए जाने से प्रदेश में चूंकि बूथों की संख्या 1.62 लाख से बढ़कर 1.77 लाख हो गई है, इसलिए पार्टी द्वारा पहले से बनाए बूथ-सेक्टर स्तर के संगठन पूरी तरह से प्रभावी नहीं रह गए हैं। लगभग 15 हजार नए बने बूथ पर संगठन नहीं है। पदाधिकारियों की बैठक में मायावती ने समीक्षा कर नए सिरे से बूथ व सेक्टर गठित करने के निर्देश दिए। बसपा प्रमुख ने जिला प्रभारियों के सभी पदों को समाप्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष, महासचिव व प्रभारियों को प्रत्येक विधानसभा के सभी सेक्टरों (35 से 40 सेक्टर) को दो हिस्से में बांटते हुए प्रतिदिन कम से कम चार बूथ गठित करने को कहा है। चूंकि पार्टी के एक सेक्टर में 10 बूथ रहते हैं इसलिए नए सिरे से बूथ व सेक्टर बनाने में लगभग तीन माह लगने का अनुमान है। जिलाध्यक्षों व मंडल प्रभारियों को बूथ व सेक्टर गठन पर नजर रखने के लिए कहा गया है। बसपा प्रमुख ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 मार्च को पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती तथा 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती लखनऊ व नोएडा में धूमधाम से मनाया जाए।

# जापान चुनावः एग्जिट पोल में प्रधानमंत्री ताकाइची को बड़ी बढ़त

## 465 में से 328 सीटें मिलने की उम्मीद



टोक्यो

जापान में रविवार को आम चुनाव के लिए वोटिंग पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को बड़ी जीत मिलती दिख रही है। सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके के एग्जिट पोल के मुताबिक एलडीपी को निचले सदन की 465 में से 274 से 328 सीटें मिल सकती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं। एलडीपी के नेतृत्व वाला गठबंधन सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी (इशिन) के साथ मिलकर 366 सीटें जीत सकता है। फिलहाल गठबंधन के पास 233 सीटें हैं, और अगर यह 310 सीटें जीत लेता है तो ऊपरी सदन में विपक्ष के नियंत्रण के बावजूद कानून पास करने की ताकत मिल जाएगी। ताकाइची ने कहा है कि अगर गठबंधन बहुमत खो देता है तो वह इस्तीफा दे देंगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ताकाइची को समर्थन जता चुके हैं। ताकाइची ने चीन के खिलाफ मजबूत रुख अपनाते हुए सैन्य खर्च बढ़ाया है, आर्थिक पैकेज और टैक्स कटौती की घोषणा की है। उन्होंने खाद्य पदार्थों पर 8 प्रतिशत सेल्स टैक्स को दो साल के लिए निलंबित करने का वादा किया है ताकि बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत मिले। रणनीतिक सलाहकार कंपनी एफजीएस ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर सेइजी इनाडा के मुताबिक, 'अगर ताकाइची बड़ी जीत दर्ज करती हैं, तो उन्हें टैक्स में कटौती जैसे अहम फैसलों को लागू करने की आजादी मिलेगी।'

### तकाइची शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता : ट्रम्प

डोनाल्ड ट्रम्प ने 5 फरवरी को एक पोस्ट में साने ताकाइची को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने तकाइची को मजबूत, शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता कहा, जो अपने देश से सच्चा प्यार करती हैं और जापान के लोगों को निराश नहीं करेंगी। ट्रम्प ने बताया कि वह 19 मार्च 2026 को व्हाइट हाउस में ताकाइची से मुलाकात करेंगे। यह समर्थन जापान के 8 फरवरी 2026 के चुनाव से ठीक दो दिन पहले आया है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान के किसी नेता को चुनाव में खुलकर समर्थन दिया है।

## गीजर फटने से पति की मौत, पत्नी घायल

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन इलाके में इलेक्ट्रिक गीज़र फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और उसकी पत्नी घायल हो गयी। विस्फोट के बाद घर में आग लग गयी। दिल्ली पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे हजरत निजामुद्दीन इलाके में आग लगने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद एक टीम मौके पर भेजी गयी। घर अंदर से बंद था, इसलिए पुलिस को दरवाजा तोड़ना पड़ा।

## अजित पवार की अस्थियां लेकर नंगे पैर संगम पहुंचा बेटा



**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। बेटे जय पवार ने संगम पर पूजा-पाठ की। फिर मंत्रोच्चारण के बीच अस्थि विर्सजन किया। इस दौरान जय पवार भावुक नजर आए। वह पूरे कार्यक्रम के दौरान चुप रहे। किसी से बात नहीं की। यही नहीं, जब पत्रकारों ने जय से सवाल किए तो भी वह चुप रहे, कुछ भी नहीं कहा। पवार परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से पुणे से प्रयागराज पहुंचा था। जय पिता की अस्थियां लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। उनके हाथ में अस्थियों का बॉक्स था। एयरपोर्ट से संगम तक लंबे काफिले के साथ परिवार घाट तक पहुंचा। अस्थि विसर्जन के दौरान भाजपा और एनसीपी के नेता भी मौजूद रहे। दरअसल, एनसीपी की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा की अगुवाई में कश्मीर से कन्याकुमारी तक अजित पवार की 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी। 12 राज्यों से गुजरी यात्रा का समापन आज बेटे और परिवार की मौजूदगी में संगम में हुआ। धीरज शर्मा ने बताया- परिवार समेत लाखों राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं और दादा के समर्थकों के लिए बहुत भावुक पल हैं। मैं अस्थि कलश यात्रा को लेकर हरिद्वार से तेलंगाना तक गया। अजित दादा सिर्फ महाराष्ट्र के नहीं, बल्कि देश की बड़ी राष्ट्रीय राजनीतिक शख्सियत थे।

# बांग्लादेश को 35 साल बाद नया प्रधानमंत्री मिलेगा

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। अल जजीरा के मुताबिक एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं।

# पाकिस्तान ने मस्क की स्टारलिंक सर्विस को नहीं दिया लाइसेंस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अरबपति इलॉन मस्क की स्टारलिंक को सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने का लाइसेंस फिलहाल नहीं दिया है। सरकार का कहना है कि डेटा सिक्योरिटी, निगरानी व्यवस्था और जियोपॉलिटिकल हालात को लेकर अभी चिंताएं बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा है कि स्टारलिंक के जरिए भेजा जाने वाला डेटा पाकिस्तान की मौजूदा मॉनिटरिंग और रेगुलेटरी व्यवस्था को बायपास कर सकता है। इसी वजह से बिना पूरी सुरक्षा जांच के लाइसेंस देने से इनकार किया गया है। सरकार को यह भी चिंता है कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को जरूरत पड़ने पर ब्लॉक करना मुश्किल होगा, खासकर बलूचिस्तान जैसे संवेदनशील और दूरदराज इलाकों में। फिलहाल पांच कंपनियां पाकिस्तान में सैटेलाइट इंटरनेट के लिए लाइसेंस चाहती हैं।

# रूसी सेना के जनरल को गोली मारने का आरोपी दुबई से गिरफ्तार

**मॉस्को।** रूस की मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंसी त्रक के डिप्टी हेड लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेयेव पर गोली चलाने के आरोपी को दुबई में हिरासत में लिया गया है। बाद में उसे रूस को सौंप दिया गया। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। आरोपी रूसी नागरिक है और उसका नाम ल्युबोमिर कोरबा है। उसे फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के शक में दुबई में पकड़ा गया। जांच एजेंसियों के मुताबिक, शुक्रवार को मॉस्को के एक अपार्टमेंट ब्लॉक में अलेक्सेयेव को कई गोलियां मारी गई थीं। रूसी मीडिया के अनुसार, गोली लगने के बाद उनकी सर्जरी की गई।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की जेल में मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की जेलों में बंद कैदियों के साथ व्यवहार पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। अवामी लीग के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और सांसद रहे रमेश चंद्र सेन की शनिवार रात न्यायिक हिरासत में मौत हो गई। वह करीब 18 महीने से जेल में थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। परिवार का आरोप है कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद उन्हें पर्याप्त इलाज नहीं मिला और बार-बार स्वास्थ्य आधार पर जमानत की मांग खारिज की जाती रही। अधिकारियों ने मौत की वजह बीमारी बताई है। रमेश चंद्र सेन की तबीयत जेल में रहते हुए लगातार बिगड़ती गई। परिजनों के मुताबिक, उन्हें कई बीमारियां थीं और नियमित चिकित्सा देखभाल की जरूरत थी। परिवार का कहना है कि उन्हें नाजुक हालत के बावजूद हिरासत में रखा गया।

# शिक्षा में एआई : पढ़ाई के लिए बनेगा यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म

## मोबाइल पर पसंदीदा टीचर की आवाज में मिलेगा किसी भी क्लास का लेक्चर



**नई दिल्ली।** एआई से देश की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पढ़ाई के लिए यूपीआई जैसा राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए स्कूल-कॉलेज के किसी भी विषय का कोई भी टॉपिक मोबाइल पर ऑडियो और वीडियो में उपलब्ध होगा। छात्र अपनी पसंद की भाषा और टीचर की आवाज में लेक्चर सुन सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म 'भारत बोधन एआई स्टैक' के नाम से विकसित किया जा रहा है। जिस तरह भीम, गूगलपे, पेटीएम और फोनपे जैसे ऐप यूपीआई पर काम करते हैं, उसी तरह शिक्षा से जुड़े मोबाइल ऐप 'भारत बोधन' एआई स्टैक पर काम करेंगे। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह कस्टमाइज होगा। छात्र जैसे सवाल पूछेगा, उसी के अनुसार लेक्चर तैयार होगा। छात्र ऑडियो या वीडियो का ऑप्शन चुन सकेंगे। भाषा बदलने पर भी शिक्षक का टोन और पढ़ाने का अंदाज वही रहेगा। यह इंटरेक्टिव होगा, जिससे छात्र सवाल पूछकर तुरंत जवाब पा सकेंगे।

### 12 फरवरी को 'बोधन एआई' की औपचारिक शुरुआत

शिक्षा में एआई के संस्थागत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 12 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'बोधन एआई' पहल की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। इस मौके पर 'भारत बोधन एआई कॉन्क्लेव' में चुनिंदा एआई समाधानों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। भारत बोधन एआई स्टैक के तहत स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास, एआई रिसर्च और डीप टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रस्ताव मांगे गए हैं। ये सभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप होंगे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# जब पत्नी ने एक्टर को घर से निकाला बोली- बाहर जाओ, पैसे कमाओ

## फिल्म धुरंधर में सान्याल का किरदार निभाने वाले माधवन ने सुनाया किस्सा



अभिनेता आर माधवन आजकल हर दूसरी-तीसरी फिल्म में नजर आ रहे हैं। उनकी पिछले छह महीनों में करीब तीन फिल्में रिलीज हुई, जिसमें से एक फिल्म धुरंधर है, जो अभी भी बॉक्स ऑफिस और ओटीटी दोनों पर धमाल मचा रही है। इसमें उन्होंने अजय सान्याल का रोल निभाया है, जो भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के किरदार से प्रेरित था। फिल्म धुरंधर में माधवन का रोल काफी कम था, लेकिन इसके पार्ट-2 में उनका रोल बड़ा और अहम होने वाला है।

बता दें माधवन इस समय हिंदी और साउथ दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिवली काम कर रहे हैं। हालांकि एक वक्त ऐसा भी था जब वो चार साल तक एक्टिंग से दूर रहे। कोविड-19 से पहले माधवन काम से दूर थे, लेकिन इसी दौरान वह अपने अगले फेज की तैयारी में भी जुटे थे। हाल ही में उन्होंने उस दौर को याद किया, जब वह काम नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी पत्नी सरिता ने उन्हें काम करने के लिए प्रेरित किया।

रिपोर्ट के मुताबिक माधवन ने एक मजेदार किस्सा सुनाते हुए बताया कि मेरी बीवी कहती है कि आप कभी काम से बाहर नहीं निकल सकते। आप तो तमिल कॉमेडी करते हैं, तमिल एक्शन करते हैं। ओटीटी करते हैं, हिंदी एक्शन करते हैं, इंग्लिश ओटीटी करते हैं। मुझे तो हैरानी हो रही है कि आप घर पर बैठे हैं। कोरोना के समय 2020 में उन्होंने मुझे घर से बाहर निकाल दिया और बोलीं कि जाओ बाहर, कुछ काम करो, पैसे कमाओ। माधवन ने बताया कि कैसे उनकी पत्नी ने उनमें काम के प्रति आ रहे बदलाव पर ध्यान दिलाया। माधवन ने कहा कि एक दिन मेरी पत्नी ने मुझसे पूछा कि आपको क्या हो गया है? आप काम पर ऐसे जा रहे हो जैसे जल्दी से वापस आना चाहते हो। ये बात उनकी बहुत सही थी। माधवन धुरंधर-2 के बाद और भी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कोविड के बाद से एक्टर का एक अलग ही रूप देखने मिला है, जो फिल्मी लवर्स के लिए काफी एक्साइटिंग भी है।

# कलाकारों का पूरा दिन निकल जाता है काम में



**आठ घंटे की शिफ्ट को लेकर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने खुलकर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। एक्टर ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है।**

शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं। अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है। उन्होंने कहा, शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है।

अर्जुन बिजलानी ने कहा, सबसे मुश्किल बात यह है कि अगले दिन फिर वही दिनचर्या दोहरानी पड़ती है। शरीर को पूरा आराम मिलने से पहले ही फिर से काम पर निकलना पड़ता है। लगातार ऐसा होने से मानसिक और शारीरिक थकान बढ़ती जाती है, जिसका असर कलाकारों की सेहत पर पड़ता है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर प्रभारी प्राचार्य डॉ. आलोक तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कठौतिया में किया जा रहा है। जिसमें शिविर के दूसरे दिन मुख्य अतिथि श्री सुनील पटैल पूर्व सरपंच ,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार, अध्यक्ष साहिल लोधी, उपाध्यक्ष राजाराम जाटव के मार्गदर्शन में दलनायक दिनेश अग्रवाल, सहदलनायक विवेक साहू के नेतृत्व में शिविर के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि श्री सुनील पटैल जी ने शिविर का उद्घाटन फीता काटकर किया।




तत्पश्चात् मां सरस्वती जी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

तदोपरांत मुख्य अतिथि महोदय ने अपने वक्तव्य में बताया कि वह भी रासेयो के स्वयंसेवक रहे हैं और वहीं से प्रेरणा लेकर उन्होंने समाज सेवा के मार्ग का चयन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित किया।

सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि के पद पर रहते हुए कठौतिया ग्राम में विकास कार्य एवं जन सेवा हेतु किए गए विभिन्न कार्यों के बारे में भी बताया। जिससे स्वयंसेवक भी प्रोत्साहित हुए।शिविर में प्रतिदिन समाज एवं राष्ट्र के समक्ष उपस्थित विभिन्न सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने हेतु जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज के बौद्धिक सत्र में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक-आर्थिक असमानता, डिजिटल सुरक्षा, शिक्षा, नशामुक्ति एवं युवा शक्ति पर स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रकट किये। स्वयंसेवकों द्वारा गांव में रैली एवं जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।शिविर में योग-व्यायाम, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सत्र प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। बोद्धिक सत्र में विशेषज्ञों द्वारा पधार कर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों में मीडिया प्रभारी मोतीलाल कतिया, कोर सदस्य शरद साहू, बृजेश चौधरी, ऋतिक कुशवाहा सहित सभी स्वयंसेवको द्वारा सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है।



# जिले में पुलिस बल की दक्षता एवं सटीकता बढ़ाने हेतु आयोजित किया जा रहा फायरिंग अभ्यास

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

पुलिस द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार फायरिंग अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की निशानेबाजी दक्षता, आत्मविश्वास एवं आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की क्षमता को सुदृढ़ करना है। इस दौरान विगत तीन दिवस में पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना, अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया, जिले के समस्त एसडीओपी/डीएसपी सहित लगभग 200 पुलिस जवानों ने विभिन्न हथियारों से लक्ष्य भेदन का अभ्यास किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए अभ्यास संपन्न कराया गया। उक्त फायरिंग अभ्यास से पुलिस बल की कार्यकुशलता एवं तत्परता में वृद्धि होने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।

# हॉलीबॉल प्रतियोगिता 10 से बिछिया में

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

नववर्ष एवं ऐतिहासिक गांधी मेला के शुभ अवसर पर आयोजित होने जा रही ऑल इंडिया हॉलीबॉल प्रतियोगिता विधायक कप 2026 इस वर्ष खेल के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना का सशक्त संदेश लेकर क्षेत्रवासियों के सामने आएगी। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 10 फरवरी से 12 फरवरी तक बीआरसी ग्राउंड भुआ बिछिया में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन क्षेत्र एवं आसपास के जिलों के हजारों खेल प्रेमियों के लिए उत्सव का रूप ले चुका है जहां बड़ी संख्या में दर्शक रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेते हैं इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नारायण सिंह पट्टा विधायक विधानसभा बिछिया होंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रजनी मरावी, श्रीमती शकुना उइके, रणधीर राजपूत, अजयपूरी गोस्वामी, अशोक ननकानी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को और अधिक भव्य बनाएगी खेलप्रेमियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों से अपील की गई है।

# मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के संरक्षक का सम्मान

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला न्यायालय नरसिंहपुर में जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर ने क्षेत्रीय विधायक, म.प्र.शासन के पंचायत एवं श्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ,एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के संरक्षकगण का सम्मान समारोह रखा गया ,जिस अवसर पर मंचासीन कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह,प्रधान एवं जिला न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला,पूर्व मंत्री जालम सिंह, जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के अध्यक्ष मुकेश शर्मा,सचिव सुलभ जैन



,भा.ज.प.जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा रहे,कार्यक्रम में जिला न्यायालय नरसिंहपुर के समस्त न्यायाधीश गण,जिला अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी गण,वरिष्ठ-कनिष्ठ अधिवक्तागण समारोह में उपस्थित हुए, कार्यक्रम को जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, माननीय मंत्री प्रहलाद सिंह ने संबोधित किया तथा सम्मान पत्र का वाचन एवं आभार प्रदर्शन जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के सचिव सुलभ जैन ने किया,जिला अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी गण एवं कार्यकारणी सदस्यगण ने सम्मान-पत्र मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के संरक्षक को प्रदान किया ,इस दौरान मंत्री जी ने जिला के अधिवक्तागणों के लिये और भी सुविधाजनक भवन निर्माण हेतु धन राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है ।मणिनागेंद्र फाउंडेशन की ओर से जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर के अधिवक्तागणों के लिए फर्निचर के रूप में 200 कुर्सी 200 टेबिल कराई गई थी ,जिस के लिए जिला अधिवक्ता संघ नरसिंहपुर ने फाउंडेशन को सम्मानित कर हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

# गायत्री परिवार में समन्वय समितियों का पुनर्गठन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की समस्त तहसीलों एवं जिला स्तरीय समंवय समितियों की पुनर्गठन प्रक्रिया चल रही है। माता भगवती देवी शर्मा जन्मशताब्दी समारोह हरिद्वार में गायत्री परिजनों के विचार विमर्श उपरान्त,माध्यप्रदेश में संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पुनर्गठन पर जोर दिया जा रहा है।गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय कार्यक्रमों को व्यापक स्तर से जन जन तक पहुंचाने सक्रिय परिजनो से उम्मीद की जा रही है। इस संबंध गायत्री परिवार गाडरवारा के तहसील समन्वयक राजेश कुमार कौरव द्वारा हमारे संवाददाता को बताया गया कि संगठन के सभी दायित्व समय दान, श्रमदान, अंशदान से चलते हैं। सर्वसम्मति से गायत्री परिजनों द्वारा न्यूनतम 11 सदस्यीय सक्रिय परिजनो की समिति का गठन कर शांतिकुंज हरिद्वार से अनुमोदन किया जाता है। तत्पश्चात सप्त सूत्रीय आंदोलन के पृथक पृथक दायित्व सौंपे जाते हैं। समंवय समिति के द्वारा साधना , शिक्षा, स्वाध्याय, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण,व्यसन मुक्ति और नारी जागरण आदि सप्त आंदोलन पर किये गये कार्यों की मासिक प्रगति नियमित भेजी जाती है। गायत्री मिशन से केन्द्रीय नेतृत्व, संगठन प्रभारी परम श्रद्धेय आ शैलबाला पाण्डेय शैल दीदी द्वारा समन्वय समिति पुनर्गठन संबंधी पत्र जारी कर दिए गये है। पत्रानुसार तहसील स्तरीय पुनर्गठन 28 फरवरी तक, जिला स्तरीय समिति गठन 20 मार्च तक तथा उपजोन स्तरीय समंवय समितियों का पुनर्गठन 30 मार्च 26 तक किया जाना है। श्री कौरव द्वारा समन्वयक प्रभार से त्याग पत्र देते सभी परिजनों से अनुरोध किया गया है कि गुरु कार्य को महाकाल की सेवा मानकर युग निर्माण की गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर सहभागी बनें।

# इनर व्हील ने दी सीमेंट चेयर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शहर के प्रसिद्ध शीतला मंदिर परिसर में श्रृद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इनर व्हील क्लब की महिलाओं द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। क्लब सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने हेतु सीमेंट से बनी मजबूत कुर्सियाँ चेयर दान कीं जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले भक्तों को काफी राहत मिलेगी क्लब ने बताया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर में बैठक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया के कर कमलों द्वारा चेयर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सचिव सुनीता पमनानी सहित रूबी तपा, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, आरती बृजपुरिया, अनीता चंद्रोल, दीपा खंडेलवाल उपस्थित थे।

# आशुतोष राणा का किया स्वागत



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शांति नगर स्थित कृष्ण कुटी में फ़िल्म अभिनेता साहित्यकार लेखक आशुतोष राणा का उनके मित्रो व शक्कर के दाने परिवार ने आत्मीय स्वागत किया । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिता रविशेखर जायसवाल ने भगवान श्री रामचन्द्र जी की पीतल की मूर्ती भेंट की । इस मौके नपा अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा , पूर्व विधायक साधना स्थापक,भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा, चंद्रकांत शर्मा , कांग्रेस नेता देवेंद्र पटेल गुड्डू, अभिनव ढिमोले, दिनेश मालपानी, कीर्ति राज लूनावत, नवनीत पलोड़, जिनेश जैन, महेश मालपानी, राजेश नीरस, अमुपम ढिमोले, अब्दुल फिरोज खान, अजय सोनी, मुश्तान खान, तरुण सेन अजय शुक्ला विनायक द्विवेदी सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में संचालित दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ति के संचालक एवं उनकी टीम ने फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा से भेंट कर अपनी संस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही गाडरवारा शहर में भी उनके द्वारा दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय की शाखा खुलेगी । गाडरवारा प्रवास के दौरान श्री राणा ने अपने शुभचिंतकों के घर एवं प्रतिष्ठान पहुंचकर मुलाकात की ।

# प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर व विकसित भारत 2047 के संकल्पों को सिद्ध करने वाला केंद्रीय बजट

## बजट में गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ हर वर्ग के कल्याण की चिन्ता : फग्गन सिंह कुलस्ते

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में केन्द्रीय बजट 2026 – 27 को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसे पूर्व केन्द्रीय मंत्री, संसद की एस.टी., एस.सी. कल्याण समिति के अध्यक्ष व मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, बजट के जिला संयोजक नीलकमल जैन, सह संयोजक सुरेन्द्र मोहन नेमा, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदशन व नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है। 2014 में कांग्रेस के शासन काल में भारत 11 वें नंबर की अर्थव्यवस्था था और अब मोदी जी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। मोदी जी की नीतियों व दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।

**सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट 2026**-श्री कुलस्ते ने कहा कि इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि ळल।छ यानी ळ-गरीब, ल्-युवा, ।-अन्नदाता और छ-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए




प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार समर्पित है। यह बजट सतत् आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ ही दुनिया में भारत की ताकत का अहसास कराया है इस बजट में उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए गये है। यह बजट सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। बजट मोदी जी के विजन रिफार्म परफार्म और ट्रांसफोर्म को परिलक्षित कर रहा है।

**केंद्रीय बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा**-उन्होने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज़ है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है।उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**कृषि के साथ अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने वाला बजट**-फग्गन सिंह जी ने कहा कि बजट 2026-27 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान समृद्धि को मजबूती देने के लिए पशुपालन क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह किसानों की कुल आय का लगभग 16 प्रतिशत है इस हेतु पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए पूंजी सब्सिडी योजना शुरू किए जाने का प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए किसानों की आय में वृद्धि करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस हेतु नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है, साथ ही वर्ष 2030 तक भारतीय काजू और कोको को प्रीमियम वैश्विक ब्रांड बनाने का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय फाइबर योजना शुरू करने की घोषणा की है। बजट 2026-27 में 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों को एकीकृत कर मछली पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने का निर्णय ऐतिहासिक है।

**महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला बजट**-कुलस्ते जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी बार-बार कहते हैं कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन हैं। यही कारण है कि हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बनाया। इस हेतु देश के प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का प्रस्ताव है, इसके लिए लगभग 10,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिल सकेगा। महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु 1.5 लाख देखभाल सेवा प्रदाताओं और 1 लाख संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ग्रामीण महिला नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए विशेष पहल की गई है, जिसमें लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है। लखपति दीदी योजना की सफलता को देखते हुए केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए शुरू हुई इस योजना को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। योजना के तहत महिलाओं को आजीविका से बढ़ाकर बिजनेसवुमन बनाने की ओर बढ़ाया जाएगा।

**युवा केंद्रित बजट**-उन्होंने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर हैं। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15,000 माध्यमिक विद्यालयों व 500 महाविद्यालयों में ए.वी.जी.सी. कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। पर्यटन क्षेत्र में आई.आई.एम. के सहयोग से 10 हजार गाइडों के कौशल उन्नयन और खेलो इंडिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेल क्षेत्र में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नई दिशा देगा। एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन युवा उद्यमियों को संबल प्रदान करेगा।

**रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट**-फग्गन सिंह जी ने कहा कि रोजगार बजट 2026 में हेल्थ केयर सिस्टम की मजबूती को ऐलान किया गया। इसे लेकर निर्मला सीतारमण ऐलान किया कि आगामी 5 सालों में 1 लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स को जोड़ा जाएगा। 1.5 लाख केयर गिवर्स को ट्रेनिंग देने का भी ऐलान किया गया है. साथ ही राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरोसाइकोलॉजी संस्थान स्थापित किया जाएगा। सरकार शिक्षा को रोजगार और उद्यम के साथ जोड़ने के लिए प्रयास कर रही है।

**स्वास्थ्य को सशक्त करने वाला बजट**-श्री कुलस्ते ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए श्बायोफार्मा शक्तिश् के तहत 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन और तीन नए एन.आई.पी.ई.आर. संस्थानों का निर्माण भारत को वैश्विक बायोफार्मा केंद्र बनाएगा। 17 दवाओं और 7 असाध्य रोगों की दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट और अगले पांच वर्षों में एक लाख संबद्ध स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को जोड़ने का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ता और सुलभ बनाएगा। एक हजार से अधिक मान्यता प्राप्त इंडिया क्लिनिकल ट्रायल्स स्थलों का नेटवर्क बनाया जाएगा।

**रक्षा एवं विमानन क्षेत्र के लिए**-उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे है उसी क्रम में रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने हेतु रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह देश की सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के लिए रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। रक्षा इकाइयों द्वारा विमानों के रखरखाव, मरम्मत और अन्य आवश्यकताओं के लिए पुर्जो के निर्माण में उपयोग होने वाले आयातित कच्चे माल पर मूलभूत सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, असैनिक और प्रशिक्षण विमानों के निर्माण के लिए आवश्यक कलपुर्जो पर भी शुल्क में रियायत दी गई है। यह कदम घरेलू रक्षा विनिर्माण और विमानन क्षेत्र को सशक्त बनाएगा।

**भारत के भविष्य को सशक्त बनाने वाला बजट**-पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर के निर्माण पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार ने सेमीकंडक्टर को बढ़ावा देने के लिए 22,500 करोड़ बढ़ाकर 40 हजार करोड़ करने का प्रस्ताव करते हैं। इस बजट का एक प्रमुख और दूरगामी प्रावधान देशभर में 30 रासायनिक पार्कों का निर्माण है। यह भारत को वैश्विक केमिकल वैल्यू-चेन का सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। भारत तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में बजट 2026-27 ने यह स्वीकार किया है कि शहर केवल रहने के स्थान नहीं, बल्कि आर्थिक विकास के इंजन हैं। नए इकोनॉमिक ज़ोन का उद्देश्य शहरों को अव्यवस्थित विस्तार से निकालकर योजनाबद्ध, उत्पादक और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल की ओर ले जाना है। खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव। इससे देश के बुनकरों, ग्राम उद्योगों, एक जिला-एक उत्पाद पहल और ग्रामीण युवाओं को लाभ होगा।

**मध्यम वर्ग एवं व्यापारियों को बजट से मिली बड़ी राहत**-फग्गन सिंह ने कहा कि प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट में किसी भी प्रकार का नया कर रोपित नहीं करते हुए जहां उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया गया है।

# गांव-गांव क्लीनिक : अवैध डिग्री से हो रहा इलाज

## झोलाछाप डॉक्टरों का बेखौफ नेटवर्क, स्वास्थ्य विभाग मौन

कटनी (स्वतंत्रमत)।



जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध कारोबार इतना फैल चुका है कि अब यह एक संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। सूत्रों के अनुसार बिना पंजीकरण, बिना मान्यता प्राप्त डिग्री और बिना किसी वैधानिक अनुमति के तथाकथित बंगाली डॉक्टर गांव गांव अवैध क्लीनिक संचालित कर गांव अवैध कनीनिक संचालित कर भूमिका सवालों के घेरे में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा, झिन्ना पिपरिया, खतरा, कटरिया, खहरिया, देवरी, दशरमन, सनकुई, पाली, सिलौंडी, बड़ा कछारगांव, पिंडरई और खाहा सहित रीठी, बड़वारा, विजयराघवगढ़ कटनी के आसपास के दर्जनों ग्रामों में ये फर्जी चिकित्सक बेखौफ होकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। न तो इनके पास मेडिकल काउंसिल का पंजीयन है और न ही किसी प्रकार की चिकित्सकीय योग्यता। इसके बावजूद ये झोलाछाप डॉक्टर इंजेक्शन, स्लाइन, तेज एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाइयों का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों की जान लगातार खतरे में बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाली जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। जांच की भनक लगते ही ये झोलाछाप डॉक्टर अपने क्लीनिक कुछ समय के लिए बंद कर देते हैं और जांच समाप्त होते ही दोबारा पहले की तरह संचालन शुरू कर देते हैं। यही कारण है कि वर्षों से यह अवैध कारोबार बिना किसी भय के फल फूल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गलत इलाज के कारण कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो चुकी है। कई मामलों में मरीजों को समय रहते जिला अस्पताल कटनी रेफर करना पड़ा, जिससे उनकी जान तो बच गई, लेकिन अब तक न तो किसी झोलाछाप डॉक्टर पर ठोस कार्रवाई हुई और न ही लापरवाह अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

क्षेत्रवासियों की मांग है कि इस पूरे मामले की जमीनी स्तर पर उच्च अधिकारियों द्वारा अचानक और निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि वास्तविकता की जांच की जाए तो यह भी सामने आ सकता है कि किन लोगों के संरक्षण में यह अवैध नेटवर्क संचालित हो रहा है और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली क्यों सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं संभागीय अधिकारियों से अपील की है कि कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध क्लीनिकों को तत्काल सील किया जाए और झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी निर्दोष व्यक्ति की जान से खिलवाड़ न हो।

# चलती ट्रेन में बदमाश का धावा महिला का पिट्ठू बैग लेकर फरार

### भोपाल जा रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ वारदात

कटनी (स्वतंत्रमत)।



रीवा से भोपाल जा रही स्पेशल ट्रेन में सतना से भोपाल जा रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ चोरी की वारदात सामने आई है। सतना निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधवी विश्वकर्मा ने बताया कि वह शनिवार को अपनी मां और बेटी के साथ गाड़ी नम्बर 22146 रीवा भोपाल स्पेशन ट्रेन से सतना से भोपाल की यात्रा कर रही थी। ट्रेन के कटनी जंक्शन से रवाना होने के बाद ट्रेन जब मुड़वारा रेलवे स्टेशन के आउटर से निकल रही थीं, तभी अज्ञात बदमाश ट्रेन में चढ़ा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सिर के नीचे रखा पिडू बैग लेकर फरार हो गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जब नींद खुली तो पिडू बैग नहीं मिला। ट्रेन के जबलपुर पहुंचने के बाद माधवी विश्वकर्मा भोपाल न जाकर जबलपुर में ही उत्तर गई और आकर जीआरपी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पिडू बैग में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, एटीएम, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल, नगद 1 हजार रुपये सहित जरूरी सामान रखा हुआ था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 80 साल बाद गाँव में लगे बिजली के खंभे, लाइट का इंतजार, बिल पहले ही आ गया...!

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जिले के करकेली विकासखंड स्थित बिछिया गांव में बिजली आपूर्ति शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों को बिजली के बिलं मिल गए हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर इस गांव के लोग इस स्थिति से हैरान हैं, क्योंकि उनके घरों में अभी तक बिजली कनेक्शन चालू नहीं हुए हैं। आजादी के बाद पहली बार गांव में बिजली पहुंचाने का काम चल रहा है। गांव में बिजली के खंभे और घर-घर मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन तारों को जोड़ने का कार्य अभी जारी है। अधिकांश घरों में बिजली कनेक्शन चालू नहीं हुए हैं, इसके बावजूद ग्रामीणों के मोबाइल पर बिजली विभाग की ओर से बिल के मैसेज आ गए हैं।.

बिल के मैसेज मिलने के बाद ग्रामीण एक-दूसरे से जानकारी लेने लगे। ग्रामीण नरेश सिंह ने बताया कि उनके घर में मीटर तो लग गया है, लेकिन बिजली कनेक्शन अभी शुरू नहीं हुआ है, फिर भी बिल आ गया है। कोमल सिंह ने जानकारी दी कि गांव में सौ से अधिक मीटर लगाए गए हैं, पर केवल दो घरों में ही बिजली की लाइन चालू हुई है। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं को बिल भेज दिए गए हैं।

इस मामले पर बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह तकनीकी प्रक्रिया के कारण हुआ है और कार्य अभी प्रगति पर है। उड़के ने यह भी कहा कि ग्रामीणों को पहले महीने के बिल में छूट दी जाएगी। विभाग ने पूरे मामले की जांच के निर्देश भी जारी किए हैं। बिजली आपूर्ति शुरू होने से पहले ही बिल मिलने से बिछिया के ग्रामीण परेशान हैं और वे इस समस्या का जल्द समाधान चाहते हैं।

# डीपीएस में शिक्षकों ने सीखे नई शिक्षा नीति के आधुनिक मंत्र

## सीबीएसई विशेषज्ञों ने दिया शिक्षकों को प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।



दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के कौशल शिक्षा विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र से कौशल शिक्षा के अनिवार्य कार्यान्वयन के लिए शिक्षकों को सीबीएसई के नवीनतम दिशा-निर्देशों से लैस करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विषय समन्वयक रोनाल्ड नारायण, शिल्पी भट्टाचार्या, विद्यालय की प्राचार्या सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या शबनम अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सीबीएसई विशेषज्ञों ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक जीवन कौशल, रचनात्मक सोच टीमवर्क और समस्या समाधान जैसे गुण विकसित करना है। कार्यशाला को प्रभावी बनाने के लिए संवादात्मक व्याख्यान, समूह चर्चा और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों का सहारा लिया गया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवीन अनुभव साझा किए। विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से पूर्ण करेगा, जिससे वे छात्रों को अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकेंगे। प्राचार्या व शिक्षकों के अनुसार, शिक्षण के इन इनोवेटिव तरीकों का सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा, जिससे उनकी पढ़ाई न केवल आसान होगी बल्कि उनमें क्रिटिकल थिंकिंग और प्रैक्टिकल नॉलेज का भी विकास होगा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# मिथलेश पयासी बने पं दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के संभाग प्रभारी

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष और संगठन के वरिष्ठतम नेता मिथलेश पयासी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शहडोल संभाग प्रभारी बनाया गया है। निश्चित ही श्री मिथलेश पयासी जी के नेतृत्व में शहडोल संभाग में संगठन प्रशिक्षण का काम प्रदेश और भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की मंशा अनुरूप संपन्न होगा। श्री पयासी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय परीक्षण महाअभियान का शहडोल संभाग प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सुमित गौतम, धनुषधारी सिंह, अमित सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी, हरीश विश्वकर्मा, राधेलाल कोल, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, दिनेश पांडे, नगर पंचायत नगर पालिका अध्यक्ष पाली शकुंतला प्रधान मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, राधा तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, कार्यालय मंत्री विनय मिश्रा, नीरज चांदनी, पंकज तिवारी, नम्रता यादव, पूजा बैगा मनीष सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# मुख्य मार्गों से हटे कब्जे, यातायात सुचारू

## 12 लोगों पर 3600 का जुर्माना, अभियान से मिली राहत

कटनी (स्वतंत्रमत)।



शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू बनाने के साथ ही शहर को व्यवस्थित सुन्दर स्वरुप प्रदान करने की दृष्टि से निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देशानुसार निगम की अतिक्रमण शाखा की गठित टीमों द्वारा प्रतिदिन नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों तथा बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को भी प्रातः अतिक्रमण टीम की तत्परता से नगर के मुख्य मार्गों मिशन चैक से सुभाष चैक तक कार्यवाही की जाकर सार्वजनिक मार्गों के किनारे आवागमन बाधित कर अनधिकृत रूप से व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं को हॉकर्स जोन भेजा गया। फल ठेला संचालकों को भी मार्ग से अलग एवं व्यवस्थित कर आवागमन को सुगम बनाने हेतु कार्यवाही की गई। शाम के समय नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों गोल बाजार, झंडा बाजार, सिल्वर टाकीज रोड, रूई बाजार, गर्ग चैराहा, मुख्य स्टेशन मार्ग, स्टेट बैंक तिराहा, बरही रोड, माधवनगर में अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा निर्धारित हद से बाहर सार्वजनिक मार्गो में रखी सामग्री को अलग कराकर तथा नहीं मानने पर जब्ती की कार्यवाही करते हुए आवागमन सुगम बनानें के प्रयास किये गए। कार्यवाही के दौरान बैंकों के बाहर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराते हुए सार्वजनिक मार्गों तथा नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर भी कार्यवही की गई। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि मिशन चौक से सुभाष चैक एवं स्टेशन रोड पहुंच मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान सार्वजनिक मार्ग में दुकान सामग्री रखकर व्यवसाय करते पाए जाने पर 12 लोगों पर 3 हजार 600 रुपये का जुर्माना किया जाकर दोबारा सार्वजनिक मार्गो में सामग्री रखकर व्यवसाय नहीं करने की हिदायत भी दी गई।

# अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 13 फरवरी से

### 15 जिलों के युवा होंगे शामिल, झिंझरी पुलिस लाइन में की जा रही तैयारियां




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में 13 फरवरी से सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा चयन हेतु यहां आयेंगे। इस भर्ती रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होने आयेंगे। कलेक्टर ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं झिंझरी पुलिस लाइन के बैरिकेटिंग का दायित्व पीडब्ल्यूडी को, सीसीटीव्ही कैमरे और कम्प्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था का कार्य जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरव नामदेव को सौंपा है। साथ ही स्थल में फायर ब्रिगेड वाहन और मेडिकल एंबुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ तैनात करने के निर्देश दिये हैं। डायरेक्टर रिक्रूटमेंट रितिक खंजोड़े ने अग्निवीर रैली भर्ती के बारे में बताया कि रैली में महिला एवं पुरूषों का फिजिकल टेस्ट किया जाएगा और अलग-अलग जिलों के प्रतिदिन 700 से 800 आवेदक आएंगे। भर्ती के दौरान रैली में शामिल होने वाले युवाओं के प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए कलेक्टर के निर्देश पर 13 फरवरी से 28 फरवरी तक तीन स्तरों पर शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है।

इसमें प्रवेश पत्र परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु रात्रि 12 बजे से कार्य समाप्ति तक, आधार कार्ड परीक्षण व प्रिंट सुविधा हेतु प्रात 6 बजे से कार्य समाप्ति तक और दस्तावेज परीक्षण के लिए प्रातः 6 बजे से शासकीय कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# शिव-शक्ति और हनुमत भक्ति का अनुपम संगम

### बटेश्वरधाम कैमोर में सजेगा श्रद्धा का महोत्सव

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कैमोर स्थित प्राचीन शिव शनि हनुमान मंदिर बटेश्वरधाम एक बार फिर भक्ति आस्था और संगीत के दिव्य रस में सराबोर होने जा रहा है। प्रभु शिव की अनुकंपा और श्री हनुमान जी की कृपा से यहाँ साप्ताहिक संगीतमय अखंड सुंदरकांड पाठ का भव्य एवं भावविभोर कर देने वाला आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था का महापर्व बनकर आ रहा है। यह पावन आयोजन 9 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक निरंतर चलेगा जहाँ हर दिन राम नाम की गूंज चौपाइयों की मधुर स्वर और भक्ति की अविरल



धारा श्रद्धालुओं के हृदय को भक्तिरस से भर देगी। 15 फरवरी 2026 रविवार को इस महायज्ञ का विशेष समापन होगा जो स्वयं में एक दिव्य अनुभूति प्रदान करेगा। कैमोर समाज सेवी भक्त बृम्हमूर्ती तिवारी ने बताया की इस अवसर पर पूजन अर्चन हवन एवं भंडारे का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा और भगवान शिव शंकर की बारात बटेश्वरधाम से लालनगर शिवालय तक बड़े ही धूमधाम व श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी जिसका शुभारंभ सायंकाल 7 बजे होगा। आयोजन में श्रद्धा संस्कृति और सनातन परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजक बटेश्वरधाम समिति कैमोर एवं समस्त धर्मानुरागी सज्जनों द्वारा समर्पित भाव से इस आयोजन को साकार किया जा रहा है वहीं स्वागताकांक्षी के रूप में क्षेत्र के गणमान्य श्रद्धालुजन अपनी सहभागिता से आयोजन को गरिमा प्रदान करेंगे। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि आत्मा को शांति मन को आनंद और जीवन को सकारात्मक ऊर्जा देने वाला दिव्य अवसर है। बटेश्वर धाम समिति ने अपील करते हुए कहा की समस्त श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह है कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर शिव कृपा और हनुमत भक्ति का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# एसआईआर की आड़ में काटे जा रहे पात्र मतदाताओं के नाम

## कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

दोषियों पर एफआईआर की मांग



शहर के अनेक वार्डों में एसआईआर प्रक्रिया की आड़ में पात्र मतदाताओं के नाम हटवाने की एक गंभीर और सुनियोजित साजिश सामने आई है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि यह पूरा मामला लोकतंत्र पर सीधा हमला है। अमित शुक्ला ने बताया कि शहर के कई वार्डों में गांवों में निवास करने वाले बाहरी व्यक्तियों द्वारा फार्म नंबर 7 भरकर एक एक वार्ड में 100 से 300 तक मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैधानिक है। उन्होंने कहा कि और भी गंभीर बात यह है कि जिन व्यक्तियों के नाम से आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं, उनसे जब व्यक्तिगत रूप से पूछा गया तो उन्होंने साफ इनकार किया कि उन्होंने कोई आपत्ति नहीं लगाई है। इससे स्पष्ट होता है कि किसी संगठित गिरोह द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर आम नागरिकों का संवैधानिक मताधिकार छीना जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी कटनी ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला ने दो टूक कहा कि यदि पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में शामिल व्यक्तियों एवं जिम्मेदार कर्मचारियों अधिकारियों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं करता है, तो कांग्रेस कमेटी मजबूर होकर न्यायालय की शरण लेगी। उन्होंने कहा कि वोट हमारा संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस कार्यकर्ता और बीएलए लोकतंत्र के प्रहरी हैं। किसी भी कीमत पर जनता का अधिकार छीनने नहीं दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला, महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, राकेश जैन कका, राजा जगवानी, नशीर खान, आफ्ताब अहमद चोखे भाईजान, मंजू निषाद, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, संजय खरे, शशि शेखर भारद्वाज, नारायण निषाद, मंगल सिंह, अहमद कुरैशी, श्याम यादव, विजय मंगल चौधरी, विवेक विरहा, जीतू विश्वकर्मा, प्रशांत पांडे, प्रेम कुमार पठारिया संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, अदिता वर्मा, शशि यादव, अजय वर्मा, रमेश अहिरवार, शुभम सोनखरे, सलाहुद्दीन खान, गनपतलाल, अनुज सिंह, तरुण सिंह, वार्ड अध्यक्ष दीपक सिंह, ब्रजेश मौर्य, दिलदार खान इमरान खान एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# डोर-टू-डोर बकायेदारों से किया जा रहा संपर्क

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** वित्तीय वर्ष समाप्ति के शेष बचे 52 दिवसों में निगम के बकाया करों की वसूली कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु नगर निगम का राजस्व अहमला बकाया करों की वसूली हेतु पूर्ण रूप से सक्रिय हो गया है। निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर जहां एक ओर वार्डो में शिविरों के आयोजन तथा अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के टैक्स काउंटर खोल रखे जाकर नागरिकों को बकाया करो को जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। वहीं दूसरी ओर निगम की राजस्व वसूली हेतु गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वार्डवार डोर-टू-डोर पहुंचकर बकायेदारों से संपर्क किया जाकर शेष करों की बकाया राशि को जमा कराने के प्रयास किये जा रहे है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि बकाया करों की वसूली एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को अवकाश के दिन भी निगम कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों के साथ-साथ शिविरों के तहत सुभाष चौक एवं मंगल नगर गेट के पास स्थित काउंटर खोले जाकर नागरिकों को बकाया करों को जमा करने की सुविधा प्रदान की गई। वहीं दूसरी ओर गठित दल द्वारा बकायेदारों से संपर्क किया जाकर बकाया करों की राशि की जानकारी देकर संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया सहित अन्य निगम करों की राशि निगम कोष में जमा कराने की कार्यवाही की गई।

**बकाया करों को जमा करने हेतु शिविरों का भी किया जा रहा आयोजन**

# इंग्लैंड की नेपाल पर चार रन से रोमांचक जीत

## नेपाल ने लक्ष्य का जबर्दस्त ढंग से पीछा किया लेकिन अंत में छह विकेट पर 180 रन ही बना सका




**मुंबई, (वार्ता)** नेपाल टी-20 विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंच गया लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम ओवर में धैर्य बनाये रखते हुए टी-20 विश्वकप के पांचवें मुकाबले में रविवार को चार रन से रोमांचक जीत हासिल की। इंग्लैंड ने सात विकेट पर 184 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। नेपाल ने लक्ष्य का जबर्दस्त ढंग से पीछा किया लेकिन अंत में छह विकेट पर 180 रन ही बना सका। सैम करन ने बेहतरीन आखिरी ओवर डाला और नेपाल को सिर्फ पांच रन ही बनाने दिये। जबकि 19वें ओवर में नेपाल ने 14 रन बनाये थे। जेकब बेथेल (55) और कप्तान हैरी ब्रूक (53) रनों की अर्धशतकीय शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 184 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया था।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल ने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिये। आसिफ शेख (सात) और कुशल भुर्तेल (29) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान रोहित पॉडेल और दीपेंद्र सिंह ऐरी की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़े। 15वें ओवर में सैम करन ने दीपेंद्र सिंह ऐरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 44 रन बनाये। अगले ही ओवर में लियाम डॉसन ने रोहित पॉडेल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। रोहित पॉडेल ने 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। आरिफ शेख 10 रन बनाकर आउट हुये।

### लोकेश बम ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लोकेश बम ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए जीत की उम्मीद जगा दी। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर ल्यूक वुड ने गुलशन झा (एक) को बोल्ड कर अपनी टीम को कुछ राहत दी। नेपाल की टीम को मैच की आखिरी गेंद पर जीत के लिए छक्के की जरूरत थी लेकिन करन ने सिर्फ एक रन दिया।

### इंग्लैंड ने 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया

इंग्लैंड के लिए लियाम डॉसन ने दो विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर, सैम करन, विल जैक्स और ल्यूक वुड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां नेपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जेकब बेथेल ने 35 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (55) और कप्तान हैरी ब्रूक ने 32 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की अर्धशतकीय पारियां खेली।

## 10 मी एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में

# बाबूता और वलारिवान की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक



**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारत के अर्जुन बाबूता और एलावेनिल वलारिवान ने रविवार को नई दिल्ली में चल रही एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में नए वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम का खिताब जीतकर मेजबान टीम की गिनती में एक और स्वर्ण पदक जोड़ दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने शुरू से आखिर तक फाइनल में अपना दबदबा बनाए रखा और 505 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया। यह 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम निशानेबाजी फाइनल में नया विश्व रिकॉर्ड स्कोर भी था, जो पिछले महीने स्लोवेनिया में आईएसएसएफ ग्रां प्री में जर्मन जोड़ी हैना बुएहलमेयर और मैक्सिमिलियन उलब्रिच के बनाए 502.7 के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक राउंड का फॉर्मेट बदलकर चार टीमों का शूटऑफ कर दिया गया, जिसमें अलग-अलग स्वर्ण और कांस्य पदक मैच होंगे, जो एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। इसलिए रिकॉर्ड भी उसी तारीख से माना जायेगा। कोरिया गणराज्य के किम वूरिम और क्वोन यूंजी की जोड़ी ने 501 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि जापान के नाओया ओकाडा और मिसाकी नोबाता की जोड़ी ने 437.9 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

इससे पहले, बाबुता और वलारिवान ने 632.8 के कुल स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में भी टॉप किया था। अर्जुन बाबूता ने इस हफ्ते की शुरुआत में पुरुषों की 10मी एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता था।



## सर्विसेज ने आठवां खिताब जीता, फाइनल में केरल को हराया

**ढाकुआखाना (असम) (वार्ता)** सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी, जब रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के आखिर में टीमें एक भी गोल नहीं कर पाई थीं।

# भांबरी-सुरेश की से भारत ने नीदरलैंड्स पर 2-1 की बढ़त बनायी



**बेंगलुरु (वार्ता)** भारतीय टेनिस फैंस के लिए यह वीकेंड कितना शानदार रहा! युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने हिम्मत और पक्के इरादे का शानदार नमूना पेश किया, और सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल की डच जोड़ी पर 7-6, 3-6, 7-6 से अहम डबल्स मैच जीत लिया। इस जीत के साथ, भारत डेविस कप मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-1 की बढ़त बना चुका है - और सच कहूं तो, यह इससे ज़्यादा ड्रामैटिक नहीं हो सकता था। यह मैच बड़े विनर्स मारने या पावर दिखाने के बारे में नहीं था। नहीं, यह प्रेशर झेलने, एक-एक पॉइंट पर डटे रहने और हर रैली के फाइनल जैसा लगने पर भी पलक न झपकाने के बारे में था। भांबरी और सुरेश हर एक टेंशन वाले पल में बने रहे, तीसरे सेट में बार-बार पीछे धकेले जाने के बाद, फिर से इकट्ठा हुए, सर्व बनाए रखा और मुकाबले को अपनी शर्तों पर वापस ले गए। जब आखिर में डिसाइडर में 6-6 पर टाई-ब्रेक हुआ, तो भारतीय जोड़ी ने ठंडे दिमाग से खेला, स्मार्ट खेला और घरेलू दर्शकों की ज़ोरदार तालियों के साथ मैच जीत लिया। डबल्स में यह सफलता शनिवार को सिंगल्स के पहले दिन के उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले के तुरंत बाद मिली। सुमित नागल अपने शुरुआती मैच में लड़खड़ा गए, गाए डेन ओडेन से 0-6, 6-4, 3-6 से हार गए, जबकि डच टीम ने शुरू में 1-0 की बढ़त बना ली थी। लेकिन दक्षिणेश्वर सुरेश ने भारत को ज़िंदा रखा।



## देविका सिहाग का टाइटल जीतने का सिलसिला जारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत की उभरती हुई महिला सिंगल्स खिलाड़ी देविका सिहाग ने रविवार को बाकू में अजरबैजान इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंटरनेशनल सर्किट पर अपना लगातार दूसरा टाइटल जीता, जबकि सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा ने मिक्स्ड डबल्स का टाइटल जीता। देविका, जो पिछले हफ्ते थाईलैंड मास्टर्स में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी थीं, ने फाइनल में हमवतन नव्या कंडेरी को 21-10, 21-13 से हराकर अपना टाइटल जीतने का सिलसिला जारी रखा। टाइटल जीतने के बाद बाई मीडिया से बात करते हुए, देविका ने कहा कि वह इन दो हफ्तों में जिस तरह से खेलीं, उससे खुश हैं।

# वर्टिकल लैंडिंग-टेकऑफ वाली ई-एयर टैक्सी कम कर सकती है आवागमन का समय : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, (वार्ता)**



दिल्ली-एनसीआर में छतों से वर्टिकल लैंडिंग और टेकऑफ करने में सक्षम ई-एयर टैक्सी आने वाले समय में आवागमन में लगने वाले घंटों को मिनटों में बदल सकते हैं और इसके लिए अपनी इमारत की छत उपलब्ध कराने वालों के लिए कमाई का जरिया बन सकते हैं। उद्योग परिसंघ सीआईआई की एडवांस्ड एयर मोबिलिटी पर जारी रिपोर्ट में एक पायलट कॉरिडोर मॉडल पर मंथन किया गया है जिसका विस्तार करने की भी संभावना है। इसमें पायलट के तौर पर गुरुग्राम, कनॉट प्लेस और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर का सुझाव दिया गया है। सीआईआई का कहना है कि इससे देश को इंफ्रास्ट्रक्चर की रुकावटों को कम करने और परिचालन में लगने वाले समय में भारी कटौती में मदद मिल सकती है। साथ ही शहर की भीड़भाड़ का समाधान मिल सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु और नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने यहां यह रिपोर्ट जारी की।

कार्यक्रम में नागर विमानन महानिदेशालय के महानिदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार भी मौजूद थे। इलेक्ट्रॉनिक एयर टैक्सी प्रौद्योगिकी से देश के नेट-जीरो लक्ष्यों को भी समर्थन मिलेगा। हालांकि इसके परिचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमन की भी आवश्यकता होगी। इन विमानों का परिचालन कम ऊंचाई पर होने से सुरक्षा बहुत बड़ा मुद्दा होगा।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि मास्टर प्लान में एयर टैक्सी कॉरिडोर और वर्टिपोर्ट लोकेशन को शामिल करने के लिए शहरी नियोजन में शामिल इकाइयों और स्मार्ट सिटी मिशन के साथ मिलकर काम करने से जमीन की उपलब्धता, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और बैटरी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ग्रिड इंटीग्रेशन संभव हो सकेगा। साथ ही, छतों से टेकऑफ और लैंडिग को भी एक समाधान के तौर पर रिपोर्ट में शामिल किया गया है। कमर्शियल हब, हॉस्पिटल, टेक पार्क और रेजिडेंशियल टावर की छतों के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में 50-100 किमी की रेंज में कार्गो और जरूरी मेडिकल आपूर्ति पर फोकस करते हुए ड्रोन-आधारित लॉजिस्टिक्स परिचालन की सलाह दी गई है। इसमें टेक-ऑफ और लैंडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जल्दी प्लानिंग पर भी जोर दिया गया है। अस्पताल, मेट्रो स्टेशन और बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के साथ ट्रांसपोर्ट नेटवर्क का आसानी से एकीकरण किया जा सकता है। शुरुआती चरण के ट्रायल के लिए, रिपोर्ट में रियल-वर्ल्ड टेस्टिंग और विनियामक प्रोटोटाइपिंग के लिए पायलट जोन तय करने का सुझाव दिया गया है।

# चावल, दाल, चीनी में साप्ताहिक तेजी- गेहूं नरम, तेलों में घटबढ़



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के विपरीत गेहूं में नरमी रही। दालों और चीनी के दाम भी बढ़ गये जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा नौ रुपये चढ़कर 3,337 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। पाम ऑयल की औसत कीमत 93 रुपये और मूंगफली तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 34 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 17 रुपये और सोया तेल में छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 189 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 79 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये बढ़ गयी। चना दाल में 22 रुपये और मसूर दाल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एफपीआई निवेशकों ने फरवरी में किया 15,492 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश




**मुंबई,(वार्ता)**

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से उत्साहित विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) निवेशकों ने फरवरी के पहले सप्ताह में भारतीय पूंजी बाजार में 15,492 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। शुद्ध निवेश एफपीआई निवेशकों द्वारा पूंजीबाजार में लगायी गयी राशि और उनके द्वारा निकाली गयी राशि का अंतर होता है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई निवेशकों ने फरवरी में इक्विटी में 8,129 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। डेट में उनका शुद्ध निवेश 7,369 करोड़ रुपये रहा। हाइब्रिड उपकरणों में भी उन्होंने 68 करोड़ रुपये लगाये। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश ऋणात्मक रहा। उन्होंने इससे 74.3 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड में एफपीआई निवेशकों ने 17.95 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। डेट आधारित म्यूचुअल फंड से उन्होंने 53.51 करोड़ रुपये और हाइब्रिड उपकरणों पर आधारित म्यूचुअल फंड से 51.44 करोड़ रुपये निकाले। अन्य म्यूचुअल फंड में उन्होंने 48.6 करोड़ रुपये लगाये। इससे पहले जनवरी में एफपीआई निवेशक लगातार दूसरे महीने भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाल रहे थे। उन्होंने साल के पहले महीने में शुद्ध रूप से 29,071 करोड़ रुपये निकाले थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 02 फरवरी को टेलीफोन पर हुई वार्ता के बाद व्यापार समझौते पर सहमति की घोषणा की गयी थी। इससे एफपीआई निवेशकों को सकारात्मक संकेत मिला और उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली शुरू की।

### शीर्ष 10 की सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** बीएसई के सेंसेक्स में रही डेढ़ फीसदी की तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 1,32,206 करोड़ रुपये घट गया। विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 74,361 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 48,734 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 40,057 करोड़ रुपये बढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 37,063 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 31,797 करोड़ रुपये की बढ़त देखी गयी।

# शेयर बाजारों पर दिखेगा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का असर

**मुंबई, (वार्ता)**



पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जायेगा। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौता होने की घोषणा की गयी थी जिससे सेंसेक्स एक दिन में दो हजार अंक (ढाई प्रतिशत) से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ था। आने वाले सप्ताह में गुरुवार को आधार वर्ष 2024 की सीरीज पर पहली बार खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। निवेशकों की नजर इस पर भी होगी। वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। पिछले सप्ताह रविवार को आम बजट के दिन विशेष सत्र के कारण शेयर बाजारों में छह दिन कारोबार हुआ। यह पूरा सप्ताह बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,310.62 अंक (1.59 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजट के दिन रविवार को सेंसेक्स 1,547 अंक टूट गया। अगले ही दिन सोमवार को इसमें 944 अंक की तेजी देखी गयी। मंगलवार सुबह अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की जानकारी आने के बाद सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया। बुधवार और शुक्रवार को भी सेंसेक्स हरे निशान में बंद हुआ जबकि गुरुवार को गिरावट रही। सप्ताहांत पर यह 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 373.05 अंक यानी 1.47 प्रतिशत चढ़कर शुक्रवार को 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 1.98 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.35 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड के शेयर सबसे अधिक 14.26 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। ऊर्जा क्षेत्र की ही एनटीपीसी का शेयर 2.61 फीसदी चढ़ गया। एफएमसीजी कंपनी ट्रेंट में 8.80 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.11 प्रतिशत और आईटीसी में 1.19 प्रतिशत की तेजी रही। वित्तीय एवं बैंकिंग कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर 5.49 फीसदी चढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक में 3.81 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व में 3.6 और एचडीएफसी बैंक में 1.27 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.09 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.03 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट रही। वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.24 फीसदी और मारुति सुजुकी का 2.74 फीसदी ऊपर रहा। बंदरगाह क्षेत्र की अडानी पोर्ट्स का शेयर 9.35 प्रतिशत, विमान सेवा कंपनी इंडिगो का 6.84 प्रतिशत और दवा कंपनी सनफार्मा का 6.25 प्रतिशत की बढ़त में रहा। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 3.94 प्रतिशत, दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल में 3.57 प्रतिशत और इटरनल में 3.56 प्रतिशत की तेजी रही। इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी एलएंडटी का शेयर 3.41 प्रतिशत, इस्पात कंपनी टाटा स्टील का 2.05 प्रतिशत और सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.20 प्रतिशत चढ़ा। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां साप्ताहिक नुकसान में रहीं। इंफोसिस का शेयर 8.14 फीसदी, टेक महिंद्रा का 7.12, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 5.95 और टीसीएस का 5.88 प्रतिशत टूट गया। बीईएल में 4.33 फीसदी और एशियन पेंट्स में 1.07 फीसदी की गिरावट रही।

# सब्सिडी अमेरिका की...जोखिम भारत का

## यह किसान विरोधी समझौता है : जीतू पटवारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

जीतू पटवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी एक कंप्रोमाइज प्रधानमंत्री हैं। जो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पूरी तरह सरेंडर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह डील अडानी के ऊपर अमेरिका में चल रहे प्रकरणों को दबाने का समझौता है, रूस से तेल ना खरीदने के दबाव का समझौता है, और प्रधानमंत्री का नाम जो एप्सटीन फाइल्स में आया उस बात का समझौता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर केंद्र सरकार द्वारा जारी संयुक्त बयान को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई बैठक और दिए गए वक्तव्य में किसानों को आश्वस्त करने का प्रयास किया गया, परंतु वास्तविकता यह है कि अब तक उत्पाद-वार टैरिफ संरचना, नॉन-टैरिफ बैरियर की शर्तें और प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। किसानों को भाषण नहीं, बल्कि तथ्य और लिखित गारंटी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भारत और अमेरिका की कृषि संरचना में भारी असमानता है। सार्वजनिक कृषि आँकड़ों के अनुसार अमेरिका में औसत जोत लगभग 440-450 एकड़ है,



जबकि भारत में औसत जोत मात्र 2 से 2.5 एकड़ है। अमेरिका में लगभग 1-2 प्रतिशत आबादी खेती करती है, जबकि भारत में बड़ी आबादी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसी असमान संरचना में खुली प्रतिस्पर्धा भारतीय किसानों के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

### अमेरिका में व्यापक कृषि सब्सिडी दी जाती है

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि अमेरिका में फार्म बिल और अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत व्यापक कृषि सब्सिडी दी जाती है। भारत में औसत प्रत्यक्ष सहायता लगभग 14,000 प्रति वर्ष प्रति किसान के आसपास बैठती है, जबकि अमेरिकी किसानों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कहीं अधिक वित्तीय समर्थन प्राप्त होता है। दिसंबर 2025 में अमेरिकी प्रशासन द्वारा फसल क्षति के लिए अरबों डॉलर की सहायता स्वीकृत की गई, जो दर्शाता है कि वहाँ कृषि क्षेत्र को संकट में भी मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्राप्त है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यदि नॉन-टैरिफ बैरियर कम किए जाते हैं या बाजार को चरणबद्ध तरीके से खोला जाता है, तो सब्सिडी-समर्थित सस्ता अमेरिकी माल भारतीय बाजार में प्रवेश करेगा। ऐसी स्थिति में 2 एकड़ वाला भारतीय किसान 450 एकड़ वाले सब्सिडी-संरक्षित अमेरिकी किसान से कैसे प्रतिस्पर्धा करेगा?

### सोयाबीन का नही, सोयाबीन तेल आयात होगा

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार कह रही है कि मक्का का आयात नहीं होगा, लेकिन यदि पोल्ट्री फीड या एनिमल फीड के नाम पर मक्का आधारित प्रोसेस्ड उत्पाद आयात होते हैं, तो इसका सीधा असर भारतीय मक्का किसानों की आय पर पड़ेगा।

इसी प्रकार यदि सोयाबीन का आयात नहीं होगी, लेकिन सोयाबीन तेल आयात होगा, तो मध्य प्रदेश के लाखों सोयाबीन उत्पादक किसानों पर दबाव बनेगा। यह नीतिगत विरोधाभास है।

### भारतीय किसान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कैसे टिकेगा

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कृषि संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता थी। उस दौर में कृषि उत्पादों पर औसत आयात शुल्क 30 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक तथा डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक रखा गया था, ताकि विदेशी डंपिंग से भारतीय किसानों की रक्षा की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यदि 50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक टैरिफ कमी को उपलब्धि बताया जा रहा है, तो सरकार स्पष्ट करे कि उत्पादन लागत, जोत आकार और सब्सिडी संरचना में भारी अंतर के बावजूद भारतीय किसान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कैसे टिकेगा।

### प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री से प्रश्न किया कि क्या वे लिखित रूप से यह गारंटी देंगे कि सोयाबीन तेल आयात से किसानों की कीमत प्रभावित नहीं होगी,पोल्ट्री फीड आयात से मक्का किसानों को नुकसान नहीं होगा, एमएसपी व्यवस्था सुरक्षित रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मांग की कि उत्पाद-वार टैरिफ कटौती की विस्तृत सूची, नॉन-टैरिफ प्रावधानों का विवरण तथा इस समझौते की आधिकारिक प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

### अन्नदाता की कीमत पर कोई भी समझौता स्वीकार्य नहीं

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि व्यापार विस्तार का विरोध नहीं है, परंतु अन्नदाता की कीमत पर कोई भी समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग करती है। जीतू पटवारी जी ने स्पष्ट किया कि जिस दिन ट्रेड डील फाइनल होगी उस दिन मध्यप्रदेश का किसान उसके विरोध में सड़क पर होगा और ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेस पूरा मध्य प्रदेश किसानों के हित की रक्षा के लिए एक साथ जाम करेगी।



## गौ सेवा एवं प्राकृतिक खेती को मिलेगा बल : शुक्ल

### राजेन्द्र दास जी की कथा की तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र दास जी की कथा से गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा। गौ अभयारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि महाराज जी एवं उनके साथ आने वाले संतों के रुकने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक व्यवस्था से लेकर पार्किंग तथा प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्थाओं सहित प्रचार-प्रसार समिति आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल में डॉक्टर्स की टीम की उपलब्धता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल में बनने वाले प्रसाद में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अन्न व सब्जी का ही उपयोग किया जायेगा। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की कथा होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बैठक में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में द्वितीय चरण में दुधारू गौवंश के संरक्षण के लिये बनाये जाने वाले शेड व अन्य निर्माण कार्यों की कार्य योजना का अवलोकन किया। गौवंश वन्य विहार से लगी 10 एकड़ भूमि में दुधारू गाय, बछड़ा व गर्भवती गायों के लिए शेड सहित भूसा शेड का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

## कृषि रथ के माध्यम से किसानों को दी जा रही ई-विकास प्रणाली की जानकारी



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा जिले के तीनों विकासखंडों में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उड़द, मूंगफली, तिल आदि फसलों को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने के लिये प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ किसानों को समसामयिक सलाह भी प्रदान की जा रही है। कृषि रथों द्वारा जिले की 162 ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया है।

इस दौरान 5270 किसानों, 247 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। कटनी जिले के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती की जानकारी देने के लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड रीठी के गांवों में कृषि रथ चलाकर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी गई।

## बाल विवाह मुक्ति जागरूकता रथ रवाना

*भोपाल (स्वतंत्र मत)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने रविवार को ग्वालियर निवास पर सेंट्रल फॉर इण्टीग्रेटेड डेवलपमेंट द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान समाज में जागरूकता बढ़ाने और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त भविष्य प्रदान करें। आइए, मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करें।*

## महिलाएँ आर्थिक रूप से सक्षम हों तभी परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगतिः पटेल

### बैरसिया में 721 लाख के 36 विकास कार्यों की दी सौगात

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में त कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को विकास की महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की। उन्होंने लगभग सात करोड़21 लाख रुपये की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 36 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इन कार्यों में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याण से जुड़े अनेक कार्य सम्मिलित हैं, जो क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देंगे। मंत्री श्री पटेल ने 'विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना



है। यह अभियान ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में स्वसहायता समूहों से जुड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं तथा मातृशक्ति के साथ मंत्री श्री पटेल ने सीधा संवाद किया। उन्होंने समूहों को उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न वित्तीय प्रावधानों, तकनीकी सहयोग तथा विपणन संबंधी अवसरों की जानकारी देते हुए बताया कि रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि का पारदर्शी एवं सही उपयोग कर महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्थानीय उत्पादों की पहचान, उनकी गुणवत्ता में वृद्धि तथा बाजार से जोड़ने की दिशा में शासन सतत प्रयासरत है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में नए रोजगार अवसर विकसित हो रहे हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि जब ग्रामीण महिलाएँ आर्थिक रूप से सक्षम होती हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों की प्रगति सुनिश्चित होती है। मंत्री श्री पटेल ने प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व पर जोर देते हुए कहा कि शासन का दायित्व केवल बजट आवंटित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि यह राशि धरातल पर सकारात्मक परिवर्तन लाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ?721 लाख की लागत से आरंभ किए गए ये विकास कार्य बैरसिया क्षेत्र के भविष्य को सुदृढ़ आधार प्रदान करेंगे।



## बजट से आम आदमी को होगा लाभः वन मंत्री

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा कार्यालय दमोह में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार राज्यसभा सांसद सुमित्रा जी ने पत्रकारों को केंद्रीय बजट के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया बजट विकसित भारत को ध्यान में रखते हुए बनाया गया बजट में जहां आम आदमी और सामान्य आय के लोगों को टैक्स से मुक्त रखा गया है। वहीं स्वास्थ्य शिक्षा कृषि एवं सुरक्षा के लिए बजट में बेहतर स्थान दिया गया है। कृषि के क्षेत्र में किसान की आय पहले से और बेहतर होगी। कृषि लाभ का धंधा बनेगा सुरक्षा के लिए कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। आम आदमी के स्वास्थ्य के लिए औषधालय खोले जा रहे हैं। अंग्रेजी दवाइयां से होने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए देशी जड़ी बूटियां एवं औषधि पर बल दिया गया। प्रत्येक जिले में औषधालय खोले जाने की योजना बनाई गई है।

## हटा में नवीन गौ आवास का भूमि पूजन

### गौशालाओं को आत्मनिर्भर व नस्ल सुधार केंद्र बनाने पर जोर

**हटा (स्वतंत्र मत)।** आवारा गौवंश की बढ़ती समस्या के स्थायी समाधान के लिए गौशालाओं को केवल आश्रय स्थल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर इकाइयों और नस्ल सुधार के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। जनसहयोग के बिना इस चुनौती से निजात संभव नहीं है,केवल सरकार के भरोसे बैठे रहने से समस्या समाप्त नहीं होगी। यह विचार पशुपालन एवं डेयरी उद्योग राज्यमंत्री लखन पटेल ने हटा स्थित श्रीराम गौशाला एवं पर्यावरण संवर्धन केंद्र में नवीन गौ आवास के भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि गौशालाएं अपने संसाधनों से संचालित हों ताकि संरक्षण के



साथ-साथ नस्ल सुधार और आजीविका सृजन में भी योगदान दे सकें। तभी गौशालाओं की स्थापना और संचालन वास्तव में उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि सांसद निधि से 10 लाख रुपये तथा गौ संवर्धन बोर्ड से 5 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से नवीन गौ आवास का निर्माण किया जाएगा। इससे गौवंश के संरक्षण उपचार और देखभाल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

विशिष्ट अतिथि दमोह सांसद राहुल सिंह ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अगले वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश की समस्या के समाधान में समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है,हर व्यक्ति गौपालन के लिए आगे आए तभी समस्या नियंत्रित होगी। साहित्यकार डॉ. श्यामसुंदर दुबे ने बताया कि गौशाला की भूमि सप्रे परिवार द्वारा स्व. रामाराव नायडू को राम मंदिर हेतु दान की गई थी। उन्होंने कहा कि गाय मां के रूप में पालन करती है, पालक के रूप में रोजगार देती है और बैतरणी भी गाय ही पार कराती है। महंत श्यामदास ने एक घर एक गाय के संकल्प के साथ गौ पालन को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने गौशाला के गेट और बाउंड्री निर्माण के लिए विधायक निधि से आवश्यक राशि देने की घोषणा की।

## श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया यज्ञाचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल का 78वां जन्मदिन

हटा (स्वतंत्र मत)।



उपकाशी हटा स्थित दूल्हा भेषधारी देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में चल रहे अतिरुद्र महायज्ञ के पावन वातावरण में यज्ञाचार्य पंडित डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल का 78वां जन्मदिन बड़े ही श्रद्धा भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, गाजे-बाजे और श्रद्धालुओं की भावपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान पुष्पेंद्र सिंह हजारी द्वारा यज्ञाचार्य को पगड़ी बांधकर, पुष्पमालाएं अर्पित कर तथा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने आशीर्वचन में यज्ञाचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल ने कहा कि शास्त्रों में वर्णित 84 लाख योनियों की रचना ईश्वर की अद्भुत लीला है और प्रत्येक प्राणी को सद्भाव की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि बाबा के दरबार में विद्वानों की उपस्थिति में उन्हें आयु वृद्धि के मंत्र प्रदान किए गए हैं जिसके लिए वे सदैव कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने कर्म देने वाली माता और जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ बताया।

## जयकारों के साथ हुआ मासिक महाआरती का आयोजन



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में मासिक महाआरती संपन्न की गई। समापन के उपरांत दमोह एडीएम मैडम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित जन्म समुदाय से कहा कि नशे से दूरी है जरूरी। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव आरती सिंह ने कहा साधना सर्वोपरि है लेकिन परोपकार के बिना साधना अधूरी है हमें समाज में फैली हुई विकृतियों को दूर करना है समाज को नशा मुक्त मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवान जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है आज भगवती मानव कल्याण संगठन से जुकर लाखों परिवार नशा मुक्त होकर खुशहाली का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल जी ने कहा कि गुरुवर ने विश्व के सभी मानव के प्रमुख तीन कर्तव्य बताए हैं अपने धर्म की रक्षा करना दूसरों के धर्म का सम्मान करना अपने समाज की अपने सामर्थ्य के हिसाब से सेवा करना एवं अपने राष्ट्र की रक्षा करना आज समाज में विभिन्न प्रकार की विकृतियां फैली है उन विकृतियों को दूर करने के लिए गुरुवर ने हमें तीन विचारधारा प्रदान की हैं। उन पर चलकर हम समाज की उन विकृतियों को दूर कर सकते हैं क्योंकि जब तक हमारा राष्ट्र सुरक्षित नहीं है ना हम सुरक्षित हैं ना हमारा धर्म सुरक्षित है। समाज में फैली जातिवाद छुआछूत भ्रष्टाचार जैसी बीमारियों को दूर करने के लिए गुरुवर ने हमारा मार्गदर्शन किया है। इसी कड़ी में संभागीय सचिव बहन साधना सेन ने कहा कि गुरुवर समाज के लिए नशे मांस से मुक्त चरित्रवानों का जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं जिससे समाज में फैली कुरीतियां से समाज को बाहर निकाला जा सके। जिला अध्यक्ष मुकेश तोमर ने कहा कि आज भगवती मानव कल्याण संगठन का गठन शक्तिपुत्र महाराज ने समाज कल्याण के लिए जन-जन के कल्याण के लिए किया है जिससे समाज को नशे मांस से मुक्त करके धर्म आध्यात्मिक की ओर बढ़ाया जा सके जिससे समाज ब्रह्म मुहूर्त में उठ करके मां की साधना करें मां की आराधना करें जिससे पूरे दिन की दिनचर्या अच्छी कार्यों में परिणत होती है। भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ अजमेर सिंह ने कहा कि शक्तिपुत्र भगवान ने जो नशा विरोधी जन आंदोलन चला रखा है इसको और गति देने की आवश्यकता है कि जो शराब माफिया है जो आज समाज के लिए जो नशा परोसा जा रहा है।

## आध्यात्म के साथ सेवा ही सनातन दर्शन : सारंग

### रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर की जिला प्रशासन की बैठक

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को सीहोर स्थित कुबेरेश्वरधाम में विट्ठलेश सेवा समिति, सीहोर के तत्वावधान में निर्मित पंडित रामेश्वर मिश्रा प्राथमिक चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग एवं पंडित श्री मिश्रा ने संयुक्त रूप से अस्पताल का लोकार्पण कर श्रद्धालुओं एवं आमजन को समर्पित किया। मंत्री श्री सारंग ने इस अवसर पर कहा कि आध्यात्म के साथ सेवा ही सनातन दर्शन है। जब भक्ति के साथ मानव सेवा जुड़ जाती है, तो वह समाज के लिए एक सशक्त आधार बनती है। उन्होंने कहा कि पूज्य कथावाचक श्री प्रदीप मिश्रा ने देश-विदेश में सनातन संस्कृति का ध्वज फहराया है और अपनी कथाओं के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि कुबेरेश्वरधाम में निर्मित यह अस्पताल श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। यहां आने वाले हजारों भक्तों को अब बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



### 20 बिस्तरीय आधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल

नव निर्मित पंडित रामेश्वर मिश्रा प्राथमिक चिकित्सालय 20 बिस्तरों की क्षमता वाला एक आधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल है, जहां श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। इस अस्पताल में ओपीडी एवं आईपीडी की सुविधा, आईसीयू की व्यवस्था, ऑपरेशन थियेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, ईसीजी, वेंटिलेटर तथा आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इससे मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त हो सकेगा।

### रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर की बैठक

मंत्री श्री सारंग ने सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति में कुबेरेश्वरधाम में 14 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि श्रद्धालुओं के लिए शेड बनाए गए हैं, प्रवेश-निकास मार्ग सुव्यवस्थित किए गए हैं तथा अलग-अलग सेक्टर में दर्शन की व्यवस्था की गई है। स्थल पर 500 से अधिक शौचालयों के साथ चलित शौचालयों की भी व्यवस्था की जाएगी। पेयजल के लिए टैंकर लगाए जाएंगे। बताया गया कि आपात स्थिति के लिए विशेष कॉरिडोर बनाया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिये 20 से अधिक एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के लिए 1500 से अधिक पुलिस बल तैनात रहेगा।

मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करे, ताकि महोत्सव सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो। बैठक में जिला कलेक्टर, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 3 घंटे में भोपाल तो साढ़े तीन घंटे में पूरा हो जाएगा जबलपुर से रायपुर का सफर

## शहर पहुंचे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा

## आगामी प्रोजेक्ट्स और केंद्रीय बजट पर की चर्चा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बजट 2026-27 इतिहास में उस बजट के रूप में याद किया जाएगा, जिसने विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार दिया। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर रही है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा ने केंद्रीय बजट 2026 विषय पर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, रंजीत पटेल, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू, सह प्रभारी रवि शर्मा उपस्थित रहे।

### जबलपुर होगा पूर्ण विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर

मंत्री श्री टम्टा ने कहा कि एनएचएआई द्वारा 9278 किमी की, 47 सड़क परियोजनाओ का कार्य हो रहा है। मप्र के साथ ही जबलपुर में भी तेजी के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। जिले के चारो ओर 114 किमी लम्बी जबलपुर रिंग रोड (4-लेन) का निर्माण कार्य किया रहा है, जिसकी कुल लगत 3500 करोड़ रुपये है। उक्त परियोजना का निर्माण कार्य 5 पैकेजो में किया जा रहा है, जिसमे पैकेज-1 बरेला से मानेगांव तक का कार्य मार्च-2026 तक, पैकेज-2 मानेगांव से भोपाल राजमार्ग तक का कार्य जून-2026 तक, पैकेज-3 एवं 4 भोपाल राजमार्ग से अमझर तक जून 2026 तक एवं पैकेज-5 अमझर से बरेला तक अक्टूबर-2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार पूरी जबलपुर रिंग रोड कर कार्य अक्टूबर-2027 तक पूर्ण हो जायेगा। उन्होंने बताया जबलपुर जिले को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने का लिए विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत डीपीआर का कार्य किया जा रहा है, जिनमे दमोह-जबलपुर खण्ड मार्ग का 2 लेन + प्वेड शोल्डर / 4-लेन की तर्ज पर निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिस हेतु डीपीआर का कार्य प्रगतिरत है एवं परियोजना स्वीकृति हेतु लंबित है।

### जल्द बनेगा स्पीड कॉरिडोर

इसी के साथ लखनादौन से रायपुर खण्ड का हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण हाई स्पीड कॉरिडोर के रूप में निर्माण किया जाना है, जिस हेतु मार्ग का संरेखण तैयार किया गया है जो कि मंत्रालय स्तर पर विचाराधीन है। उक्त परियोजना से जबलपुर, सिवनी जिले होते हुए रायपुर का सफ़र मात्र 3.5 घंटे में पूर्ण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया जबलपुर से भोपाल ग्रीन फील्ड एलाइनमेंट उक्त मार्ग को ग्रीन फील्ड एलाइनमेंट की तर्ज पर निर्माण किये जाने हेतु, डीपीआर की कार्यवाही प्रगतिरत है। उक्त परियोजना से जबलपुर से भोपाल का सफ़र मात्र 3 घंटे में पूर्ण किया जा सकेगा। साथ ही जबलपुर-मंडला-चिल्पी उक्त मार्ग के निर्माण हेतु डीपीआर की कार्यवाही की जानी है, जिस हेतु डीपीआर सलाहकार की नियुक्ति किये जाने का कार्य प्रगतिरत है। उक्त परियोजना से जबलपुर से कान्हा एवं मंडला/चिल्पी पहुच मार्ग आसन और सुरक्षित हो जायेगा।



# एकजुटता के साथ सरकार तक पहुंचाएंगे अपनी समस्याएं

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशजों की बैठक सम्पन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रविवार को जबलपुर शहर जिला ग्रामीण एवं शहरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशजों उत्तराधिकारियों परिजनों की गांधी भवन टाउन हॉल प्रांगण में वंशज उत्तराधिकारी वरिष्ठ सदस्य एड प्रकाश गोलछा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### *सदस्यता अभियान की शुरुआत*

बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के प्रदेश के अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के निर्देशन पर जबलपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कर्मठ एवं जुझारू उत्तराधिकारियों वशंजों को संगठन एवं प्रकोष्ठ में सदस्यता अभियान के तहत जोड़ा जावेगा और जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं शहरी नगर अध्यक्ष दोनों अध्यक्षों की कार्यकारिणी में सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी वशंजों को महत्वपूर्ण पदों का मनोनयन भोपाल प्रदेश मुख्यालय से शीघ्र ही सूची जारी की जायेगी। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णयों को संगठन के विस्तार के बाद जबलपु संगठन एक जुटता के साथ इन मुद्दो को लेकर समस्याओं को लेकर सरकार को स्मरण करायेगी। इस अवसर पर उत्तराधिकारी वंशज मनोज नामदेव, राजेन्द्र रज्जू सराफ, ओम प्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, गुरू प्रसाद नीखरा, प्रीति चौधरी, मदन मोहन राय, निर्मल चंद जैन, अनिल उसरेठे आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर मृत मिला चीतल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पाटन से सूर तलाई जाने वाले मार्ग पर बाईपास से कुछ आगे सुख ग्राम के नजदीक रविवार को दोपहर के समय एक व्यस्त नर चीतल सड़क किनारे मृत अवस्था में पाया गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब चीतल को देखा तो लोग रुकने लगे। कुछ देर में वहां पर आसपास के ग्रामीणों की भी भीड़ लग गई और राहगीर भी रुककर देखने लगे। सूचना पर स्थानीय थाने से पुलिसकर्मी जरूर मौके पर पहुंचे लेकिन काफी देर तक वन विभाग की ओर से कोई भी नहीं पहुंचा था। यह घटना दद्दा परिसर मोड पर पावर ग्रिड के पास की बताई जा रही है। चीतल की मौत कैसे हुई इस बारे में अभी स्पस्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

# 500 करोड़ की लागत से सुधरेंगी बरगी बांध की क्षतिग्रस्त नहरें

## नहर टूटने से खेतों को हुआ था भारी नुकसान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बरगी डैम की दाईं तट नहर विगत एक फरवरी को क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके चलते नहर का पानी पास से बह रहे नर्रई नाले में चला गया और खेतों में भर गया। इस दौरान बाढ़ जैसे हालात बन गए और फसलें जलमग्न हो गईं। जानकारी मिलते ही प्रशासन और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) के अधिकारी मौके पर पहुंचे। तत्काल डैम से आने वाला पानी बंद कराया गया और जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि नहर का करीब 27 मीटर हिस्सा कट गया है। इस हिस्से से बीते कई महीनों से पानी रिस रहा था। विभाग का दावा है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की जल्द मरम्मत कर ली जाएगी। साथ ही किसानों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। बतां दें कि रबी सीजन में जब खेतों में गेहूं और अरहर की फसल खड़ी है, ऐसे समय नहर के क्षतिग्रस्त होने से किसानों की चिंता बढ़ गई। आशंका थी कि यदि समय पर पानी नहीं पहुंचा तो सैकड़ों एकड़ में लगी फसल सूख सकती है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण का कहना है कि हर हाल में 15 से 20 फरवरी तक नहर को फिर से चालू कर दिया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत माइनर नहरों से भी पानी दिया जा रहा है। मरम्मत कार्य में तेजी लाने के लिए 100 से अधिक मजदूर, जेसीबी मशीन और एक्सकेवेटर लगाए गए हैं।

***भोपाल की टीम ने किया निरीक्षण***- इधर बरगी विधानसभा के ग्राम सगड़ा-झपनी में दाईं तट नहर क्षतिग्रस्त होने की जानकारी भोपाल तक पहुंची। इसके बाद भोपाल से एक टीम जबलपुर आई और मौके पर निरीक्षण किया। इस मामले में एनवीडीए की ईई श्रद्धा बनसोडकर ने बताया कि मरम्मत का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। बरगी, पनागर, बरेला और सिहोरा क्षेत्र में किसानों तक पानी पहुंचाने के लिए रिपेयरिंग शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि बरगी नहर की दाईं और बाईं तट नहर के सिस्टम करेक्शन के लिए जल्द टेंडर निकाले जाएंगे। करीब 500 करोड़ रुपए की लागत से दोनों नहरों का सुधार किया जाएगा। इसका डीपीआर तैयार कर भोपाल भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू होगा। दाईं तट नहर का रखरखाव नरसिंहपुर-करेली तक और बाईं तट नहर का रीवा तक किया जाएगा।

## शराब के लिए रूपए न देने पर रेलवे के इंजीनियर को घोंपा चाकू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थाने में मारपीट में घायल के उपचार हेतु सुविधाा अस्पताल छोटी लाईन में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को कुनाल कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी मदर डेयरी के पास शक्तिनगर ने बताया वह रेलवे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। विगत शाम कार्यालय से घर जा रहा था। रास्ते में सुविधा मार्केट के सामने सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने के बाद जैसे अपनी स्कूटी के पास आकर स्कूटी में सब्जी रखकर स्कूटी उठाने लगा उसी समय 2 लड़के मोटरसाइकिल में आकर गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगे। उसने रूपये देने से मना किया तो एक लड़के ने चाकू से हमलाकर जांघ एवं वायें हाथ के अंगूठे के बाजू वाली उंगली में पीछे तरफ चोट पहुंचा दी। वह अपने स्कूटी छोड़कर वहां से भागा तो दोनों जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# *एमपी ट्रांसको ने लगाया 200 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर*



## हरदा में 220 केवी सबस्टेशन में किया गया स्थापित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ करते हुए हरदा जिले के अपने 220 केवी सबस्टेशन हंडिया में नया 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से प्रदेश के साथ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति और अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय एवं निर्बाध होगी। उन्होंने एमपी ट्रांसको के अधिकारियों, अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### *पुराने फाउंडेशन पर किया स्थापित*

एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शांडिल्य ने जानकारी दी कि यह ट्रांसफार्मर पुराने 160 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर के स्थान पर पुरानी फाउंडेशन पर ही अधिक क्षमता के नये 220/132/33 केवी, 200 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है।

# बैंक अधिकारी के साथ मिलकर ठेकेदार ने भुना ली 82 लाख रुपये की एफडी

***कार्य न होने पर नर्मदा विकास विभाग ने किया था ब्लैकलिस्टेड***

## पनागर थाना क्षेत्र का मामला एफआईआर दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



नर्मदा विकास विभाग के तहत कुण्ड वितरण नहर एवं इसके वितरण नहर प्रणाली का निर्माण कार्य की निविदा लेने वाले ठेकेदार और बैंक अधिकारी ने मिलकर विभाग को 82 लाख रूपए की चपत लगा दी है। दोनों ने सांठगांठ करके बैंक में रखी एफडीआर चोरी-छिपे भुना ली। अब इस मामले की जानकारी मिलते एफआईआर की गई है। इस मामले में पनागर पुलिस ने बताया कि नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 02 के कार्यपालन यंत्री वीनेन्द्र कुमार भालाधरे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमे लेख है कि नर्मदा विकास अंतर्गत कुण्ड वितरण नहर एवं इसके वितरण नहर प्रणाली का निर्माण कार्य निविदा स्वीकृति 21 अक्टूबर 2004 के माध्यम से ठेकेदार मेसर्स कर्नाटका लेण्ड आर्मी बैंगलोर को दिया गया था, परंतु ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विभाग द्वारा विभाग एवं ठेकेदार के मध्य हुये अनुबंध को निरस्त किया गया। अनुबंध निरस्त किये जाने के विरोध में ठेकेदार द्वारा माध्यथम अभिकरण में अपील की गई। माध्यस्थम अभिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय दिनांक 7 सितंबर 2022 के आदेशानुसार ठेकेदार की जमा दो नग बैंक गारंटी 43 लाख 75 हजार रूपए एवं 43 लाख 75 हजार के रूप में यूनियन बैंक सिविक सेंटर, मढ़ाताल से बैंक ड्राफ्ट बनाकर राजसात की गई। तत्पश्चात् ठेकेदार की जमा मूल एफडीआर दो नग के नगदीकरण हेतु शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक मढ़ाताल को पत्र लिखा गया। यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि तकनीकी खराबी एवं पुरानी एफडीआर होने के कारण एकाउन्ट नंबर नहीं मिल रहा है जिसके कारण एफडीआर का नगदीकरण नहीं हो पा रहा है। एफडीआर का नगदीकरण किये जाने हेतु पुनः शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक मढ़ाताल सिविक सेंटर को पत्र लिखा गया। शाखा प्रबंधक द्वारा अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि उक्त एफडीआर का नगदीकरण वर्ष 2015 में हो चुका हैं। ठेकेदार के खाते में एफडीआर की राशियां अंतरित कर दी गई है।

### शासन को पहुंचाई हानि

शाखा यूनियन बैंक द्वारा इस तरह अवैधानिक रूप से नियम विरूद्ध कृत्य किये जाने पर इस कार्यालय द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया कि मूल एफडीआर इस कार्यालय में जमा है फिर किस आधार पर एफडीआर की राशि ठेकेदार के खाते में अंतरित कर दी गई। पुलिस ने समस्त अभिलेखों सहित मंगाये गये एवं जांच उपरांत पाया गया कि शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक मढ़ाताल सिविक सेंटर द्वारा कूटरचित ढंग से ठेकेदार को एफडीआर राशि का भुगतान करते हुये शासन को बहुत बड़ी हानि पहुंचाई गई है। जांच पर प्रथम दृष्ट्या प्रोजेक्ट मैनेंजर के व्ही मलैश मेसर्स कर्नाटक लेण्ड आर्मी बैंगलोर (वर्तमान कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलेपमेंट लिमिटेड बैंगलोर) द्वारा तत्कालीन बैंक अधिकारी कार्पोरेशन बैंक शाखा जबलपुर (वर्तमान यूनियन बैंक शाखा मढाताल सिविक सेन्टर जबलपुर मय बिलय) के साथ मिलकर नर्मदा विकास विभाग के बिना जानकारी के ठेकेदार के व्ही मलैश द्वारा दो नग एफडीआर जिसकी राशि 44 लाख 83 हजार 866 रूपए और 37 लाख 57 हजार 48 रूपये की राशि नियम विरूद्ध नगदीकरण कर शासन एवं विभाग को कुल 82 लाख 40 हजार 914 रूपये की क्षति पहुंचाते हुये धोखाधड़ी कर अमानत में खयानत करना पाया गया है।

# रीवा-रानी कमलापति के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने होली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 02192/02191 रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य 01-01 ट्रिप सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 02192 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 28 फरवरी को रीवा स्टेशन से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर, सतना 13.20 बजे, मैहर 13.50 बजे, कटनी मुड़वारा 14.50 बजे, दमोह 16.10 बजे, सागर 17.15 बजे, बीना 18.45 बजे, विदिशा 19.50 बजे और रात 21.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02191 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 28 फरवरी को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22.15 बजे प्रस्थान कर, विदिशा 23.08 बजे, पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 12.20 बजे, सागर 01.30 बजे, दमोह 02.40 बजे, कटनी मुड़वारा 04.10 बजे, मैहर 05.35 बजे, सतना 06.15 बजे और शनिवार सुबह 07.30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**